आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 228, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका 13

कुबेर में रश्मिका का ऑफिशियल लुक आया सामने 14

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
SALE START 20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# हाथरस पहुंचे योगी, जांच आयोग गठित

- मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती घायलों का लिया हाल, एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट
- हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोग का गठन
- मौतों की संख्या 121 हुई, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बनेगी एसओपी

**भगदड़ मामला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हाथरस

**अमृत विचार** : राज्य सरकार ने हाथरस भगदड़ हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है। जिसमें रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड आईपीएस भावेश कुमार सदस्य बनाए गए हैं। आयोग दो माह में जांच पूरी करेगा। एक एसओपी भी तैयार की जाएगी, जिसे आगे इस प्रकार के आयोजनों में लागू किया जाएगा।

इस बीच पूरे घटनाक्रम के लिए एडीजी आगरा की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। हालांकि मुख्यमंत्री ने एसआईटी को इस घटना के तह में जाने के लिए कहा है। भोले बाबा के खिलाफ एफआईआर नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रथम दृष्टया एफआईआर उन पर होती है जिन्होंने कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। इसके बाद इसका दायरा बढ़ता है। निश्चित रूप से जो लोग भी इस घटना के जिम्मेदार होंगे वो सभी इसके दायरे में आएंगे। मंगलवार को हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील के एक गांव में भोले बाबा नामक एक प्रवचनकर्ता के सत्संग कार्यक्रम में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी जहां भगदड़ में 121 लोंगों की मौत हो गई थी।



हाथरस के जिला अस्पताल में भगदड़ की घटना में घायल महिला का हाल जानते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

## कोई दोषी बचेगा नहीं, जिम्मेदारों को दिलाएंगे सजा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि हाथरस हादसे में जो भी लोग जिम्मेदार हैं उन्हें उनकी सजा दिलाई जाएगी। कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। हाथरस में घटनास्थल का मुआयना और समीक्षा करने के साथ-साथ अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद योगी ने प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे पहलू हैं, जिन पर जांच होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पूरे आयोजन में अंदर की व्यवस्था आयोजन से जुड़े सेवादारों की थी, जबकि प्रशासन द्वारा बाहर पुलिस की व्यवस्था की गई थी, लेकिन हादसा होने के तुरंत बाद सेवादार वहां से भाग निकले। यहां तक कि उन्होंने हादसे के बाद लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की। योगी ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों ने बातचीत में बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कार्यक्रम के बाद कथावाचक का काफिला जीटी रोड पर आया तो उन्हें छूने के लिए महिलाओं का एक दल उधर बढ़ गया। उनके पीछे-पीछे भीड़ गई और इसी के बाद वो एक-दूसरे के ऊपर चढ़ते गए। सेवादार भी लोगों को धक्का देते गए, जिसके चलते जीटी रोड के दोनों ओर ये हादसा घटित हुआ। इसका सबसे दुखद पहलू ये था कि इस तरह के कार्यक्रम के दौरान जो सेवादार प्रशासन को अंदर घुसने नहीं देते, दुर्घटना होने के तत्काल बाद उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रशासन घायलों को अस्पताल ले जाने में जुटा तो उनमें से ज्यादातर सेवादार वहां से भाग गए।

## मुख्य सेवादार व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज


**हाथरस।** हाथरस जिले के सिकंदराराऊ इलाके में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में पुलिस ने 'मुख्य सेवादार' और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पोरा पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश पांडे की तहरीर पर मंगलवार देर रात सिकंदराराऊ थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य सेवादारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## उप्र. के 17 जिलों समेत 3 राज्यों के लोगों की गई जान

**लखनऊ।** हाथरस हादसे में मारे गए लोगों में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालु भी शामिल हैं। प्रदेश के 17 जिलों के श्रद्धालुओं की भी मृत्यु हुई है। इन सभी मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार सहायता राशि प्रदान करेगी। वहीं, स्थानीय प्रशासन से जारी मृतकों की सूची में 6 अन्य राज्यों से हैं। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक, हरियाणा के पलवल से एक और फरीदाबाद से 3, जबकि राजस्थान के डीग से 1 श्रद्धालु है। उत्तर प्रदेश के मृतकों में सर्वाधिक 22 हाथरस से हैं, जबकि आगरा से 17, अलीगढ़ से 15,एटा से 10, कासगंज और मथुरा से 8-8,बदायूं से 6, शाहजहांपुर और बुलंदशहर से 5-5, औरैया और संभल से 2-2, जबकि ललितपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और उन्नाव से एक-एक श्रद्धालु की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश से बाहर के 6 और अन्य राज्य के 106 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कुल 121 में से अब तक 112 की शिनाख्त हुई है। इनमें से 113 महिलाएं, 6 बच्चे व 2 पुरुष शामिल हैं। घायलों में 31 का इलाज हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में चल रहा है।

## एक नजर

### आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, अपोलो में भर्ती



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नेता लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार रात यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ दिन पहले पूर्व उपप्रधानमंत्री (96) को एम्स ले जाया गया था। उन्हें न्यूरोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विनीत सूरी की निगरानी में रखा गया है और हालत स्थिर है।

### मोदी को लोस से बर्खास्त करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा से बर्खास्त करने संबंधी याचिका बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि आरोप मनगढ़ंत हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि वह एकल न्यायाधीश के फैसले से सहमत है। एकल न्यायाधीश ने पहले ही याचिका खारिज कर दी थी।

### 80 हजारी हुआ सेंसेक्स निफ्टी भी नई ऊंचाई पर

**मुंबई।** सेंसेक्स बुधवार को कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 162.65 अंक चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

# मंत्रियों ने दिया इस्तीफा खतरे में प्रचंड सरकार

काठमांडू, एजेंसी

- अब नया गठबंधन डेढ़-डेढ़ साल चलाएगा सरकार

नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार खतरे में आ गई है। गठबंधन के मंत्रियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। इस बीच प्रचंड ने कहा है कि वह संसद में विश्वास मत का सामना करेंगे।

इससे पहले नेपाली कांग्रेस के प्रमुख शेर बहादुर देउबा ने बुधवार को प्रचंड से इस्तीफा देने को कहा। सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने नेपाली कांग्रेस के साथ समझौते के बाद सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। देउबा ने काठमांडू के बाहरी इलाके में बूढ़ानीलकंठ स्थित अपने आवास पर हुई बैठक के बाद कहा कि नेपाली कांग्रेस और यूएमएल मिलकर नई सरकार बनाएंगे। दोनों पूर्व प्रधानमंत्री देउबा (78) और सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली (72) ने सत्ता-साझेदारी समझौते पर सोमवार रात हस्ताक्षर किए। वे संसद के शेष कार्यकाल के लिए बारी-बारी से डेढ़-डेढ़ साल प्रधानमंत्री पद साझा करने पर सहमत हुए।

# जल्द घोषित होंगे सीयूईटी-यूजी परीक्षा के परिणाम

- यूजीसी प्रमुख ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बुधवार को कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित करने की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा सीयूईटी-यूजी के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाने थे। हालांकि, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# दोस्ती से इन्कार पर युवती पर फेंका तेजाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ (ठाकुरगंज)

- बाइक से पहुंचे आरोपी, पीछे बैठे युवक ने दिया घटना को अंजाम, युवती और उसका भाई झुलसा
- केजीएमयू में चल रहा दोनों का इलाज, लोहिया पार्क के पास सुबह की घटना

**अमृत विचार** : चौक क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब आठ बजे बाइक सवार युवकों ने एक युवती व उसके मौसेरे भाई पर तेजाब फेंक दिया। जिससे दोनों झुलस गए। पुलिस ने भाई-बहन को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। पीड़िता के पिता ने अमन नामक युवक पर बेटी से दोस्ती करने का दबाव बनाने व फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 124(1),78(1) में एफआईआर दर्ज की है।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया है जिसमें बताया है कि वे व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं, चौक क्षेत्र में व्यवसाय करते हैं। उनकी बेटी (22) स्नातक है। पठन-पाठन को लेकर उसका घर से बाहर जाना होता है। कुछ दिनों से चौपटिया निवासी अमन नामक युवक उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। वह उस पर दोस्ती करने का दबाव बनाने के लिए फोन पर धमकी भी देता था। बुधवार को बेटी मड़ियांव क्षेत्र निवासी व केजीएमयू में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र मौसेरे भाई की काउंसिलिंग के लिए घर से निकली थी। करीब आठ बजे चौक क्षेत्र में लोहिया पार्क के पास दोनों खड़े होकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने बेटी के चेहरे को निशाना बनाते हुए तेजाब फेंक दिया। उसे बचाने के प्रयास में भाई की पीठ पर भी तेजाब गिरा, जिससे दोनों झुलस गए।

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों को ईमानदार कार्रवाई की खुली छूट : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

**राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री, मणिपुर को भड़काने वाले हरकतें छोड़ें**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और आर्थिक-सामाजिक विकास को सरकार का मिशन बताते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश के मतदाता कांग्रेस की भ्रमित करने और झूठी कहानी गढ़ने वाली नकारात्मक राजनीति को पहचान चुके हैं। मतदाताओं ने भारत को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए राजग को तीसरी बार जनादेश दिया है। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में 21 घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए संविधान पर संकट, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर विपक्ष की अवसरवादी चुप्पी, मणिपुर हिंसा और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार का खुलकर पक्ष रखा।

भ्रष्टाचार से मुक्ति को सरकार का मिशन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने जांच एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है। सरकार कहीं टांग नहीं अड़ाएगी। एजेंसियां ईमानदारी से काम करें और यह मेरी गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून से बचकर नहीं निकल पाएगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में दोहरा मापदंड अपनाती है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर उन्होंने कहा कि शराब घोटाला करे आप, पानी घोटाला करे आप, शिकायत करे कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली खाए मोदी।

प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा को कांग्रेस द्वारा बड़ा मुद्दा बनाए जाने का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि यदि यह वास्तव में चुनाव का मुद्दा था तो जनता ने संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी हमें दी है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा उसके आधार पर आचरण करने से होती है, न कि संविधान की पुस्तक लहराने से।



## मणिपुर की आग में घी डालने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन वहां आग में घी डालने का काम करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि मणिपुर के संबंध में पिछले सत्र में विस्तार से बात की गई थी और वहां स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। 11 हजार से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई है और पांच सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। वहां हिंसा की घटनाएं कम हो रही हैं।

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक को एक बड़ी समस्या बताते हुए राज्यसभा में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने कहा कि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सभी दलों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर एक साथ आकर बात करनी चाहिए थी, लेकिन युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को भी राजनीति की भेंट चढ़ा दिया गया। नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

- पेपर लीक को लेकर भी विपक्ष को घेरा, युवाओं को किया आश्वस्त
- प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्ष का राज्यसभा से वॉकआउट

**राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित** : राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

## प्रधानमंत्री ने गलतबयानी की, इसलिए किया सदन से वॉकआउट : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गलतबयानी की, जिसके विरोध में विपक्ष को सदन से वॉकआउट करना पड़ा। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना और लोगों को भ्रमित करना प्रधानमंत्री मोदी की आदत बन गई है। खरगे के साथ कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के नेता भी थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हम सबने इसलिए वॉकआउट किया, क्योंकि प्रधानमंत्री ने कुछ गलत बातें सदन में रखीं। झूठ बोलना, लोगों को भ्रमित करना उनकी आदत है।

# हेमंत सोरेन फिर होंगे झारखंड के मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी



- चंपाई सोरेन ने दिया इस्तीफा, विधायक दल ने हेमंत को चुना नेता

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपाई सोरेन के आवास पर एक बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। इसी के साथ हेमंत का एक बार फिर मुख्यमंत्री बनना तय हो गया।

चंपई सोरेन ने राजभवन से बाहर आने के बाद कहा कि मैंने झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन के फैसले के अनुसार इस्तीफा दे दिया है। हमारा गठबंधन मजबूत है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ था। गठबंधन के सहयोगियों ने मुझे जिम्मेदारी दी थी। अब गठबंधन ने हेमंत सोरेन के पक्ष में फैसला किया है। इस बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि झारखंड में चंपाई सोरेन युग समाप्त हो रहा है। परिवार पर केंद्रित पार्टी में बाहर के लोगों का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि चंपाई सोरेन भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेंगे।

# सीएमओ हत्याकांड में आनंद प्रकाश को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

**सीबीआई कोर्ट का फैसला**




**अमृत विचार** : पूर्व सीएमओ, परिवार कल्याण डॉक्टर बीपी सिंह व पूर्व सीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार आर्य हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट के विशेष जज ने आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्रकैद देने के साथ 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

डा. विनोद आर्य की हत्या 27 अक्टूबर 2010 को कर दी गई थी। उनकी पत्नी डॉ. शशि कुमारी ने विकास नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया है कि घटना वाले दिन सुबह उनके पति कुत्ते के साथ टहलने गए थे तभी हमलावरों ने उनके पति को गोली मार दी थी।

डा. विनोद की हत्या के 6 माह के अंदर सीएमओ बीपी सिंह की हत्या गोमती नगर थाना क्षेत्र में कर दी गई थी। डा. बीपी सिंह की हत्या की रिपोर्ट उनके चचेरे भाई इंद्र प्रताप सिंह ने 2 अप्रैल 2011 को गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके चचेरे भाई बीपी सिंह लखनऊ में सीएमओ परिवार कल्याण के पद पर कार्यरत थे। घटना वाले दिन सुबह छह बजे जब वह टहलने गए थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने घर से बमुश्किल 500 मीटर की दूरी पर गोली मारकर हत्या कर दी।उस समय उनके साथ डा. पीके सिंह भी टहल रहे थे तथा घटना को उनके अलावा कई लोगों ने देखा था। दोनों मामलों की विवेचना स्थानीय पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई थी। परन्तु यह दोनों हत्याएं सीएमओ स्तर के अधिकारियों एवं परिवार कल्याण विभाग से जुड़ी होने के कारण विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई थी ।इसी मामले में आरोपी बनाए गए डिप्टी सीएमओ योगेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। जिनकी हत्या न्यायिक अभिरक्षा में रहते हुए जिला जेल लखनऊ में कर दी गई थी।अदालत के समक्ष सीबीआई के एसपीओ दीप नारायण ने कहा कि दोनों की हत्या के आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए। सीबीआई कोर्ट के विशेष जज अनुरोध मिश्रा ने आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद सुनाई और 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## वाईएस सचान ने दी थी हत्या की सुपारी

सीबीआई का दावा है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत आवंटित बजट के व्यय से जुड़े मुद्दों की वजह से इस हत्या को अंजाम दिया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि तत्कालीन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी वाईएस सचान ने आर्य एवं सिंह का सफाया करने के लिए आनंद प्रकाश तिवारी समेत भाड़े के हत्यारों को सुपारी दी गई थी। दोनों ही मामलों में पुलिस को वाईएस सचान की संलिप्तता के संकेत मिले थे, लेकिन जांच के दौरान उनकी मौत हो जाने के कारण उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं किया गया। सचान 22 जून, 2011 को लखनऊ कारागार के शौचालय में मृत पाए गए थे ।

# गैस चूल्हे से छप्पर में लगी आग, महिला की गई जान

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)

- पोते के नामकरण संस्कार की खुशियां मातम में बदलीं

**अमृत विचार** : खुटार के गांव इटौआ में मेहमानों के लिए चाय बनाने को गैस जलाते समय चूल्हे से उठी लपट से रसोई के छप्पर में आग लग गई जिससे रसोई में मौजूद महिला की जलकर मौत हो गई।



गांव इटौआ निवासी राम सिंह कुशवाहा के बड़े बेटे शोभित कुशवाहा के पुत्र का मंगलवार को नामकरण संस्कार था। जिसमें आए कुछ रिश्तेदार रात को रुक गए। बुधवार सुबह करीब चार बजे रामसिंह की पत्नी लीलावती (48) मेहमानों के लिए चाय बनाने छप्परदार रसोई में गईं। सिलिंडर का रेगुलेटर खोलने के बाद चूल्हा जलाने के लिए माचिस जलाई। अचानक ऊंची लपट उठी और छप्पर में आग लग गई। लीलावती लपटों के बीच फंस गईं और जलता छप्पर उनके ऊपर गिर गया। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाई, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। झुलसकर लीलावती की मौत हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना किया।

## एक नजर

### डीबी फीडर नहर में दिखा मगरमच्छ, खलबली

**अमरिया।** डीबी फीडर नहर में बुधवार को एक मगरमच्छ दिखाई दिया। इसका वीडियो बनाकर कुछ राहगीरों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद डीबी फीडर नहर के पास मगरमच्छ देखने के लिए लोग पहुंचते रहे। बता दें कि दियूनी डैम से अमरिया की ओर डीबी फीडर नहर बह रही है। दिन भर लोग नहर की तरफ पहुंचते रहे।

### व्यापारी के निधन पर शोक

**पीलीभीत।** शहर के नामचीन व्यापारी कमालुद्दीन शम्सी का निधन हो गया। वह मोहल्ला पकड़िया के रहने वाले थे। साथ ही लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार को मोहल्ला पंजाबियान स्थित क़ब्रिस्तान में शव सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। उनके निधन पर तमाम व्यापारियों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की

### करंट से बालक झुलसा

**गुलाबटांडा।** तहसील कलीनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टांडा गुलाब राय के रहने वाले इरशाद का पुत्र अरहान करंट लगने से झुलस गया। बिजली के पोल में करंट आने की वजह से हादसा बताया गया। परिजन का कहना है कि पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। मगर समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिसके चलते हादसे का डर बना हुआ है।

# और बढ़ा इंतजार...करोड़ों की परियोजनाओं पर मानसून ब्रेक

## निर्माणाधीन असम हाईवे फ्लाईओवर का काम हुआ सुस्त तो हरदोई ब्रांच नहर पुल का काम भी बारिश के चलते अटका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जनपद में पिछले तीन दिन से हो रही बारिश से जहां जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है, वहीं लगातार हो रही बरसात से जनपद में करोड़ों रुपये की लागत की परियोजनाओं के चल रहे निर्माण पर भी ब्रेक सा लग गया है।

- नौगवा ओवरब्रिज सर्विस रोड का निर्माण भी रुका, कार्यस्थल पर हुआ भारी जलभराव

बारिश से करोड़ों रुपये की चल रही परियोजनाओं के काम की रफ्तार सुस्त होने से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। शहर में आलम यह है कि कहीं सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है तो कहीं बिजली की लाइन शिफ्ट हो रही हैं। हालांकि कार्यदायी संस्था से जुड़े जिम्मेदारों का कहना है कि बरसात थमते ही कार्य पुनः तेजी से शुरू कराए जाएंगें। शहर की बात करें तो 29 जून से रोजाना ही बरसात हो रही है। इससे आम आदमी की दिनचर्या तो प्रभावित हो रही है, साथ ही बारिश विकास कार्यो में भी रोड़ा बनने लगी है। इधर, खासबात यह है कि इन परियोजनाओं के शुरूआती दौर में कई बाधाएं आईं थी। जिनके चलते काम देरी से शुरू हो सके थे। अब बारिश के कारण इन परियोजनाओं को पूरा होने में इंतजार बढ़ गया है।

### तमाम अड़चनों के बाद आई काम में तेजी, अब बारिश बनी रोड़ा




शहर के बाहरी इलाके में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए असम चौराहे पर फ्लाई ओवर निर्माण को मंजूरी मिली थी। इसको लेकर 99 .52 करोड़ की लागत से असम हाईवे पर 650 मीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। फ्लाई ओवर निर्माण के शुरूआती दौर में पहले अतिक्रमण रोड़ा बना, इसके बाद बिजली की लाइन बीच में आने से काम गति नहीं पकड़ सका। करीब आठ माह पहले अतिक्रमण हटने के बाद तेजी से काम शुरू हुआ था, लेकिन बिजली के खंभे एक बार फिर रोड़ा बन गए। डीएम के हस्तक्षेप के बाद बिजली पोल शिफ्टिंग होने के बाद यहां तेजी से काम शुरू कराया गया था, लेकिन अब बारिश के चलते तेजी से चल रहे काम पर ब्रेक सा लग गया है। कार्यदायी संस्था के मुताबिक करीब 80 फीसदी काम पूरा भी हो चुका है। बारिश के चलते काम की गति सुस्त हुई है। बारिश रुकते ही काम तेजी से शुरू कराया जाएगा।

### छह करोड़ से बनने वाली रोड का हाल




लोक निर्माण विभाग द्वारा नौगवां ओवरब्रिज की दोनों साइडों में जर्जर हो चुके सर्विस रोड का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। करीब छह करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सर्विस रोड का निर्माण लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पूर्व ही शुरू करा दिया गया था। उसी दौरान ओवरब्रिज के दोनों ओर सड़क को खुदवा गया। इसके बाद काम ठप हो गया। संभावना जताई जा रही थी कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद काम में तेजी से आएगी, जिम्मेदारों ने भी आचार संहिता समाप्त होने के बाद काम में तेजी आने की बात कही, मगर काम रफ्तार नहीं पकड़ सका। इधर अब लगातार हो रही बारिश भी सर्विस रोड के निर्माण में रोड़ा बन गई। कार्यस्थल पर भारी जलभराव होने से यहां काम पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है।

### उड़ीसा से गर्डर तो पहुंचे, मगर बारिश ने रोका असेंबल का काम

असम हाईवे पर ही हरदोई ब्रांच नहर पर 27 .41 करोड़ रुपये की लागत से 74 .8 मीटर लंबे पुल निर्माण कराया जा रहा है। इस पुल के निर्माण में भी शुरूआती दौर में बड़ी अड़चनें आई। करीब 10 माह तक काम थमा रहा। सिंचाई विभाग से एनओसी मिलने के बाद यहां तेजी से काम शुरू कराया गया था। नहर के अंदर पिलर का काम पूरा हो चुका है। यहां खास तकनीक से स्टील ब्रिज का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए ओड़िशा के राउरकेला से गर्डर भी आ चुके हैं। इन गर्डर को असेंबल करने की तैयारी चल रही थी कि बारिश शुरू हो गई। अब कार्यदायी संस्था बारिश थमने की इंतजार कर रही है। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तरुण बनर्जी ने बताया कि दोनों प्रोजेक्टों पर तेजी से काम चल रहा था। बारिश के चलते काम की रफ्तार कम हुई है। बारिश रुकते ही काम तेजी से शुरू कराया जाएगा।




## सड़क दुर्घटना में घायल चीनी मिल कर्मचारी की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** पीलीभीत-बरेली मार्ग पर एक पखवाड़ा पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल चीनी मिल कर्मचारी की इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई।

थाना जहानाबाद के गांव मानपुर के रहने वाले सतीश कुमार ने बताया कि थाना बरखेड़ा के गांव बर्रामऊ निवासी उसके मामा हरीश कुमार (50) बरखेड़ा चीनी मिल में सीजनल कर्मचारी थे। 18 जून को वह अपने दूसरे भांजे अवधेश कुमार की दवा लेने बरेली गए थे। दोपहर बाद वापस निजी एंबुलेंस से लौट रहे थे। एंबुलेंस पर हरीश कुमार की बहन उषा देवी, गांव मानपुर के प्रिंस भी बैठे हुए थे। शाम करीब पांच बजे एंबुलेंस खमरिया पुल के समीप पहुंची। इस दौरान सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई थी। जिसमें हरीश कुमार घायल हो गए थे। जबकि उषा देवी को भी चोट आई थी। बाइक पर सवार तीन लोग भी घायल हुए थे। हरीश कुमार को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान सोमवार की रात में उनकी मौत हो गई। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम बरेली पुलिस ने कराया। इसके बाद शव परिजन घर ले आए और अंतिम संस्कार कर दिया।

# कभी ट्रांसफॉर्मर खराब...तो कभी लोकल फाल्ट से जूझ रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बदहाल बिजली व्यवस्था बारिश में लड़खड़ा गई। कहीं पेड़ गिरने से तार टूट गए तो लोकल फाल्ट हुए। जिसके बाद शहरवासियों को बिजली संकट से जूझना पड़ा। कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। दिनभर बिजली की आंख मिचौली बरकरार रही। बूंदाबांदी के बीच सुधार करने में पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को भी दिक्कत हुई।

मंगलवार रात को बारिश शुरू होते ही बिजली सप्लाई रूलाने लग गई थी। पहले तो एहतियातन सप्लाई बंद की गई। जिसके बाद देर रात सप्लाई चालू की गई तो लोकल फाल्ट होना शुरू हो गए। बुधवार को भी दिनभर दिक्कत रही। बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई। जिसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में तो मंगलवार रात से गुल हुई बिजली दूसरे दिन बुधवार दोपहर तक सुचारू हो सकी। आलम ये था कि पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी एक फाल्ट सही करते तो दूसरी जगह फाल्ट हो जाता। दिन भर टीमें फॉल्ट दूर करने के लिए दौड़ती रही।

मोहल्ला नई बस्ती से काला मंदिर की तरफ जाने वाले मार्ग पर दो फेस बंद रहे। पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए तो राम बिहार कॉलोनी की बिजली गुल हो गई। बुधवार सुबह करीब तीन बजे गुल हुई बत्ती दोपहर बाद सुचारू हो सकी। सुनगढ़ी थाने के पास तारों में फाल्ट हुआ। खकरा फीडर में खराबी आने पर सैकड़ों घरों की सप्लाई ठप रही। नीबू मंडी में फाल्ट होने से मुख्य बाजार की सप्लाई बाधित रही।



बनकटी रोड पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

- बुधवार को दिनभर चलती रही बिजली की आंख मिचौली
- बूंदाबांदी के बीच सुधार कार्य में कर्मियों को भी आई दिक्कत

इसके अलावा सुरभि कालोनी, आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा, मोहम्मद फारुख, मोहल्ला आसफजान, जिला अस्पताल रोड, अशोक कॉलोनी, साहूकारा, बेनी चौधरी, बाग गुलशेर खां, सुनगढ़ी, शरीफ खां चौराहा, एकता नगर, निरंजनकुंज आदि इलाकों में भी बिजली की आंख मिचौली बनी रही। दोपहर तक इन्वर्टर भी जवाब दे गए। छतरी चौराहा फीडर में भी पेड़ गिरने से तार क्षतिग्रस्त हुए। जिससे बिजली संकट की समस्या बनी रही।

शहर के अधिकांश घरों में पानी के लिए लोग विद्युत संचालित मोटरों पर आधारित है। सुबह से ही बारिश के चलते बिजली गुल रही तो उपभोक्ताओं को पानी की किल्लत से भी जूझना पड़ा।



फाल्ट ठीक करते बिजली कर्मचारी।

# नौगवां पकड़िया में चार गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव पास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में नौगवां पकड़िया में चार गांवों को जोड़ने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया है। अब इसकी शासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। जल्द ही इस प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

शहर से सटी नौगवां पकड़िया में कुल 15 वार्ड हैं। जिसमें करीब 35 हजार से अधिक आबादी जीवन यापन कर रही है। वर्ष 2019 में नौगवां पकड़िया को नगर पंचायत का दर्जा मिला था। जिसके बाद नगर निकाय चुनाव के तहत जनता ने इस बार पहला चेयरमैन भाजपा प्रत्याशी संदीप कौर को चुना। नगर पंचायत दफ्तर बनने के साथ ही अफसर कर्मचारियों की तैनाती करते हुए कामकाज को भी रफ्तार देने की तैयारी की गई। नौगवां वासियों को सुविधा देने के लिए तमाम दावे किए जा रहे हैं। 35 हजार से अधिक आबादी वाली इस नगर पंचायत में काफी हिस्सा टनकपुर और बरेली हाईवे से सटा हुआ है। ग्राम प्रधानी कार्यकाल के दौरान यहां पर राजनीति गहराई रही थी। कई बार सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराने तक के आरोप लगाए थे। जिसे लेकर नौगवां पकड़िया चर्चित रही।



नगर पंचायत नौगवां पकड़िया कार्यालय। ● अमृत विचार

- नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित होने पर अब शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट
- अब तक नौगवां पकड़िया में संचालित हो रहे 15 वार्ड, जल्द बढ़ेगा पालिका के विकास का दायरा

> नगर पंचायत का विस्तार करने के लिए नौगवां पकड़िया से सटे गांवों को नगर पंचायत में शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। जल्द ही इस प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इसकी बोर्ड में स्वीकृति करा दी गई है। यह गांव शामिल होने से विकास का दायरा बढ़ेगा।
> – संदीप कौर, चेयरमैन नगर पंचायत नौगवां पकड़िया।

इसके अलावा तालाब आदि के पट्टों को लेकर भी शिकायतें कम नहीं रही। खैर, अब नगर पंचायत बनने के बाद काफी मिजाज बदल चुका है। ग्रामीण, अफसर और जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास से जोड़कर बात कर रहे हैं। इसलिए नगर पंचायत चेयरमैन संदीप कौर ने बीसलपुर और पूरनपुर मार्ग पर सटे गांवों को नगर पंचायत में जोड़ने की रणनीति बनाई है। चेयरमैन की ओर से पूरनपुर हाईवे से सटे गांव बरहा, पिपरा वाले और बीसलपुर रोड पर सटे रुपपुर कमालू और रुपपुर कृपा को शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव को बीते माह हुई बोर्ड बैठक में नगर पंचायत की ओर से रखा गया। जिस पर नगर पंचायत के समस्त सभासदों ने भी अपनी मुहर लगाई है। नगर पंचायत का तर्क है कि नौगवां क्षेत्र से निकलने वाले नाले आदि का निकास इन क्षेत्रों की ओर है। इसलिए इन गांवों को शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। इससे इन गांवों को नगर पंचायत में शामिल होने से विकास होगा। इन चार गांवों का आबादी 45 हजार बताई जा रही है। जहां करीब 30 हजार से अधिक मतदाता है। इससे नगर पंचायत में वार्ड का भी विस्तार होगा। जल्द ही नगर पंचायत की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# ऑपरेशन कायाकल्प : पैरामीटर पूर्ण कराने पर बीएसए ने दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बुधवार सुबह करीब 11 बजे विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर उनमुखीकरण यूट्यूब सेशन किया। जिसमें समस्त खंड शिक्षाधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी शामिल हुए। बीएसए ने सेशन में शासन की मंशा को ध्यान मे रखते हुए निपुण भारत मिशन को लेकर समस्त प्रतिभागियों से वार्ता की और अतिशीघ्र जिले को निपुण जिला घोषित कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



यूट्यूब सेशन के जरिए निर्देश देते बीएसए अमित कुमार सिंह।

ऑपरेशन कायाकल्प के पैरामीटरों को पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। बालिका शिक्षा पर ध्यान देते हुए मीना मंच मास्टर ट्रेनर एवं रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण को शीघ्र कराने के लिए कहा गया। कहा कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति मार्किंग, डीबीटी, नवीन नामांकन, स्कूल चलो अभियान, कक्षा कक्ष व शौचालयों की साफ सफाई, जर्जर भवनों से बच्चों को दूर रखने, साथ ही जिले में 273 स्मार्ट क्लासों की स्थापना कराने के पश्चात संचालित कराने के निर्देश दिए। नवीन सत्र में संचालित परिषदीय विद्यालयों में पंजीकाओं के डिजिटाइजेसन करने के साथ विद्यालयों में संचालन समय सारणी के अनुसार करने के निर्देश दिए। बीएसए ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में प्रदान की गई सामग्री का उपयोग कक्षा कक्ष शिक्षण में अवश्य किया जाए।

- यूट्यूब सेशन के जरिए मातहतों को जारी किए गए निर्देश

द्वितीय परिनिर्वाण दिवस



स्व. श्री मोतीराम मौर्य एडवोकेट

पूर्व महानगर उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी/
पूर्व अध्यक्ष मौर्य विकास संस्था, बरेली

आपके जाने से अधूरे रह गए अरमान जिन्दगी में
अकेलापन मंजिल भी नहीं आसान,
हम फिर भी चल रहे हैं मन में यही माने
आप हमें संभाल रहे हो पल-पल हाथ थामे।

आज ही के दिन हम सबको छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गये थे। हम सब आपको आपकी द्वितीय परिनिर्वाण पर सजल नयनों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं तथा आपके आदर्शो के प्रति सदा समर्पित रहने का संकल्प लेते हैं।

शोकाकुल परिवार : श्रीमती कटोरी देवी (पत्नी), शैलेन्द्र कुमार मौर्य एडवोकेट-कल्पना मौर्य (पुत्र-पुत्रवधू), ई. आशीष मौर्य-मीनाक्षी मौर्य (पुत्र-पुत्रवधू), आरती सैनी-धीरज सैनी (पुत्री-दामाद), दीक्षा मौर्य- मनीष कुमार (पुत्री-दामाद), आरव मौर्य, अवनी मौर्य, अश्मिका मौर्य (पौत्र-पौत्री), धैर्य सैनी, खुशी सैनी, खुशबू सैनी (नाती-नातिन)

शैलेन्द्र कुमार मौर्य एडवोकेट

जिला कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी पार्टी, बरेली
महानगर अध्यक्ष-मौर्य विकास संस्था, बरेली

मो. 9411919946, 9028573465

# शिविर में मधुमेह से बचाव के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारतीय योग संस्थान की ओर से अग्रवाल सभा परिसर में मधुमेह रोग निवारण शिविर चल रहा है। दूसरे दिन बुधवार को तेज बारिश के बावजूद योग शिविर में लोग पहुंचे और योगाभ्यास किया।

सर्वप्रथम ओमकार, मोहित अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित किया। सीए संजय अग्रवाल ने शंख ध्वनि की। ऊँः ध्वनि और गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। इसके अलावा पूर्ण खिचाओ एवं ठहराव के साथ, हास्यासन, ताली बजाने की क्रिया, डॉक्टर तृप्ति मिश्रा की ओर से प्राणायाम की क्रिया कराई गई। रमेश कुमार ने मुद्रा रहस्य के बारे में बताते हुए कुछ और नई हस्त मुद्राएं बताई। उनसे प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। डॉ. नीलिमा शर्मा ने मधुमेह रोग के नियंत्रण में योग की भूमिका पर विस्तार से बताया। कहा कि विभिन्न आसन और प्राणायाम मधुमेह रोग के समूल नाश करने में सहयोगी हैं। ध्यान द्वारा शरीर की सभी कोशिकाएं पुनर्जीवित हो उठती है और योग से तनाव में मुक्ति मिलती है, जोकि मधुमेह रोग का बड़ा कारण है। शिविर में विशेषज्ञ के रूप में पहुंचे डा.आदित्य पांडे ने मधुमेह रोग में दिनचर्या और खानपान के बारे में बताया।



अग्रवाल सभा भवन में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

- बारिश के बीच पहुंचे लोग और किया योगाभ्यास

कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सुबह उठकर दो घंटे के अंदर ब्रेकफास्ट जरूर करना चाहिए। जिसमें पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार तरल पदार्थ और सूखी मेवा आदि शामिल किया जा सकता है। दोपहर में भोजन से कुछ देर पहले कम से कम एक फल अवश्य खाना चाहिए। दोपहर का भोजन प्रत्येक दशा में एक से ढाई के बीच ग्रहण कर लेना चाहिए। शाम को चार बजे से छह बजे के बीच बहुत हल्का नाश्ता करें। जिसमें एक चाय और कुछ हल्का लिया जा सकता है। शाम का भोजन हर हाल में सात बजे से आठ बजे के बीच ग्रहण कर लेना चाहिए। अंत में डॉ. नीलिमा शर्मा की ओर से डॉ.आदित्य पांडे को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।


## अचानक विद्युत पोल में करंट आने से गोवंश की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कस्बे में लगे विद्युत पोल में अचानक करंट उतर आया। इसकी चपेट में आकर एक गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पॉवर कारपोरेशन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण गोवंश की मौत हुई है। कस्बे में पीलीभीत-बीसलपुर मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल लगे हुए हैं। मंगलवार रात बारिश के दौरान ब्लॉक के समीप लगे विद्युत पोल में अचानक करंट उतर आया। करंट लगने से एक गोवंशीय पशु की मौत हो गई। नगर पंचायत के सफाई नायक ओम प्रकाश ने बताया कि करंट से गोवंशीय पशु की मौत हो जाने की सूचना मिलने पर टीम गई थी। शव को दफना दिया गया है। इधर, कस्बे के लोगों का आरोप है इन दिनों बारिश हो रही है। मगर पावर कॉरपोरेशन की ओर से पोल में पॉलिथीन तक नहीं लगाई गई है। जिस कारण हर समय विद्युत पोलों पर बिजली का करंट का डर बना रहता है

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024 - 25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी।

| 28.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# 50 दुकानदारों को शिविर में मिली मशीन, बाकी लौटे बैरंग


बीज भवन में पहुंचे दुकानदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार:** चंबल फर्टिलाइजर कंपनी की ओर से खाद विक्रेता को मशीन वितरण के लिए कृषि विभाग की तरफ से पत्र जारी किया गया था। इसे लेकर बुधवार को बीज गोदाम में कैंप लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में खाद विक्रेता पहुंचे। मगर अधिकांश को बैरंग ही लौटना पड़ा। 150 लोगों के कागज जमा हुए थे लेकिन 50 लोगों को ही मशीन मिल सकी। इस दौरान कृषि विभाग और कंपनी के जिम्मेदारों पर सांठगांठ के आरोप भी लगाए गए। हालांकि कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है।

## पचास प्रतिशत मिलेगा अनुदान, 16 तक विभागीय पोर्टल पर किसानों को करना होगा पंजीकरण

# कृषि यंत्रों पर अनुदान पाना है तो स्वयं के खाते से करें भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों का होगा चयन

**अमृत विचार:** किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्र दिए जाएंगे। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कृषि विभाग ने 16 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करते हुए टोकन जनरेट कराने को किसानों से कहा है। अनुदान पाने के लिए किसानों को स्वयं के ही खाते से कृषि यंत्र का भुगतान करना होगा। अन्य किसी तरह से भुगतान करने पर अनुदान का लाभ नहीं मिलेगा। विभाग की तरफ से कृषि यंत्र खरीद और उसके सत्यापन के बाद ही किसानों को अनुदान मिल सकेगा। बाता दें, किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू (सीआरएम) योजना की शुरूआत की है। जिसके तहत किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्र दिए जाते हैं। अधिकारियों के मुताबिक किसानों को अनुदान के लिए विभागीय दर्शन पोर्टल www.agriculture.up.gov पर आवदेन करना होगा। इस पोर्टल पर किसानों को अपना आवेदन करते हुए टोकन जनरेट करना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर समय समाप्त होने के बाद कोई आवेदन मान्य नहीं होगा। लक्ष्य अवशेष न रहने पर एवं ई-लाटरी में चयनित न होने वाले किसानों को जमानत धनराशि वापस कर दी जाएगी। चयनित किसान स्वीकृत यंत्र खरीदकर विभाग को सूचित करेगा। आवेदक की ओर से एक मोबाइल नंबर से आवेदन किया जा सकेगा।

### आवेदन करते समय जमा करनी होगी जमानत राशि

कृषि विभाग के मुताबिक एक लाख रुपये से कम के कृषि यंत्र पर 2500 रुपये और एक लाख रुपए से अधिक के कृषि यंत्र के लिए 5000 रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी। अनुदान डायरेक्ट बेनिफिट्स ट्रांसफर के माध्यम से खातों में दिया जाएगा। प्रभारी उप कृषि निदेशक डॉ. विनोद कुमार यादव ने बताया कि आवेदकों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा। चयन न होने की दशा में बुकिंग राशि किसानों के बैंक खातों में वापस कर दी जाएगी।

### सोलर पंप के नौ तक जमा करें अवशेष राशि

प्रभारी उप कृषि निदेशक डॉ. विनोद कुमार यादव ने बताया कि सोलर पंप के लिए जिन किसानों ने 25 जून तक बुकिंग कराई थी। उनकी बुकिंग कंफर्म कर दी गई है। सोलर पंप को प्राप्त करने के लिए किसान नौ जुलाई तक अवशेष राशि अवश्य जमा कर दें।

### इन यंत्रों पर मिलेगी छूट

योजना के तहत लेजर लैंड, लेवलर, पोस्टहोल, डीगर, पोटैटो प्लांटर, पोटैटो डीगर, शुगर केन कटर प्लांटर, शुगर केन प्रेस कटर, शुगर केन रेट्रून, मैनेजर, हैरो, कल्टीवेटर, पावर सप्रेयर, मल्टीक्राप थ्रेशर, पावर चैफ कटर, स्ट्रारीपर, ब्रश कटर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, मिलेट मिल, सोलर ड्रायर, आयल मिल विथ फिल्टर प्रेस, पैकिंग मशीन, रोटा वेटर, ट्रैक्टर, माउंटेड, सोयर, ब्रिकेट मेकिंग मशीन, यूरिया डीप प्लेसमेंट एप्लीकेटर, मेज रोलर, हैप्पी सीडर, रीपर कम वाइंडर, एचडीपीएफ पाइप, पीसी पाइप, एचडीपीइ लेमिनेडेट ओविन, फ्लैट ट्यूब (लपेटा) और सामुदायिक ब्रेसिंग फ्लोर आदि कृषि यंत्र अनुदान पर ले सकते हैं।

## एक नजर

### शिक्षक डॉ. गौरव अवस्थी ने बढ़ाया मान



**बीसलपुर।** नगर के शिक्षक डॉ. गौरव अवस्थी ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने मात्र 4.48 सेकंड्स में ए टू जेड अल्फाबेट टच स्क्रीन मोबाइल पर टाइप करके यह उपलब्धि हासिल की है। पहले रिकॉर्ड को 0.09 सेकंड्स से ब्रेक किया है। शिक्षक डॉ. गौरव अवस्थी बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के रहने वाले दिनेश चंद्र अवस्थी के पुत्र हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी भेजा जेल

**बीसलपुर।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि सप्ताह भर पूर्व नगर के एक ग्रामीण की 14 वर्षीय पुत्री को जनपद बलरामपुर के देवीपाटन तुलसीपुर गांव निवासी सैय्यद सलामत हुसैन बहला फुसलाकर ले गया था। इसके बाद किशोरी से दुष्कर्म किया। किशोरी की पुलिस ने बारह पत्थर चौराहा से बरामदगी की थी। इस मामले में फरार आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। दरोगा मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

# ईओ को मोहलत...सड़क बनाने वाले ठेकेदार का कुछ नहीं बिगड़ा

## डीएम ने कराई जांच, साढ़े पांच लाख से बनी सड़क में पकड़ा घपला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


करीब माह भर पहले बनी मालगोदाम रोड। ● अमृत विचार

- सात दिन में खामियां दूर कराकर सड़क दुरुस्त कराने के अधिशासी अभियंता को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की ओर से साढ़े पांच लाख रुपये की लागत से बनाई सड़क के निर्माण में ठेकेदार ने खेल कर दिया गया। इसका खुलासा डीएम के निर्देश पर हुई जांच में हुआ। महीने भर पूर्व बनाई गई सड़क का निर्माण मानक अनुरूप नहीं मिलने पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को सात दिन के भीतर सड़क दुरुस्त कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वहीं, सड़क बनाने वाले ठेकेदार पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की।

मामला शहर के मालगोदाम रोड का है। नगर पालिका की ओर से करीब माह भर पहले साढे पांच लाख रुपए की लागत से 340 मीटर लंबी का सड़क का निर्माण कराया गया था। बताते हैं कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार की ओर से जमकर लापरवाही बरती गई। सड़क निर्माण के दौरान न तो मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया और न ही मानकों का ध्यान रखा गया। जिसका नतीजा यह हुआ कि निर्माण के कुछ दिन बाद ही सड़क उधड़ने लगी।

सड़क के किनारे भी जहां-तहां उधड़ने लगे। इस मामले की शिकायत डीएम संजय कुमार सिंह से की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम दो सदस्यीय टीम को सड़क की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के बाद रिपोर्ट डीएम को सौंप दी। जांच रिपोर्ट के अनुसार सड़क मानक के अनुरूप नहीं बनी पाई। सड़क की मोटाई में निर्माण सामग्री भी मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। सड़क के दोनों ओर से किनारे भी मानक के अनुरूप सीधे नहीं पाए गए। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को सात दिन के भीतर सड़क की खामियों को दुरुस्त कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# ...और मिट गई बिटिया के जिंदा होने की आस

संवाददाता, बीसलपुर

- हाथरस में भोलेबाबा का सत्संग सुनने परिवार के साथ गई पायल घटना के बाद से थी लापता
- बुधवार सुबह बेटी का शव मिलने की सूचना पर परिवार में मची चीख पुकार, परिजन रवाना

**अमृत विचार:** हाथरस के सिकदराराऊ में भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ के बीच माता-पिता से अलग होकर गुम हुई बिटिया के जिंदा होने की आस दूसरे दिन यशनी बुधवार को मिट गई। कई घंटों के बाद उसका शव एटा में बरामद हुआ। इसकी जानकारी मिलने के बाद श्रमिक के परिवार में चीख पुकार मच गई। मां पहले ही भगदड़ में घायल हो गई थी और अब बेटी की मौत ने परिवार में कोहराम मचा दिया। कुछ रिश्तेदार भी हादसे का पता चलने पर एटा के लिए रवाना हो गए। इधर, गांव में गमगीन परिवार को ढांढस बंधाने के लिए परिचित पहुंचते रहे।


मृतक पायल का फाइल फोटो।

जनपद में भी भोलेबाबा के बड़ी संख्या में अनुयायी है। पूर्व में कई बार उनका सत्संग पीलीभीत में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाता रहा है। हाथरस में आयोजित किए गए सत्संग में पीलीभीत से भी बड़ी संख्या में लोग गए थे। बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम चरखौला के रहने वाले राजेंद्र कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। वह भी भोलेबाबा के अनुयायी हैं। पिछले काफी समय से वह बाहर रहकर ही मजदूरी कर रहे हैं। हाथरस में भोलेबाबा का सत्संग सुनने के लिए राजेंद्र, उनकी पत्नी ललिता देवी और 15 साल की पुत्री पायल भी गए थे। बताते हैं कि भगदड़ मचने के बाद पायल माता-पिता से बिछड़ गई थी। जबकि ललिता देवी को चोट आई थी। इसके बाद से पायल की तलाश चल रही थी। बुधवार सुबह करीब दस बजे पायल का शव एटा में मिला। शव की शिनाख्त के बाद सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। राजेंद्र के तमाम रिश्तेदार बुधवार को रवाना हो गए।

इधर, भोले बाबा के सत्संग में गई बीसलपुर की भी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अब पीलीभीत जनपद के मरने वालों की संख्या चार हो गई है।

# हाथरस की घटना में मरने वालों को दी श्रद्धांजलि


गांधी पार्क में डायमंड क्लब ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते लोग।

**पूरनपुर, अमृत विचार:** हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में जान गंवान वालों को श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार को गांधी पार्क में डायमंड क्लब के पदाधिकारी और खिलाड़ी एकत्र हुए। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कहा कि ईश्वर शोक संतृप्त परिजनों को अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

क्लब के अध्यक्ष महेश आजाद ने कहा कि हाथरस की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अत्यधिक भीड़ वाले कार्यक्रमों में नहीं जाने की अपील की। इस मौके पर अशोक खण्डेलवाल, सुमित सक्सेना, घासीराम आजाद, अमित गुप्ता, राजीव सक्सेना, आलोक सक्सेना, दिनेश आजाद, सुभाष गुप्ता, क्षितिज सक्सेना, नरेश आजाद , बासू सक्सेना, सचिन गुप्ता, लालन गुप्ता, सल्लू , सावन, आकाश, हरमन, सलिल आदि मौजूद रहे।

# 11 को होने वाले धरना प्रदर्शन की सफलता के लिए किया मंथन



बैठक को संबोधित करते जगदीश सक्सेना। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें पीलीभीत में आगामी 11 जुलाई को होने वाले धरना प्रदर्शन की सफलता के लिए मंथन किया गया।

विभिन्न संगठनों के साथ संघ कार्यालय पर हुई बैठक में आगे की रणनीति तय की गई। जिला प्रचारक दुष्यंत ने विचार व्यक्त किए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, भारत विकास परिषद, विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष रवि शर्मा ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वतंत्र देवल ने संचालन किया। व्यापारी नेता अर्जुन सिंह टहलानी, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, हरिपाल सिंह यादव, विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष जगदीश सक्सेना, महेश पाठक, हरीश दुलवानी, अमित गुप्ता, नारायण हरि, भारत विकास परिषद से बीके गुप्ता, हिन्दू जागरण मंच युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष लोधी, अजय शर्मा, सोनू शर्मा, राहुल शुक्ला, नरेश कुमार, रजत मौर्य, अंगद कश्यप, हिमांशु कुमार, हिमांशु पाण्डेय, अंशुमान जैसवार आदि मौजूद रहे।

# दूसरी महिला के साथ रहने लगा पति विरोध करने पर पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मायके से पचास हजार रुपये लाकर एक विवाहिता अपने पति को नहीं दे सकी। आरोप है इससे गुस्साए पति ने अन्य महिला संग रहना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी।

बरेली जनपद के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला शेखान की रहने वाली लक्ष्मी देवी पत्नी मोहन स्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 22 साल पहले बीसलपुर के जसौली गांव के मोहन स्वरुप से हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। गृहस्थी बचाने के लिए पीड़िता सहती रही। आरोप है कि कुछ समय से 50 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होने पर मारपीट की जाने लगी। आरोप है कि पति ने एक अन्य महिला संग रहना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# विभिन्न मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा
- वेतन विसंगति को दूर करने व स्थानांतरण नीति को लागू करने की रखी मांग

**अमृत विचार:** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 15 जुलाई को लखनऊ कूच करने के साथ ही मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपने की बात कही। इस पर संघ को जल्द मांगे पूरी होने की आश्वासन दिया गया

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों की वेतन विसंगति एवं रिक्त पारस्परिक स्थानांतरण के लाभ को लेकर शासन से मांग करता चला रहा है। इसको लेकर पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इधर, बुधवार को लगातार ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं होने से नाराज संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में तमाम संविदाकर्मी नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2005 से संचालित हो रहा है। वर्तमान समय में इसमें लगभग 1.35 लाख संविदा कर्मचारी तैनात है। जिनको कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में वेतन विसंगति को दूर करने एवं स्थानांतरण नीति का लाभ दिलाने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने इन मांगों को जल्द पूरा कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि 14 जुलाई तक विभाग द्वारा कोई निर्णय नहीं होता है तो 15 जुलाई को लखनऊ में इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन देंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक शेर सिंह चौहान, ब्रजेश, डॉ. देवेश गिरी, अमरेश कुमार, अमित कुमार समेत तमाम संविदा कर्मी मौजूद रहे।

# निलंबन वापस..संजीव कुमार बनाए गए जहानाबाद कोतवाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जेएनएम की छात्रा के लापता होने की घटना फर्जी निकलने पर दी राहत
- इंस्पेक्टर राजीव शर्मा को एसपी ने सौंपी पूरनपुर कोतवाली की कमान

**अमृत विचार:** जेएनएम की छात्रा के लापता होने की सूचना मिलने पर सुनवाई करने के बजाय टरकाने के आरोप में घिरने के बाद निलंबित किए गए तत्कालीन पूरनपुर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला को घटना फर्जी निकलने के बाद राहत मिल सकी है। उनका निलंबन वापस करने के साथ ही थाना जहानाबाद का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जबकि पूरनपुर कोतवाली की कमान इंस्पेक्टर राजीव शर्मा को दी गई है।

अभी कुछ दिन पहले ही जेएनएम की छात्रा के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद लखीमपुर खीरी में हाईवे पर बेसुध मिलने का मामला चर्चित रहा था। मामले में सेहरामऊ उत्तरी थाने में अज्ञात पर एफआईआर दर्ज हुई थी। इस दौरान तत्कालीन पूरनपुर कोतवाल संजीव शुक्ला पर आरोप लगा था छात्रा का परिवार जब शिकायत लेकर पहुंचा तो सुनवाई नहीं की थी। इस पर एसपी अविनाश पांडेय ने संजीव शुक्ला को निलंबित कर दिया था। इधर, बाद में छात्रा के अपहरण की घटना फर्जी निकली थी। खुलासा कर छात्रा के पिता समेत दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया था। इसके बाद से ही निलंबित किए गए इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी। अब उनको राहत मिल सकी है। अब उनका निलंबन वापस लेने के साथ ही एसपी ने नई तैनाती दी है। उन्हें जहानाबाद थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा जहानाबाद इंस्पेक्टर राजीव शर्मा को पूरनपुर कोतवाल बनाया गया है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं मोहर्रम, बनाए रखें भाईचारा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गांधी सभागार में हुई पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम व एसपी


ताजिया निकलने वाले मार्गों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

- डीएम-एसपी ने गांधी सभागार में की पीस कमेटी की बैठक
- धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

**अमृत विचार:** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक में डीएम एवं एसपी ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील की। इस दौरान डीएम-एसपी ने करबला स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

गांधी सभागार में बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से त्योहारों के दृष्टिगत समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सम्भ्रांत व्यक्तियों से अपील करते हुये कहा कि बिना कोई नई परंपरा डाले त्यौहार प्रेम एवं भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है।

यदि किसी प्रकार अफवाह या भ्रांति फैलाई जाती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। उन्होंने सभी से अपील करते हुये कहा कि आठ से 10 फीट से ज्यादा ऊंचाई के ताजिए न निकाले जाए और असलाहों का प्रदर्शन न किया जाए। इस दौरान डीएम ने नगर पालिका को करबला पर पानी टैंक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि मोहर्रम के दिन रेलवे क्रासिगों पर पुलिस की व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाये। पॉवर कारपोरेशन को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में बिजली के तार ढीले है या बिजली सप्लाई व्यवस्था जर्जर है, उसे तत्काल ठीक करा लिया जाए।

### करबला स्थलों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

इससे पूर्व डीएम एवं एसपी ने चिड़ियादाह, नौगवां पकडिया एवं खमरिया पुल स्थित करबला स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ताजिया मार्ग पर गड्ढे, बिजली तारों समेत साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम सदर को निर्देशित किया गया कि जो भी छोटी छोटी कमियों है उन्हें समय से दुरुस्त करा लिया जाए। बैठक में एएसपी विक्रम दहिया, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसआरटीओ वीरेंद्र सिं, समेत सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

medhavi foundation

JOB OPPORTUNITY
Medhavi Foundation

Scan for Apply

*Applications are invited for eligible candidates for the deployment of Vocational Trainers in the schools Uttar Pradesh under NSQF Project.*

**Consumer Energy Meter Technician:** Total Positions- 57 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Diploma, B.Tech, B.E., B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/ 5.0 year teaching experience.

**Assistant Beauty Wellness Consultant:** Total Positions- 08 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Graduate (Any) from a recognized Institute /University, with at least 3.0 year work/1.0 teaching experience.

**Assistant Plumber General:** Total Positions- 14 (In Multiple Districts of UP), Qualification- B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I, B.E./B.Tech, Diploma, CITS from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/1.0 year teaching experience.

**Four-Wheeler Service Assistant:** Total Positions- 9 (In Multiple Districts of UP), Qualification- I.T.I, Diploma, I.T.I, Diploma, from a recognized Institute/University, with at least 4.0 year work/1.0 teaching experience.

**Minimum Competency:** Domain Knowledge, Effective Communication Skills, Soft skills. Age Limit-18-37 years (As on 1st Jan 2024). Only shortlisted candidates will be called for written test and interviews.

**Gross Honorarium - RS. 15,000/- Per Month Fixed For all the post's**

How to apply- Apply and upload documents at https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScDINzPePzEgQzbKeXybletQsOUdEmLo0N4KTWhqlxdtS86cA/viewform link or Scan the QR code by 05/07/2024 till 5 PM.

For any query, please contact on +91 7408080855 All positions are purely on contractual basis and selection process is strictly based on Written test Interview and Merit. Do not use any unfair means.

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## विधायक ने पौधरोपण कर बताया महत्व


पौधरोपण करते विधायक अताउर्रहमान।

**बीसलपुर।** सपा ने बुधवार को नगर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सपा बहेड़ी विधायक अता-उर रहमान रहे। उन्होंने कहा कि पौधों से ही जीवन है। यदि हम पौधे रोपित नहीं करेंगे तो पेड़ों के बगैर हमारा जीवन पूरा नहीं हो सकेगा। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सब अपने-अपने स्थान पर एक-एक पौधा अवश्य रोपित करेंगे। नूर अहमद अंसारी, नीरज गंगवार, राम प्रताप गंगवार, सुरेंद्र गंगवार, गायत्री गंगवार, केदारनाथ गौतम, हरपाल लोधी, शैलेश शर्मा, यासीन अंसारी, दानिश अल्वी, अकील अंसारी, विनोद दिवाकर, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

# यूं ही नहीं होते पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर हादसे

## रात के वक्त रोशनी का इंतजाम नहीं होने से निर्माणाधीन डिवाइडर से आए दिन टकरा रहे वाहन

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर आए दिन होने वाले हादसे यूं ही नहीं होते। हाईवे पर अव्यवस्थाएं हैं, रोशनी के पर्याप्त इंतजाम न होने से वाहन आए दिन डिवाइडर से टकरा रहे हैं। प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो आए दिन होने वाले हादसों पर लगाम लग सकती है।

दरअसल, पीलीभीत- बीसलपुर मार्ग का चौड़ीकरण कार्य लंबे समय से चल रहा है। कस्बा बरखेड़ा में आबादी क्षेत्र के अंदर मार्ग का फोरलेन निर्माण कराया गया है। आबादी क्षेत्र के अंदर जितनी दूरी तक फोर लाइन मार्ग का निर्माण किया गया है। उसमें डिवाइडर भी बनवाया जा रहा है। ये कार्य अभी पूर्ण नहीं हो सका है। बीसलपुर की तरफ जिस स्थान पर डिवाइडर समाप्त हुआ है, वहां पर अभी कोई संकेतक नहीं लगाया गया है। रोशनी के इंतजाम नहीं है।


इसी निर्माणाधीन डिवाइडर से टकरा रहे वाहन। ● अमृत विचार

इसके बावजूद रेडियम रिफ्लेक्टर आदि भी नहीं लगाया गया है। जिससे रात के वक्त सफर खतरे से खाली नहीं है। आए दिन हादसे हो रहे हैं। बिना रोशनी के बीसलपुर से बरखेड़ा की तरफ आते वक्त डिवाइडर दिखाई न देने से वाहन दुर्घटनाग्रसत हो रहे हैं। दो दिन पूर्व सोमवार शाम को इस स्थान पर डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार घायल हुआ था। कार चालक भी डिवाइडर से टकरा गया था। मंगलवार शाम को जनपद बरेली के थाना भुता क्षेत्र के गांव बीहमलपुर के मुकेश शर्मा पुत्र वेदराम कार से थाना कोतवाली दियोरियाकलां के गांव रामनगर जगतपुर में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। रास्ते में डिवाइडर दिखाई न देने के कारण उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें वह घायल हो गए थे। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। कई अन्य राहगीर भी चोटिल हो चुके हैं।


बीसलपुर से बरखेड़ा के बीच प्रतिदिन सफर करना पड़ता है। कई बार तो रात हो जाती है। निर्माणाधीन डिवाइडर बीसलपुर से वापसी के दौरान दिखाई नहीं देता है। वहां पर कोई संकेतांक बगैराह भी नहीं लगा है। जिससे काफी दिक्कत होती है।
**- वीरेंद्र कुमार**, पतरसिया गांव


काम के सिलसिले में बीसलपुर जाना पड़ता है। डिवाइडर बनवाए जा रहे हैं। बरखेड़ा कस्बे की तरफ तो स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है, लेकिन जहां डिवाइडर खत्म होता है। उस स्थान पर अंधेरा रहता है। इससे हादसे का डर बना हुआ है। समाधान होना चाहिए।
**- अशोक कुमार सिंह** एडवोकेट, पिपरिया मंडन गांव


सड़क का चौड़ीकरण कार्य होने के साथ ही डिवाइडर बनवाया जा रहा है। मगर निर्माण कार्य के दौरान हादसों को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों पर भी ध्यान देना चाहिए। एक तो पहले ही रोशनी के इंतजाम नहीं है। उसके बाद ऐसा कोई संकेतांक नहीं है, जिससे डिवाइडर का पता लग सके।
**- हीरालाल गंगवार एडवोकेट**, पिपरा खास गांव

# आर्थिक विकास की दौड़ में हम भूल रहे वनों का महत्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



स्लोगन दिखाती छात्रा।

**अमृत विचार:** समाधान विकास समिति और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के तत्वाधान में मनाए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के तीसरे बुधवार को स्लोगन प्रतियोगिता में गीतांजलि, आयुषी व शिवानी ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया इसमें अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस को देखते हुए गैर जैव अपघटनीय पदार्थ के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता पर जोर दिया है।

आर्य कन्या इंटर कॉलेज की कला प्रवक्ता गुंजन, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की दीक्षा बाजपेई ने कहा आर्थिक विकास की दौड़ में हम वनों को भूलते जा रहे हैं। बड़े-बड़े शहर, हाईवे, यातायात फैक्ट्रियां आदि बनाने की चाहत में वन ही समाप्त करते जा रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में पशु पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। पेड़ों की कटाई से पशु पक्षी, कीट पतंगे बेघर हो गए हैं। इस विसंगति को दूर करने के लिए ही वन महोत्सव मनाया जाता है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हमारी आवश्यकता तो पूरी कर सकती है किंतु लालच को पूरा नहीं कर सकती।हमें प्रकृति अपनी आवश्यकता भर लेना चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण मानव निर्मित वैश्विक तबाही है जो पर्यावरण जैव विविधता के साथ-साथ मानव

## देवर को बचाने पहुंची भाभी को पीटा

**बीसलपुर।** ग्राम बरसी के दिनेश कुमार ने बताया कि 28 जून की सुबह पड़ोसी वीरपाल, हरिशंकर, अरविंद कुमार आदि ने पुराने विवाद में हमला कर दिया। लाठी डंडे से घर में घुसकर मारपीट की। शोर सुनकर भाभी सीमा देवी बचाने आई तो उनको भी पीटा। धारदार हथियार से वार करके लहूलुहान कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# स्कूल परिसर के जर्जर हिस्से में न बैठाए जाएं बच्चे: बीईओ

संवाददाता, पूरनपुर

- बारिश को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश
- परिसर में खड़े सूखे व पुराने पेड़ों की भी कराई जाए नीलामी

**अमृत विचार:** बरसात के दौरान जर्जर भवन और पुराने पेड़ों के गिरने की आशंका बनी रहती है। परिषदीय स्कूलों के परिसर में मौजूद जर्जर भवन से बच्चों को दूर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गिरताऊ पेड़ों की शीघ्र नीलामी प्रक्रिया पूरी कराने को कहा गया है।

इन दिनों तेज बारिश हो रही है। ऐसे में पुराने और जर्जर भवन धराशाई होने का डर बना रहतास है। इसके अलावा सूखे और भारी भरकम पेड़ भी लगातार बरसात होने से गिर रहे हैं। जिनसे हादसा होने की आशंका बनी रहती है। पूरनपुर क्षेत्र में कई ऐसे परिषदीय स्कूल हैं जिनके परिसर में पुराने जर्जर भवन बने हुए हैं जोकि अनुउपयोगी हैं। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने इंचार्ज अध्यापक और शिक्षकों से परिषद में बने जर्जर भवन से बच्चों को दूर रखने को कहा है। उन्होंने कहा गिरताऊ भवनों में बच्चों को न बिठाया जाए।

ऐसे भवन में ताला लगाकर उन पर लाल रंग से जर्जर भवन लिख दिया जाए। इसके अलावा परिसर में खड़े सूखे और जर्जर पेड़ों को भी हादसे की आशंका के चलते नीलम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पुराने भवन और पेड़ों से बच्चों को दूर रखना को कहा है। बीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उक्त मामले में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक किसी भी अप्रिय घटना के लिए खुद जिम्मेदार होंगे।

# जो अफसरों को पैसे दे वह नहीं हो सकता व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


एमए जिलानी को स्वागत करते विजय पाल।


बैठक में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

- पूरनपुर में हुई व्यापार मंडल की बैठक, मिष्ठान व्यापारी के घर हुई चोरी पर भी जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** पूरनपुर के एक बरात घर में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के ज़िलाध्यक्ष एमए जिलानी भी शामिल हुए और व्यापारियों से संगठित रहने पर जोर दिया।

व्यापारियों की समस्याओं और संगठन के विस्तार को लेकर मंगलवार देर शाम आयोजित की गई बैठक में ज़िलाध्यक्ष एमए जिलानी, ज़िला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, प्रदेश संयुक्त महामंत्री विजय पाल विक्की, युवा ज़िला अध्यक्ष शैली शर्मा, राशिद अंसारी, ऋषभ सिंह, महिला ज़िला अध्यक्ष कंचन सक्सेना, महामंत्री शोभनी सिंह आदि पहुंचे। पूरनपुर में मिष्ठान व्यापारी कुलदीप गुप्ता के घर हुई लाखों चोरी को लेकर भी नाराजगी जताई। कहा कि इस तरह की घटनाओं से कही न कही व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा होता है। पूरनपुर नगर टीम को लोकल स्तर पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर खुलासे की मांग करने की जिम्मेदारी दी गई। कहा कि शीघ्र ही ज़िला स्तर पर एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिलकर घटना के खुलासे की मांग करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों को अपनी ताकत पहचाननी चाहिए। किसी भी तरीके की समस्या आने पर अपने संगठन के पदाधिकारी को सूचना दें ताकि व्यापारियों की समस्याओं का तुरंत निदान कराया जा सके।

अगर किसी वजह से लोकल स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तो संबंधित क्षेत्र के नगर अध्यक्ष और महामंत्री की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह जिला स्तर पर संगठन को इसकी सूचना दें। ज़िला चेयरमैन अनिल महेंद्रु ने भी अपने विचार रखे। कहा कि जो व्यापारी अपना काम अधिकारियों से पैसा देकर कराता है वह व्यापारी नहीं हो सकता। ना किसी संगठन का पदाधिकारी हो सकता है। ऐसे लोगों से संगठन के लोग भी दूरी बनाएं। इस मौके पर दलजीत सिंह को पूरनपुर का नगर उपाध्यक्ष बनाया गया।

नितिन वर्मा को युवा नगर अध्यक्ष पूरनपुर बनाया गया। संचालन प्रदीप शुक्ला ने किया। इस मौके पर जगजीवन बाजवा, विवेक खंडेलवाल, गोल्डी जोशी, अनुज खंडेलवाल, डॉ.मयंक सक्सेना, रवि जायसवाल, मलकीत सिंह, प्रदीप सिंह राजू आदि मौजूद रहे।

# विशेष अभियान चलाकर की जाए प्राथमिकता वाले मदों की वसूली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एडीएम वित्त की अध्यक्षता में हुई वसूली की समीक्षा बैठक, संबंधित अधकारियों को दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचार:** एडीएम वित्त ऋतु पूनिया की अध्यक्षता में राजस्व संग्रह के अंतर्गत मुख्य देयों, विधिक देयों की शत प्रतिशत वसूली के लिए शासनादेशों के अनुपालन एवं कार्ययोजना के कार्यान्वयन के लिए वसूली की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान विविध देयों के अंतर्गत शासन के प्राथमिकता वाली मदों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश दिए।

बुधवार को बैठक के दौरान मुख्य देय के अंतर्गत जनपद के सभी नायब तहसीलदारों और उप जिलाधिकारियों से भू-राजस्व के लिए लगान की वर्तमान वित्तीय दर के बारे में जानकारी की गई। इस दौरान एडीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन परिषद द्वारा निर्धारित 22 बिंदुओं पर की जाने वाली समीक्षा के दृष्टिगत सभी कार्रवाईयों के लिए स्वयं प्रकरणों की समीक्षा करें। क्षेत्रों का भ्रमण संबंधित उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए किया जाएं। बड़े बकायेदारों के विरूद्ध बकाया जमा कराने के लिए काश्तकार/बकायादार की संपत्ति की नीलामी एवं भूमि कुर्क कराने के लिए त्वरित कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि कुर्कशुदा भूमि पर काश्तकार/बकायेदार द्वारा बोई गई खडी फसल उन्हीं के द्वारा ही काट ली जाती है जो नियम विरूद्ध है।

नियमतः उस फसल की भी नीलामी कराते हुए काश्तकार/बकायादार से बकाया की वसूली सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसे काश्तकार/बकायेदार जिनके पिता का नाम एवं निवास स्थान का स्पष्ट उल्लेख अंकित न किया गया हो, अथवा बकायादार की मृत्यु हो चुकी हो उसे तत्काल परिषद के पोर्टल पर प्रविष्टि अंकित करते हुए वापस कर दिया जाए। इस दौरान उन्होंने विविध देयों के अंतर्गत शासन के प्राथमिकता वाली मदों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील स्तर पर सभी उप जिलाधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा करने, तहसील के उपस्थित स्टाफ को पूर्ण सूचनाओं एवं दाखिल दिवस का मैमोरेंडम रजिस्टर प्रत्येक समीक्षा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी एसडीएम तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## ढकिया रघा गांव के तालाब में मगरमच्छ पहुंचने से खलबली

**तिलहर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव ढकिया रघा में पिंटू सिंह के मकान के पड़ोस में दो दिन से हो रही बारिश के चलते मगरमच्छ आ गया। सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। जिससे गांव के लोगों में दहशत है। तालाब के रास्ते से निकल कर खेतों में जाने का एकमात्र रास्ता है। लोगों को खेतों में जाते समय भी मगरमच्छ का डर सता रहा है।

ग्रामीणों ने डर से बच्चों के बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिरसिंहपुर पुलिस चौकी पुलिस को दी है। वन विभाग के दरोगा अजय सिंह को ग्रामीणों ने फोन से सूचना दी है। वन विभाग को सूचना दिए लगभग 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़ने के लिए मौके पर नहीं पहुंची है। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने मामले की शिकायत डीएम से करने की बात कही है।

# पुष्प कॉलेज में निरीक्षक मंडल ने देखीं व्यवस्थाएं


पुष्प कॉलेज में निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पुष्प इंस्टीट्यूट में कला संकाय के तहत नवीन पाठ्यक्रम बीए की संबद्धता के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त टीम ने बुधवार को पहुंचकर निरीक्षण किया। निदेशक अनुज भटनागर ने बताया कि महाविद्यालय को उक्त पाठ्यक्रम के लिए अनापत्ति पूर्व में प्राप्त हो गई थी। जिसके क्रम में निरीक्षक मंडल में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. संध्या रानी, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विनय ऋषिवाल, डॉ. प्रिया सक्सेना ने निरीक्षण किया है। साथ ही महाविद्यालय ट्रस्ट, भूमि, अग्निशमन यंत्र आदि अभिलेखों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक डॉ. एसपीएस संधू, प्राचार्य डॉ. मोहम्मद सलीम, उपप्राचार्य डॉ. गीतिका शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# नौगवां वासियों को जल्द मिलेगी सहूलियत, दूर होगी बरात घर की दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तीन करोड़ की लागत से तीन बीघा जगह पर कराया जा रहा बरात घर का निर्माण
- इसी वर्ष पूरा होगा हैंडओवर करने का काम, मुख्यमंत्री कल्याण मंडप योजना के तहत बन रहा बरातघर

**अमृत विचार :** अब मध्यम वर्गीय परिवारों को बच्चों की शादी के लिए बरात घर में मोटी रकम खर्च नहीं करनी पड़ेगी। शासन की ओर से कल्याण मंडप योजना के तहत नौगवां पकड़िया नगर पंचायत में बरातघर बनवाया जा रहा है। तीन करोड़ की लागत से निर्माण पूरा होगा। इसका शुरु कराया जा चुका है। चेयरमैन की मानें तो बरातघर इसी साल नगर पंचायत के हैंडओवर हो जाएगा।

शहर से सटी नौगवां पकड़िया में कुल 15 वार्ड हैं। जिसमें करीब 35 हजार से अधिक आबादी जीवन यापन कर रही है। वर्ष 2019 में नौगवां पकड़िया को नगर पंचायत का दर्जा मिला था। जिसके बाद नगर निकाय चुनाव के तहत जनता ने इस बार पहला चेयरमैन भाजपा प्रत्याशी संदीप कौर को चुना। नगर पंचायत दफ्तर बनने के साथ ही अफसर कर्मचारियों की तैनाती करते हुए कामकाज को भी रफ्तार देने की तैयारी की गई। नौगवां वासियों को सुविधा देने के लिए तमाम दावे किए जा रहे हैं। जिसमें एक दावा बरातघर का पूरा होता दिखाई दे रहा है। बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र में कोई बरातघर नहीं है।

अधिकतर लोगों को शादी बरात के लिए शहर की ओर रुख करना पड़ता था। वहीं मध्यम वर्गीय परिवार के आगे आर्थिक संकट चुनौती खड़ा कर देता। कस्बेवासियों की मांग को देखते हुए चेयरमैन संदीप कौर की ओर से मुख्यमंत्री की ओर से संचालित कल्याण मंडप योजना के तहत बरातघर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।


नौगवां पकड़िया में बनाया जा रहा बरातघर। ● अमृत विचार

जिससे शासन ने स्वीकृति देते हुए तीन करोड़ का बजट भी आवंटित कर दिया। नगर पंचायत ने सरकारी जमीन पर से अवैध कब्जा हटाते हुए उस जगह को बरातघर के लिए चिन्हित किया। नगर पंचायत की ओर से तीन बीघा जमीन पर बरातघर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका काम सीएनडीएस संस्था की ओर से शुरु कर दिया गया है। करीब 70 फीसदी पूरा हो चुका है। यह बरातघर दो मंजिला बनाया जा रहा है। इसमें एक बड़ा हाल के साथ ही घराती और बरातियों के रुकने के लिए अलग-अलग करीब 10 से अधिक कमरे बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था भी होगी।

दूसरे तल पर छोटा हॉल और कमरे के साथ शौचालय बनाए गए हैं। बरातघर के बाहर पार्किंग के लिए भी जगह बनाई गई है। सुरक्षा के लिए लिहाज गार्ड रुम भी तैयार किया गया है। जिसका काम तेजी से चल रहा है,जो जल्द ही नौगवां वासियों को समर्पित किया जाएगा। चेयरमैन ने इस बरातघर का नामाकरण करने के लिए बोर्ड में प्रस्ताव रखा था। जिस पर सर्वसम्मति से इसका नाम वैदेही स्वयंवर रखा गया है। काम पूरा होने के बाद इसका संचालन शुरु कर दिया जाएगा ।

### जिला पंचायत के बरातघर की तर्ज पर होगा संचालन

कल्याण मंडप योजना के तहत बनाए जा रहे इस बरात घर का संचालन जिला पंचायत के पीलीभीत बरातघर की तर्ज पर कराया जाएगा। मानना है कि मध्यम वर्गीय परिवारों से एक निर्धारित शुल्क देकर यह बरातघर दिया जाएगा। बाकी सजावट आदि का टेंट स्वामी को देय करना होगा। इसको लेकर बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर विस्तृत चर्चा करने के बाद शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।


मध्यम वर्गीय परिवार के लिए बरातघर बनवाया जा रहा है। इसमें एक निर्धारित खर्च पर वह अपने बच्चों की शादी या अन्य कार्यक्रम कर सकेंगे। कल्याण मंडप योजना के तहत निर्माण चल रहा है। इसी साल बरातघर नौगवाँ वासियों को समर्पित किया जाएगा। तमाम सहूलियत भी मिलेंगी।
**- संदीप कौर**, चेयरमैन नगर पंचायत नौगवां पकड़िया


बारिश में बच्चे को स्कूल से घर लेकर जाता बाइक सवार।


शहर के मधुवन बाग कॉलोनी के बाहर जलभराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार


मोहल्ला मोहतसिम खां की गली में जलभराव।। ● अमृत विचार



## चेयरमैन साहब को अब आई सफाई कराने की याद

**मझोला :** बुधवार को क्षेत्र में तेज बारिश से शहर में कहीं जलभराव होने पर फजीहत न झेलना पड़े। इसको लेकर नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह सतर्क रहे। वह बारिश के बीच छाता लेकर टीम के साथ भ्रमण पर निकले और नाला नालियों की साफ सफाई कराई।


शहर में जलभराव का जायजा लेने पहुंची चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

# शहर में पानी भर रहा, क्योंकि नगर पालिका की आंखों का पानी मर चुका

## 50 एमएम बारिश से सड़कें डूबीं, गली मोहल्लों में भरा पानी तो घरों से निकलना हुआ मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** फिर बारिश हुई और फिर से शहर में जलभराव हो गया। शहर में पानी न भर सके इसके लिए नगर पालिका के जिम्मेदारों के पास न तो कोई सोच है न ही नीयत। शहर को जलभराव से राहत दिलाने के लिए बनाए जा रहे नाला निर्माण में भ्रष्टाचार की पोल पहले ही खुल चुकी है। वहीं, हर बार की तरह इस बार भी नाला सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर औपचारिकता निभा दी गई। यही वजह है कि हर बारिश के बाद जलभराव सालों साल से इस शहर की नियति बन चुका है। मंगलवार की रात को शुरू हुई बारिश बुधवार को पूरी दिन रूक-रूककर होती रही। इससे शहर के सभी छोटे-बड़े नाले उफना गए। मुख्य मार्गों से लेकर आम गली मोहल्लों में सड़कें तालाब बन गई। कामकाज के लिए घरों से निकलना भी जलभराव के चलते मुश्किल हो गया। विशेषज्ञों की मानें तो तीन से चार दिन ऐसे ही बारिश रहेगी। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि हर साल की तरह इस बार भी लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ेंगी।

**● मंगलवार रात से शुरू हुई बारिश बुधवार को दिनभर रूक-रूककर होती रही**

मंगलवार को दिन में पूरनपुर, बीसलपुर क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी जबकि शहर में देर शाम हल्की बूंदाबांदी हुई थी। रात को बारिश हुई और बुधवार को दिनभर रूक-रूककर बारिश का सिलसिला जारी रहा। शहर के मुख्य बाजार, चूड़ी वाली गली, रंगीलाल चौराहा से अग्रवाल सभा भवन की तरफ, चरक का कुआं, मोहतसिम खां, इमली चौराहा, मोहल्ला सुनगढ़ी, नई बस्ती समेत कई इलाकों में पानी भर गया।

जलभराव से जूझ रही जनता नगर पालिका के जिम्मेदारों को अपनी समस्या बताने का प्रयास करती रही लेकिन वह घर से नहीं निकले। नजीजतन, लोग घरों में फंसकर रह गए। हालांकि सुबह करीब 11 बजे कुछ इलाकों में पानी नालियों के रास्ते निकल गया। मगर इसके बाद कीचड़ हादसे का सबब बनी रही। कृषि विशेषज्ञ डा.एसएस ढाका ने बताया कि बीते 24 घंटे में 50 एमएम बारिश दर्ज की गई है। अभी छह से सात जुलाई तक मौसम ऐसा ही रहेगा।


मधुबन बाग कॉलोनी के पास हुए जलभराव से गुजरती पालिका अध्यक्ष की गाड़ी।


बारिश में छाता लगाकर वाहन का इन्तजार करते लोग।


आमडार गांव में स्कूल को जाने वाले मार्ग पर कीचड़ और जलभराव। ● अमृत विचार


गौहनिया चौराहे पर बारिश में रोड पार करने को खड़े स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार


अग्रवाल सभा भवन के पास सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार


बारिश में छाता लगाए जातीं युवतियां।

## ग्रामीण अंचलों में भी स्कूल-दफ्तरों में भरा पानी

**बरखेड़ा :** बारिश से ग्रामीण अंचलों में भी हाल बेहाल रहा। स्कूल कॉलेज परिसर से लेकर सरकारी दफ्तरों में जलभराव हुआ। राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय समेत अन्य जगह पानी भर गया। कई स्कूलों में भी जलभराव होने से दिक्कत रही। क्षेत्र के गांव आमडार में राजकीय हाई स्कूल के मेनगेट और विद्यालय परिसर में जलभराव रहा। स्कूल जाने वाले जर्जर रास्ते पर तो दलदल सी बन गई। जिसके चलते स्कूल तक पहुंचने में भी दिक्कत हुई।

## वाहन हुए बंद और राहगीर हो गए परेशान

सड़कों पर हुए जलभराव के बाद सर्वाधिक दिक्कत पैदल और दुपहिया वाहन चालकों को हुई। तमाम स्कूटी और बाइक सवार सड़कों पर वाहन खींचते दिखाई दिए। जलभराव के बीच वाहन निकालने से साइलेंसर में पानी पहुंचने से वाहन अधर में ही बंद हो गए। फिर जैसे तैसे उन्हें सटार्ट करने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। इसके अलावा नौगवां अंडरपास में भी जलभराव हुआ। जिससे दिक्कत बनी रही।

## नालों में खूब बहाया गोबर

शहर के भीतर जलभराव और गंदगी को लेकर नगर पालिका के इंतजामों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए खुद के जागरुक होने को लेकर भी बात की जा रही है। इन सबके बीच शहर के भीतर संचालित डेयरियों से भी नालियों में गोबर बहाने पर सख्ती नहीं की जा सकी है। बुधवार सुबह कुछ देर के लिए बारिश तेज हुई तो अधिकांश डेयरी संचालकों ने गोबर नालियों में बहा दिया। बारिश रूकने के बाद सड़कों पर जमा हटा तो गोबर दुपहिया वाहन चालकों के लिए हादसे का सबब बना रहा।

## टीम के साथ शहर का भ्रमण करने निकली चेयरमैन ने देखे हालात

बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव की दिक्कत बनी हुई थी। इसी बीच सड़कों का हाल जानने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष डा .आस्था अग्रवाल टीम के साथ बारिश के बीच भ्रमण पर निकली। मधुवन रोडसमेत अन्य इलाकों में पहुंचकर हाल देखा। नगर पालिका के कर्मचारियों को साफ सफाई के लिए लगाया गया। कुछ जगह नाली चोक होने की दिक्कत मिलने पर उसके सुधार के निर्देश दिए गए।


शहर में स्टेशन रोड पर हुए जलभराव में पैदल जातीं महिलाएं।


शुगर फैक्ट्री मार्ग पर बारिश में बच्चों को घर लेकर जाती महिला।


बारिश में भीगते हुए जातीं महिलाएं बच्चे। ● अमृत विचार


आवास विकास कॉलोनी के पार्क की ढही दीवार। ● अमृत विचार

## आवास विकास कॉलोनी के पार्क की गिर गई दीवार

बारिश के बीच कच्चे मकानों में गुजर बसर करने वालों को भी चिंता सताने लगी है। वहीं, पुराने निर्माण भी ढहने का डर लोगों को सता रहा है। बीती दो बारिश में दो निर्माणाधीन नालों की दीवार भी ढह चुकी है। इधर, बुधवार को हुई बारिश के बीच आवास विकास कॉलोनी के पार्क की दीवार ढह गई।


नौगवां अंडरपास में जलभराव के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार


छुट्टी होने पर बारिश में छाता लगाकर जाते परिषदीय स्कूल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


शहर में स्टेशन रोड पर हुए जलभराव में पैदल जातीं महिलाएं। ● अमृत विचार


शहर के छतरी चौराहे से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर हुए जलभराव से गुजरते वाहन व लोग। ● अमृत विचार

# पूरनपुर में बारिश से उफनाए नाले... हर तरफ पानी-पानी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** दो दिन से हो रही बरसात से साफ सफाई की पोल खुल गई। कस्बे की मुख्य सड़कों से लेकर गांवों की गलियों में जलभराव हो गया। लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। हालांकि धान रोपाई करने वाले किसानों को बरसात से फायदा हुआ। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के चलते लोग परेशान थे।

सोमवार रात से शुरू ही बरसात मंगलवार दिन में हुई। रात को भी मूसलाधार बरसात हुई जिससे शहर के बड़े नाले उफना गए। इसके चलते सड़कों पर पानी भर गया। पूरनपुर के तिरंगा चौराहे के पास सड़क पर पानी भरा रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। कई बाइक सवार गंदे पानी में गिर गए। पूरनपुर देहात के कई मोहल्लों में भी जलभराव हो गया। सड़कों पर कई फीट तक पानी भरा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई।

नगर से सटी ग्राम पंचायत नारायणपुर में पानी निकास की व्यवस्था न होने से जलभराव हो गया। इसको लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई। उन्होंने ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की लेकिन उन्होंने पानी निकास की व्यवस्था नहीं कराई जिसको लेकर लोगों में रोष पनप रहा है।

गांवों में भी कच्ची गलियां कीचड़ युक्त हो गई, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। धान रोपाई के लिए किसानों को ट्यूवेल का सहारा नहीं लेना पड़ा। बरसात के पानी से ही छोटे और मझौले किसानों ने धान रोपाई शुरू कर दी।


पूरनपुर में एक स्थान पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

## शेरपुर में मजार में घुसा पानी, वीडियो वायरल

**पूरनपुर :** बरसात ने गांवों में की जा रही साफ सफाई व्यवस्था की भी हकीकत सामने ला दी है। कई गांव में नालियों की सफाई न होने से सड़कों पर पानी भर गया। ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में पानी निकास की व्यवस्था न होने से जलभराव की स्थिति बन गई। गांव में एक मजार के अंदर पानी भर गया। मजार के पानी में डूब जाने से लोगों में नाराजगी देखी गई। जल भराव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मजार में जल भराव होने पर लोगों में नाराजगी देखी गई। लोगों ने साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।



## एक नजर

### झपट्टा मारकर बाइक सवार छीन ले गए मोबाइल

**शाहजहांपुर।** शहर निवासी सुशील मिश्र ने बताया कि वह मंगलवार की रात रात इमली चौराहा पर सड़क पर चलते समय मोबाइल से बात कर रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार उच्चकों ने झपट्टा मारकर फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है।

### साउथ सिटी में आया सियार, दहशत में लोग

**शाहजहांपुर।** साउथ सिटी में बुधवार शाम को सियार आ गया। इससे साउथ सिटी में दहशत फैल गई। सबसे पहले विजय कुमारा की सियार पर नजर पड़ी, फिर उन्होंने अपने पड़ोसी रवि शर्मा को बताया। इसके बाद बात पूरी कॉलोनी में फैल गई। इसके बाद मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। लोगों ने उसे खन्नौत नदी किनारे खदेड़ दिया।

### जीप ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**जलालाबाद।** कटयुली निवासी रत्नेश बाइक पर जलालाबाद से अपने गांव लौट रहे थे। तभी एक जीप चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। जीप चालक मय गाड़ी मौके से फरार हो गया। बाइक लड़खड़ाकर पैदल यात्री से टकराई, जिससे गांव कोठी वाला बाग निवासी नारायण का सिर फट गया। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# स्कूल परिसर में पेड़ से लटका मिला घर से लापता युवक का शव

## परिजन बोले- शराब पिलाकर की हत्या, फिर शव फंदे पर लटकाया

संवाददाता, जैतीपुर/ शाहजहांपुर

अमृत विचारः गांव सलेमपुर में एक युवक का शव प्राइमरी स्कूल परिसर में पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला है। परिजनों ने कुछ लोगों पर शराब पिलाकर हत्या करने और शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी 22 वर्षीय विजेंद्र कुमार मजदूरी कर करता था। मंगलवार रात शाम सात बजे वह घर से निकला और रात भर वापस नहीं आया।

आम तौर पर ऐसा होता नहीं था। विजेंद्र रात भर घर से बाहर नहीं रहता था। ऐसे में परिवार वालों को चिंता हुई। उन्होंने गांव में उसकी तलाश शुरू की। आसपास के लोगों से पूछा। जहां-जहां वह हो सकता था, उन सभी स्थानों पर ढूंढा, लेकिन उसका पता नहीं चला।

परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे कि बुधवार की सुबह छह बजे ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल परिसर में पेड़ से रस्सी से लटका हुआ देखा। शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी। घुरई लाल स्कूल परिसर में पहुंचे और देखा कि उनके बेटे का शव लटका हुआ है।

उन्होंने थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी की। मृतक के पिता का आरोप है कि उनका एक रिश्तेदार से जमीन का विवाद चल रहा है। इसको लेकर दूसरे पक्ष के लोग काफी दिनों से रंजिश मानते हैं। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने विजेंद्र को विश्वास में लेकर उसे शराब पिला दी होगी।

इसके बाद हत्या करके शव को पेड़ से लटका दिया। मृतक विजेंद्र पांच भाइयों में चौथे नंबर का था और उसकी मां का नाम रामा देवी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### आत्महत्या करने की कोई वजह नहीं

विजेंद्र के परिजनों ने बताया कि उसके पास आत्महत्या करने का कोई कारण नहीं था। कोई यूं ही अचानक जाकर फांसी कैसे लगा सकता है। वह तनाव में भी नहीं था। जो कहा जाए कि उसने तनाव के चलते आत्महत्या कर ली होगी। ऐसे में उसके आत्महत्या करने की बात गले नहीं उतरती है। बिना किसी कारण कोई आत्महत्या क्यों कर लेगा। दूसरी पुलिस का कहना है कि अभी तक वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे। पुलिस ने गांव में जांच की है, लेकिन वह कोई महत्वपूर्ण बात सामने नहीं आई है। सबसे पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से काफी कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

- **जैतीपुर क्षेत्र के गांव सलेमपुर का मामला, मंगलवार शाम सात बजे घर से निकला था विजेंद्र**

> मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।
> -**अवधेश सेंगर**, प्रभारी निरीक्षक

## मकान का लिंटर खोलते समय लगा करंट, युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** महाऊदुर्ग गांव में मकान का लिंटर खोलते समय लोहे का गार्डर बिजली के तार से छू जाने से हादसा हो गया। करंट लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटनाक्रम का पता लगने पर परिवार में कोहराम मच गया।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव महाऊदुर्ग निवासी 28 वर्षीय अवनीश कुमार ने दो सप्ताह पूर्व अपने दो मंजिल मकान पर लिंटर डलवाया था। मंगलवार की शाम पांच बजे वे मजदूरों के साथ लिंटर खोल रहा था। लोहे का गाटर निकालते समय बिजली के तार में स्पर्श हो गया। करंट लगने से वह बेहोश हो गया। इस दौरान मजदूरों में अफरा-तफरी मच गयी। परिवार वाले अवनीश को लेकर मेडिकल कालेज ले गए। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि लोहे का गाटर बिजली के तार में स्पर्श हो जाने से उसकी करट से मौत गयी थी। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# पहले ठेकेदार को मार डाला, अब दूसरे भाई की हत्या करने की रच रहा साजिश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मां ने साजिश में साथ देने से मना किया तो कर दी पिटाई हत्यारोपी ने ताना रिवाल्वर**
- **मां पर फायर करने का भी आरोप, वर्ष 2019 में ठेकेदार राकेश यादव की हुई थी हत्या**

अमृत विचारः पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार राकेश यादव की कई साल पहले आरोपी अभयराज ने हत्या कर दी थी। आरोप है कि अब हत्यारोपी राकेश यादव के भाई राजेश यादव की हत्या की साजिश रच रहा है, जिसमें मां पर शामिल होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मना करने पर आरोपी ने अपनी मां को मारा पीटा और रिवाल्वर तानकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने हत्यारोपी, उसकी पत्नी व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी नीता गुप्ता ने बताया कि उसका बड़ा पुत्र अभयराज अपराधी किस्म का है। उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2019 में पीडब्लूडी ठेकेदार राकेश यादव निवासी कटिया टोला थाना सदर बाजार की हत्या की गई थी। उनका बेटा अभय उस केस में अभियुक्त है। 30 जून की रात दस बजे आरोपी बेटा घर पर आया और मृतक राकेश यादव के भाई राजेश यादव की हत्या की साजिश रचने लगा। अभय उन पर हत्या में शामिल होने का दबाव बनाने लगा। नीता ने कहा कि उसके तीन और छोटे बेटे हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं। वह किसी कीमत पर साथ नहीं देंगी। उनके इंकार करने पर आरोपी अभयराज ने अपनी मां को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच उसका छोटा पुत्र निर्भय राज व रुद्रराज आ गए और मां को बचाने का प्रयास किया। इस पर आरोपी अभयराज ने अपनी पत्नी दिव्यांशी से रिवाल्वर लेकर मां के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। वह किसी तरह बच गईं। आरोपी की पत्नी ने फोन करके अपने तीन अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपी अभयराज ने अपनी पत्नी व तीन अन्य साथियों के साथ मां व दो भाइयों को मारा पीटा और जान से मारने की नीयत से रिवाल्वर तान दिया।

आरोपियों ने घरेलू सामान तोड़ दिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने व फर्जी मुकदमा लिखाने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता को अपने बेटे अभयराज, उसकी पत्नी तथा तीन अज्ञात लोगों से जानमाल का खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि अभयराज, उसकी पत्नी दिव्यांशी तथा तीन अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## नगदी-जेवर लेकर मायके चली गई बहू महिला पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी मथुरा प्रसाद ने बताया कि उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। उसके तीन बेटे है और दो बेटे परिवार के साथ मकान के दो मंजिल पर रहते है। दोनां बेटे अलग-अलग खाना बनाते है।

पीड़ित ने बताया कि मकान के निचले हिस्से में वह और उसका छोटा बेटा सत्यजीत परिवार के साथ रहता है। उसने अपने बेटे सत्यजीत की शादी दस माह पूर्व खुशबू निवासी गल्ला मंडी गेट थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ की थी। शादी के बाद से खुशबू उसे तथा उसके बेटे को परेशान करने लगी और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। उसकी पुत्र वधू रास्ते में जाती हुई मिली और पूछा कि कहां जा रही हो। खुशबू ने कहा कि अभी बाजार से लौटकर आ रही हूं। उसके साथ उसका भाई भी था। उसके बेटे ने शाम को फोन मिलाया तो खुशबू ने कहा कि मायके चली आई है। आरोप है कि उसकी पुत्र वधू नगदी तथा आठ लाख रुपये के जेवर ले गयी है। उसने ससुराल आने से मना कर दिया और धमकी दी कि दहेज उत्पीड़न के झूठा मुकदमा दर्ज करा देगे।

# पुलिस ने हिरासत में लिए चार संदिग्ध, पूछताछ में जुटी

संवाददाता, पूरनपुर

- **मंगलवार को व्यापारी के घर हुई दस लाख की चोरी का मामला**
- **अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है रिपोर्ट, एसओजी भी लगाई**

अमृत विचारः मिष्ठान व्यापारी के घर हुई दस लाख की चोरी के मामले में पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। चार संदिग्ध हिरासत मेंलिए गए हैं। जिनसे पूछताछ चल रही है। कोतवाली पुलिस के अलावा एसओजी टीम भी लगाई गई है। हालांकि पुलिस के हाथ अभी कोई ठोस साक्ष्य नहीं लग सका है।

नगर के मोहल्ला चौक के रहने वाले मिष्ठान व्यापारी कुलदीप गुप्ता के घर सोमवार रात चोर छत के रास्ते घुसे थे। परिवार वाले सोते रहे और चोर नकदी -जेवरात समेत दस लाख का सामान समेट ले गए थे। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की।

व्यापारी के घर में घुसे चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस ने दूसरे दिन बुधवार को आस पड़ोस के प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। शक के आधार पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। व्यापारी का घर कई घरों के बीच में बना हुआ है। चोर छत के सहारे उनके घर में दाखिल हुए थे लेकिन किस पड़ोसी की छत से चोर मिष्ठान व्यापारी की छत तक पहुंचे। यह पता लगा पाना पुलिस के लिए मुश्किल है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। घटना के बाद पूरनपुर पहुंची एसओजी टीम दूसरे दिन भी डेरा जमाए रही। एसओजी टीम सर्विलांस की मदद से चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। कस्बा इंचार्ज प्रद्युम्न कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी गई।

### पड़ोसी के घर में भी घुसे थे चोर

सोमवार रात व्यापारी कुलदीप गुप्ता के घर चोरी हुई थी। इसके अलावा चोरों ने आशीष अग्रवाल के घर को भी खंगाला था। लेकिन वहां चोर अपनी मंशा में सफल नहीं हो सके। चोरों ने आशीष के घर में पेचकस के सहारे लॉक खोलने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं खुला।

# बारिश में महोली-मैरी स्टेशन के बीच अप लाइन रेल पटरी किनारे की मिट्टी धंसी

संवाददाता, शाहजहांपुर

- **सीतापुर क्षेत्र की घटना, चाबीमैन ने महोली रेलवे स्टेशन मास्टर और कंट्रोल रूम को दी सूचना**

**अमृत विचारः** सीतापुर ब्रांच लाइन पर बारिश के दौरान मैरी और महोली स्टेशन के बीच अप लाइन पटरी के किनारे की मिट्टी धंस गयी। इससे अप लाइन पर करीब पांच घंटे ट्रेनों का संचालन प्रभारी रहा। इस दौरान मालगाड़ी को रोक दिया गया था। सवारी गाड़ियों का संचालन डाउन लाइन से होकर किया गया।

यह मामला सीतापुर क्षेत्र का है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे बारिश के दौरान चाबीमैन सीतापुर ब्रांच लाइन पर रेल पटरी चेक करता रहा था। इसी दौरान चाबीमैन ने देखा कि मैरी और महोली रेलवे स्टेशन के बीच अप लाइन पर एक स्थान पर बारिश के दौरान रेल पटरी के नीचे से मिट्टी धस गयी। चाबीमैन ने महोली रेलवे स्टेशन मास्टर तथा रेलवे कंट्रोल को सूचना दी। कंट्रोल ने महोली के पीडब्लूआई को जानकारी करके अवगत कराया।

पीडब्लूआई मौके पर पहुंचे और देखा कि एक स्थान पर रेल पटरी के नीचे मिट्टी धस गयी है। इस दौरान रोजा स्टेशन से चार वैगन में मिट्टी तथा पत्थर के टुकड़े गए। कर्मचारियों ने रेल पटरी के नीचे मिट्टी और पत्थर के टुकड़े डाले। इस दौरान सीतापुर से रोजा के लिए आ रही मालगाड़ी को पीछे से रोक दिया गया। डाउन लाइन पर रेल संचालन जारी रहा। पांच घंटे बाद रेल संचालन जारी हुआ। अप लाइन की ट्रेनों को डाउन लाइन ट्रेन से निकाला गया। महोली स्टेशन मास्टर रामजी ने बताया कि एक स्थान पर रेल पटरी के नीचे मिट्टी धस गयी थी। रेल संचालन पर प्रभाव नहीं पड़ा।

## फरार गैंगस्टर का अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि 30 मई को सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने राजेश कुमार निवासी तुलसीपुर कुडवा थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ, रामऔतार निवासी खपटी थाना कांट, सतीश निवासी निकरा थाना कांट, पप्पू निवासी पल्हौरा थाना कांट, अनूप कुमार निवासी कचनार जिला सीतापुर, जयपाल निवासी कुर्रिया कला थाना कांट, राजीव निवासी कमलनैनपुर थाना कांट, विशाल निवासी सबलापुर थाना पुवायां, सूरज निवासी खरगपुर जिला सीतापुर के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने फरार अभियुक्त रामऔतार निवासी खपटी थाना कांट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में विवेक कुमार, सिपाही आकाश थे।

# सड़क हादसे में ट्रक चालक समेत तीन लोगों की मौत

कार्यालय, शाहजहांपुर

- **कुर्रिया कला रोड पर पुलिया से बाइक टकराने से युवक की मौत**

**अमृत विचारः** अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार, ट्रक चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

कांट थाना क्षेत्र के गांव मलपुर निवासी 25 वर्षीय हनीफ तथा उसके गांव के दोस्त ज्वाला और रामवीर मंगलवार की शाम छह बजे बाइक से इमलिया गांव जा रहे थे। कुर्रिया कला रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गयी। बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर फोर्स के साथ पहुंचे और तीनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। इधर खबर मिलने पर तीनों के परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। इलाज के दौरान हनीफ की मौत हो गयी। बाइक मृतक की चला रहा था। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

इधर, पुवायां के भैंसटा गांव के ईश्वरदयाल का 40 वर्षीय पुत्र पवन वर्मा उर्फ कुन्नू लखनऊ में ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक ड्राइवरी करता था। बुधवार सुबह लगभग 4 बजे हरदोई में हुए सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। पवन लखनऊ से ट्रक की चेचिस लेकर हरदोई की तरफ आ रहा था कि रास्ते में टड़ियावां थाना में विद्युत उपकेंद्र के पास ट्रक पेड़ से टकरा गया, इसमें पवन की मौत हो गई। मृतक पवन के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## किशोरों में शारीरिक बदलाव, भ्रांतियों में फंस बिगाड़ रहे सेहत

**बरेली, अमृत विचार :** किशोर अवस्था में तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं, जानकारी के अभाव के चलते किशोर इस बदलाव को लेकर काफी चिंतित हो जाते हैं, कई बार तो वह अवसाद की गिरफ्त में आ जाते हैं। ऐसे ही किशोरों की काउंसलिंग के लिए जिला अस्पताल में साथिया क्लिनिक (किशोर परामर्श केंद्र) संचालित हो रहा है। यहां हर माह करीब 200 से 250 किशोरों की काउंसिलिंग हो रही है, जिसमें सर्वाधिक मामलों में किशोर यौन संबंधी शारीरिक बदलाव होने के चलते चिंतित मिले हैं। किशोर परामर्श केंद्र के काउंसलर नदीम खान के अनुसार सर्वाधिक मामले यौन के साथ ही त्वचा और शारीरिक विकास प्रभावित होने संबंधी आ रहे हैं, हालांकि काउंसलिंग के दौरान किशोरों की भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। उन्हें इससे बचने की सलाह भी दी जा रही है। बताया कि किशोर अगर घर में अकेलापन महसूस करे, खाना समय पर न खाए तो परिजन फौरन उसे परामर्श केंद्र भेजें। अनदेखी करने से किशोर कई बार मानसिक अवसाद की स्थिति में पहुंच जाते हैं और उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ने लगता है।

# अवध असम एक्सप्रेस में भारी भीड़, हंगामा

## चलती ट्रेन से कूदे कई यात्री, गीले प्लेटफार्म पर फिसले, जंक्शन पर दो बार ट्रेन को रोका गया

बरेली, कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्लॉक की वजह से बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित है। ऐसे में दूसरी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। बुधवार को अवध असम एक्सप्रेस में भीड़ के कारण हंगामा हुआ। दरअसल, जो यात्री प्लेटफार्म पर थे, वे चढ़ नहीं पा रहे थे, जो ट्रेन के अंदर थे, वे उतर नहीं पा रहे थे। इस बीच ट्रेन चल दी। कई यात्री चलती ट्रेन से कूद पड़े और गीले प्लेटफार्म पर फिसल कर गिर गए। दो बार ट्रेन को रोका गया। जो लोग ट्रेन से रह गए थे, आरपीएफ के स्टाफ ने उनका ट्रेन से उतारा। तब अवध असम एक्सप्रेस प्लेटफार्म से रवाना हो सकी।

15910 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटा से ज्यादा की देरी से बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर दोपहर 13 बजकर 24 मिनट पर पहुंची। पहले से मौजूद यात्रियों ने सवार होना शुरू कर दिया। जनरल कोच मुरादाबाद छोर की तरफ लगते हैं और इस तरफ शेड नहीं होने की वजह से बारिश में भीगते हुए यात्रियों को ट्रेन में सवार होने की जल्दबाजी थी। वहीं भीड़ के कारण गेट ब्लॉक होने से बड़ी तादाद में यात्री जिन्हें उतरना था वो उतर नहीं पाए। इस बीच सिग्नल भी हो गया और ट्रेन चलने लगी। तभी एक के बाद एक लोगों ने ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया और चीख पुकार मच गई। यह नजारा देख गार्ड ने ट्रेन रुकवाई और कुछ और लोग उतरे। ट्रेन चली तो फिर किसी ने चेन पुलिंग कर दी। जिसके बाद आरपीएफ ने मोर्चा संभाला और जो लोग रह गए थे उनको ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस चढ़ने और उतरने को लेकर यात्रियों में खूब बहस भी हुई।



ट्रेन में चढ़ने को धक्कामुक्की करते लोग। ● अमृत विचार

### यह ट्रेनें रहीं निरस्त और लेट

बारिश और अलग-अलग सेक्शन में चल रहे ब्लॉक के कारण बुधवार को 15211 जननायक एक्सप्रेस, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस और 22199 सुशासन एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहा। वहीं 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 5 घंटा 27 मिनट, 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 5 घंटा 50 मिनट, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस 1 घंटा 8 मिनट, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी एक्सप्रेस दो घंटा, 13009 दून एक्सप्रेस तीन घंटा, 12232 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस एक घंटा, 15098 अमरनाथ एक्सप्रेस 1 घंटा 18 मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस 1 घंटा 36 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इस वजह से यात्रियों को परेशानी हुई।

### यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते रद रहेगी 60 ट्रेनें सात का बदला मार्ग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते रेलवे ने अगस्त तक के लिए 60 ट्रेनों को रद किया है। जबकि सात ट्रेनों के मार्ग बदले हैं। इसके अलावा कई ट्रेनों को रोककर भी चलाया जाएगा। जिसके चलते अगले एक महीने के लिए ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए परेशानी होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल के शाहजहांपुर-लखनऊ व रोजा-सीतापुर सिटी डबल रेल लाइन में रोजा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए आगामी सात जुलाई से पांच अगस्त तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग व नॉन इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। इस कार्य के लिए ब्लाक लिया गया है। जिसके चलते मुरादाबाद रूट की 60 ट्रेनों को रद किया गया है। रिमॉडलिंग के चलते 96 ट्रेनें प्रभावित होंगी। उनका कहना है कि एनआई का काम दो अगस्त से शुरू होगा, लेकिन प्रमुख गाड़ियों के संचालन में फेरबदल किया गया है।

## बर्ड फ्लू से मुर्गियों बचाने के लिए वैज्ञानिक करेंगे शोध

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट सौंपा गया है, जिसका उद्देश्य बर्ड फ्लू से मुर्गियों को सुरक्षित रखना है। इस प्रोजेक्ट के तहत एक करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिसका उपयोग मुर्गियों की जीन स्टडी पर किया जाएगा, ताकि उन्हें बर्ड फ्लू से प्रभावी रूप से बचाया जा सके।

इस प्रोजेक्ट के माध्यम से वैज्ञानिक यह समझने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार की जीन संरचना मुर्गियों को बर्ड फ्लू के प्रति प्रतिरोधक क्षमता प्रदान कर सकती है। अध्ययन के सफल होने पर मुर्गियों की नई नस्लें विकसित की जा सकेंगी, जो बर्ड फ्लू से प्रभावित नहीं होंगी, जिससे पोल्ट्री उद्योग को लाभ होगा। निदेशक डॉ अशोक तिवारी के अनुसार केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान की ओर से मुर्गियों में वृद्धि और पालकों की आय को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से मुर्गियों को बर्ड फ्लू से बचाया जा सकेगा, जिससे उनकी मृत्यु दर में कमी आएगी।

# रेलवे अब जनवरी में लागू करेगा नया टाइम टेबल

मुरादाबाद, कार्यालय

- नई समय सारिणी में ट्रेन के सफर को आसान बनाने पर चल रहा मंथन

**अमृत विचार:** इस बार रेलवे ने अपना नया टाइम टेबल एक जुलाई से लागू नहीं किया। ढांचागत सुधार और विकास योजनाओं के चलते रेल मुख्यालय ने नए टाइम टेबल को अगले छह महीने के लिए टाल दिया है। जिसके चलते रेलवे अब अपना नया टाइम टेबल अगले साल एक जनवरी को लागू करेगा।

रेलवे ट्रेनों के नए संचालन को लेकर हर बार नया टाइम टेबल जारी करता है। कुछ समय से रेलवे का टाइम टेबल एक जुलाई को जारी हो रहा था। केंद्र में सरकार बनते ही रेल संचालन को पटरी पर लाने के लिए पहले दिन से तैयारी की जा रही है। अश्विनी वैष्णव के रेल मंत्रालय संभालते ही बड़ौदा हाउस टाइम टेबल को लेकर तैयारी पर मंथन करने लगा। जिसके लिए जून में तैयारी भी हुई। दिल्ली मुख्यालय में एक जोन से दूसरे जोन तक चलने वाली ट्रेनों के संचालन को लेकर माथा पच्ची हुई, लेकिन टाइम टेबल जारी होने से पहले हुए रेल हादसे के चलते तैयारी पर मंथन रुक गया। बड़ौदा हाउस ने जून के मध्य में नए टाइम टेबल की तैयारी पर विराम लगा दिया। विभाग का कहना है कि नया टाइम टेबल अब छह महीने बाद जारी होगा। एक जनवरी 2025 को भारतीय रेलवे अपना नया टाइम टेबल जारी करेगा। हालांकि रेल मुख्यालय के इस फैसले को विभाग में चल रही नई तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि रेलवे में ट्रैक और स्टेशनों के पुनर्विकास को लेकर चल रही तैयारी प्रमुख है। पुराने ट्रैक अब अपग्रेड हो रहे हैं। मुरादाबाद मंडल में ही इस साल 148 किमी रेल खंड में ट्रेनों की गति बढ़ी है। गजरौला-मुअज्जमपुर, लक्सर-हरिद्वार सेक्शन में 100 से बढ़कर 110 और नजीबाबाद- कोटद्वार सेक्शन में 50 से 80 किमी के बाद रोजा-सीतापुर सिटी, मुरादाबाद-सहारनपुर, रोजा-आलमनगर (लखनऊ) और खुर्जा सिटी से मेरठ सिटी सेक्शन में ट्रेनों की गति 110 हो चुकी है। ट्रैक अपग्रेड होने के साथ ही देहरादून से लखनऊ और लखनऊ से आनंद विहार के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलने लगी हैं।

# माल ढुलाई से रेलवे ने जून में कमाए 64.94 करोड़

बरेली, कार्यालय

- बीते साल के मुकाबले जून में माल लदान 52 प्रतिशत बढ़ा
- इस साल जून में किया 0.4661 मिलियन टन माल का लदान

**अमृत विचार :** बीते दिनों में रेल प्रशासन ने माल लदान की सुविधाओं में काफी इजाफा किया है। व्यापारियों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उन्नत माल-लदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही माल लदान में बढ़ोतरी के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों को सुनियोजित तरीके से रिझाने के प्रयास किए गए। परिणामस्वरूप जून में 0.4661 मिलियन टन माल का लदान हुआ। इस लदान से रेलवे ने जून में 64.94 करोड़ रुपये कमाए हैं, विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह बीते साल जून में हुए माल लदान 0.3060 मिलियन टन की तुलना में 52.32 प्रतिशत अधिक है। बीते साल जून में माल लदान से 32.31 करोड़ की आय हुई थी। इस साल जून में बीते साल की तुलना में लगभग 101 प्रतिशत अधिक आय प्राप्त हुई है। 2024-25 की प्रथम तिमाही में जून तक कुल 0.9471 मिलियन टन माल लदान हुआ, जो बीते वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही माह के कुल 0.8689 मिलियन टन की तुलना में लगभग 09 प्रतिशत अधिक है।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बीते साल वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही माह में माल लदान से 88.14 करोड़ रुपये की आय हुई थी, जबकि इस वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही माह में 113.60 करोड़ की आय हुई है, जो बीते साल की तुलना में 28.90 प्रतिशत अधिक है।

## बारिश की वजह से रोडवेज बसों में घटी यात्रियों की संख्या

**बरेली, अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश का असर रोडवेज पर भी पड़ रहा है। बस स्टेशनों पर कंडक्टर यात्रियों का इंतजार कर रहे हैं। ड्राइवरों को लोड फैक्टर की चिंता सता रही है।

पुराना बस अड्डे से बरेली डिपो की हल्द्वानी, लखनऊ, दिल्ली, आगरा, जयपुर, मथुरा, हरिद्वार, चंडीगढ़ मुरादाबाद रामपुर आदि जगहों के लिए बसें चलती हैं। इस डिपो में 204 बसें हैं। प्रतिदिन 20 हजार यात्री बसों में सफर करते हैं, लेकिन बारिश ने यात्रियों की संख्या में कमी कर दी है। दिल्ली जाने वाली बस के चालक हरीराम के अनुसार बारिश की वजह से कम संख्या में यात्री सफर के लिए निकल रहे हैं। बस से कुछ ही यात्री जा रहे हैं। बीच स्टेशनों के लिए जो भी यात्री मिल रहे हैं उन्हें भी बैठा रहे हैं। बस में 45 से 50 यात्री भी होना जरूरी हैं। बरेली डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव के अनुसार औसतन एक दिन में दो हजार यात्री कम हुए हैं। दो दिन से सुबह से ही भारी बारिश हो रही है। दो दिन में चार हजार यात्रियों की संख्या कम हुई है। इससे आय भी प्रभावित हो रही है।

# पत्नी की हत्या कर फंदे पर लटकर पति ने दी जान

लखीमपुर खीरी, कार्यालय

- घर से पांच सौ मीटर दूर पेड़ से लटका मिला पति का शव, नशे का आदी था पति

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव गढ़रुआ में दिल दहला देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। नशा करने का विरोध करने पर नशेड़ी पति ने मंगलवार की रात अपनी 28 वर्षीय पत्नी की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। उसके बाद उसने अपने घर से 500 मीटर दूर खेत किनारे लगे नीम के पेड़ से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

गांव गढ़रुआ निवासी मुकर्रम (30) की शादी देवकली के गांव चमनपुरवा निवासी शौकीन की पुत्री इनिया के साथ हुई थी। परिवार वालों के मुताबिक मुकर्रम रिक्शा चलाकर और मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था और वह अपने पिता के मकान से करीब 100 मीटर की दूरी पर बने अपने मकान में पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहता था। उसके नशे का आदी होने के कारण इनिया काफी परेशान रहती थी। वह नशे का विरोध करती थी। इसको लेकर दोनों के बीच आए दिन क्लेश होता रहता था। बताते हैं कि मंगलवार की रात भी मुकर्रम नशे की हालत में घर पहुंचा और विवाद करने लगा, जिसका पत्नी ने विरोध किया। रात करीब ढाई बजे मुकर्रम ने बच्चों के साथ चारपाई पर लेटी इनिया पर हंसिए से ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए और घर से भाग निकला। उधर, सुबह जब गांव के लोग खेतों की तरफ गए तो उन्हें घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक गन्ने के खेत के निकट पेड़ से लटक रहे मुकर्रम के शव पर पड़ी। उसके गले में रस्सी का फंदा कसा था। पत्नी की हत्या कर पति के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

> प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मुकर्रम नशे का आदी था। उसकी पत्नी नशा करने से मना करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता था। मंगलवार की रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मौके से रक्तरंजित धारदार हथियार बरामद किया गया है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। **-अंबर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली सदर

### हत्यारोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने गढरुआ निवासी इनिया की हत्या मामले में उसके पिता शौकीन की तहरीर पर हत्यारोपी पति मुकर्रम के खिलाफ बीएनएस के तहत धारा 103 (1) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या की है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि करीब आठ साल पहले दामाद मुकर्रम का एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटे आईं थीं, तब से उसका दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं रहता था। वह नशे का भी आदी हो गया था।

## बहन के घर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भानपुर, अमृत विचार :** अपनी बहन के घर थाना भीरा क्षेत्र के गांव जगदेवपुर आए एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना संपूर्णानगर के गांव त्रिकोलिया निवासी कल्लू (30) पुत्र तौलेराम की बहन जगदेवपुर में रहती है। कल्लू अपनी बहन के घर आया था। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे परिवार में कोहराम मच गया। आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। परिवार वालों ने बताया कल्लू मानसिक रूप से कमजोर था। उसका दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं रहता था। परिवार वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पुत्रवधु के साथ घर जा रहे बुजुर्ग को रोककर रुपये छीने

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** एक युवक बुजुर्ग की जेब से 30 हजार रुपए छीनकर भाग गया। बुजुर्ग अपनी पुत्रवधु के साथ बीसी प्वाइंट से रुपये निकालवाकर घर जा रहा था। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव रफातपुर निवासी रामलाल पुत्र भीमसेन के बेटे की एक साल पहले मौत हो गई थी। उन्होंने अपनी पुत्रवधु के नाम से परिवार लाभ का फार्म भरा था। सरकार ने उनकी पुत्रवधु के बैंक खाते में 30 हजार रुपये भेजे थे। बुधवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे रामलाल अपनी विधवा पुत्रवधु के साथ खाते से रुपए निकलवाने इस्लामनगर स्थित डीपी मार्केट आए थे। बीसी प्वाइंट से 30 हजार रुपये निकाले। रामलाल ने रुपये अपने पास रख लिए। वह अपने पुत्रवधु के साथ वापस लौट रहे थे। तिरंगा चौराहे पर एक युवक ने रोका और कहा कि उनके बेटे ने रुपये उधार लिए थे।

# लीज खत्म, खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज का बोर्ड लगवाया

रामपुर, कार्यालय

**अमृत विचार:** सपा सरकार में तोपखाना रोड स्थित पार्टी कार्यालय हुआ करता था। शासन ने इसकी लीज को खत्म कर दिया है। बुधवार को कर्मचारियों ने वहां पहुंचकर दारूल अवाम को हटाकर राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज का बोर्ड लगा दिया। सपा कार्यालय में राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज का बोर्ड लगाने का वीडियो बुधवार को वायरल होता रहा।

सपा सरकार में तोपखाना रोड स्थित सपा कार्यालय को पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां ने दारूल अवाम नाम दिया था। इसमें सपा कार्यकताओं की बैठक हुआ करती थी। पुराने राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज की इमारत को पूर्व मंत्री ने सपा सरकार में 100 रुपये सालाना पर लीज पर ले लिया था। लेकिन, सूबे में सत्ता परिवर्तन होने के बाद मंत्री मंडल की बैठक में लीज को खत्म कर दिया गया। प्रशासन ने आरपीएस और सपा कार्यालय को सील कर दिया था। लेकिन, बुधवार को सपा कार्यालय पर लिखे दारुल अवाम को हटा दिया गया। रामपुर पब्लिक स्कूल के बोर्ड को पहले ही हटवा दिया गया था। दोनों इमारतों पर राजकीय खुर्शीद इंटर कॉलेज का बोर्ड प्रशासन ने लगवा दिया है। प्रशासन ने स्कूल और सपा कार्यालय (दारुल अवाम ) राजकीय खुर्शीद इंटर कालेज को सौंप दिया है। किला स्थित खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज पुराने राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज की इमारत में शिफ्ट हो गया है। सपाइयों ने दो दिन पहले सील हुए सपा कार्यालय दारुल अवाम के सामने खड़ होकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के जन्म दिन मनाते हुए केक काटा था। बुधवार को वहां कर्मचारियों ने पहुंचकर दारूल अवाम के बोर्ड को हटाकर राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज का बोर्ड लगा दिया है।

## कुत्ते को डंडा मारकर तोड़ दी कमर, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद जिले में पशु क्रूरता की पहली रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कुत्ते को डंडा मारकर उसकी कमर की हड्डी तोड़ दी। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के जिला अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने थाना मूसाझाग के प्रभारी को तहरीर दी कि गांव नगला निवासी शमसुल हसन पुत्र जहूर हसन ने उसके घर के सामने से गुजर रहे कुत्ते पर डंडे से तेज प्रहार किया जिससे कुत्ते की कमर की हड्डी टूट गई। उनकी टीम के सदस्य मोहित यादव, दीपेश दिवाकर, यश दिवाकर, वीरेश यादव और शिवम पटेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी ली।

टीम ने शमसुल हसन के घर के पास वाजिद के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज देखी जिसमें शमसुल हसन कुत्ते को डंडा मारता नजर आया था। सीसीटीसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी शमसुल हसन के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम और पशु को अपंग करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# तिथि निकलने के बाद लिए पंजीकरण के आवेदन तो होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय, बरेली

- माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय सचिव ने बरेली-मुरादाबाद के डीआईओएस को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बरेली व मुरादाबाद मंडल के जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र जारी कर पंजीकरण, शुल्क भुगतान आदि की प्रक्रियाओं में विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि कई बार देखा गया है कि निर्धारित तिथियों के बाद भी अनाधिकृत रूप से प्रवेश लेने के लिए आवेदन किए जाते हैं। ऐसे आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होंगे। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। कक्षा 9 व 11 में प्रवेश के साथ ही 10 व 12 में पंजीकरण के लिए परिषद की ओर से 5 अगस्त अंतिम तिथि तय की गई है। 30 सितंबर तक प्रवेश और पंजीकरण की प्रक्रिया संपन्न होगी। क्षेत्रीय सचिव ने बताया कि प्रवेश व पंजीकरण के लिए डीआईओएस स्तर पर आवेदनों की ठीक से जांच कर आगे फारवर्ड करने को कहा गया है। कहा कि प्रावधानों के प्रतिकूल भेजे गए ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्था के प्रधान सीधे तौर पर उत्तरदायी होंगे। उनके विरुद्ध परिषद की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई के अलावा उन्हें परिषद के कार्यों से भी वंचित कर दिया जाएगा। हाईस्कूल की संस्थागत परीक्षा के आवेदन के लिए कोषागार में कुल 715 रुपये जमा कराने होंगे। व्यक्तिगत छात्रों को 706, इंटरमीडिएट में संस्थागत छात्रों को 600.75, व्यक्तिगत के लिए 806 और कृषि व व्यावसायिक वर्ग के अनुत्तीर्ण छात्रों को 806 रुपये कोषागार में जमा कराने होंगे। इसके साथ ही इंटरमीडिएट विनमय के तहत अतिरिक्त विषयों की परीक्षा के लिए कुल 206 रुपये जमा करने होंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### गड्ढे में गिरने से बालक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** गांव निवासी रमाकांत का पुत्र आकाश (3) सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गया। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और बच्चे को बाहर निकालते। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# चाचा की दुकान से आ रहे बच्चे का अपहरण, तीन घंटे बाद खुद पहुंचा घर, गाल पर चोट के निशान

उसावां(बदायूं), कार्यालय

- बच्चे के अनुसार उसे ले जाने वाले युवक को आई नींद तो वह भाग आया

**अमृत विचार :** चाचा की दुकान से घर जा रहे सात साल के बच्चे का अपहरण हो गया । परिवार वाले उसे खोजने लगे। तीन घंटे बाद बच्चा खुद घर आ गया। उसके गालों पर चोट के निशान थे। पुलिस ने जांच शुरू की। दुकान और घर के बीच लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की।

उसावां निवासी विमल कुमार गुप्ता उर्फ विक्की हलवाई का काम करते हैं। उनके छोटे भाई पवन कुमार गुप्ता की मुख्य बाजार में मिठाई की दुकान है। मंगलवार देर शाम विमल का सात साल का बेटा आर्यन अपने चाचा पवन की दुकान पर गया था। रात लगभग नौ बजे वह चाचा की दुकान से अकेला घर लौट रहा था लेकिन वह रास्ते से गायब हो गया। आधा घंटे के बाद पवन कुमार दुकान बंद करके घर पहुंचे तो आर्यन नजर नहीं आया। उन्होंने परिजनों से जानकारी की। उन्होंने कहा कि आर्यन तो दुकान पर गया था।


बच्चे के गाल पर चोट के निशान।

पवन ने बताया कि आर्यन तो नौ बजे ही दुकान से घर चला आया था। आर्यन के लापता होने की जानकारी हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया। हजरतपुर क्षेत्र के गांव कैमी में काम करने गए विमल कुमार गुप्ता घर आ गए। परिजन और पड़ोस के लोग बच्चे की तलाश करने लगे लेकिन बच्चे का कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी बच्चे की तलाश की। रात लगभग 12 बजे आर्यन बदहवास हालत में खुद ही घर आ गया।

उसने बताया कि उसे एक युवक अपने साथ ले गया था। उसने कहा था कि पापा बुला रहे हैं साथ में चलो। युवक उसे एक खेत में ले गया। जहां दो चारपाई पड़ी थी। एक चारपाई पर उसे लिटा दिया, मारपीट भी की। बच्चे का मुंह बांध दिया। रात 12 बजे युवक को नींद आई तो वह भाग आया। परिजन उसके बताए हुए स्थान पर जा रहे थे लेकिन बारिश होने लगी तो लौट आए। बुधवार सुबह परिजन उस स्थान पर गए जहां दो चारपाई पड़ी थी। थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही हैं।

### पड़ोसी के घर टॉर्च मांगने गई युवती से किया दुष्कर्म

**बदायूं, अमृत विचार :** पड़ोसी के घर टार्च मांगने गई युवती के साथ युवक ने दुष्कर्म किया ।कादरचौक क्षेत्र के एक गांव की महिला मंगलवार शाम बेटी को लेकर थाने पहुंची। बताया कि उसकी बेटी सोमवार देर शाम पड़ोस के हिल्लू के घर पर टॉर्च लेने गई थी। वहां अवले हसन अकेला था। परिवार के लोग कहीं गए थे। आरोप है कि अवले ने उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। कादरचौक के थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) वर्ष 2018 अनुक्रमांक 7152090016 की सनद (सर्टिफिकेट) दिनांक 28.06.2024 को बस स्टैंड से घर की ओर आते समय रास्ते में कहीं गिर गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **मरयम फातिमह पुत्री शाहिद अली खां निवासी कस्बा व डा. जहानाबाद जनपद पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र साहिद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नूर जहाँ पत्नी श्री मेहंदी हसन निवासी ग्राम अगरास तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र नमनीत एवं पुत्रवधू श्रीमती खुशबू पत्नी नमनीत (पुत्री शिवदयाल) को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रोशन लाल पुत्र पीतम एवं श्रीमती कमला देवी पत्नी रोशन लाल निवासीगण ग्राम पन्थरा थाना शाही, तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेश पांडे उर्फ आशु को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रमेश चंद्र पांडे पुत्र स्व. रामचंद्र पांडेय निवासी 26/28, शाहबाद दीवानखाना थाना प्रेमनगर तहसील व जिला बरेली। मो. 7456997484**

REQUIRED
1.Marketing Executive
for Printing & Advertising firm.
Own conveyance must.
Target based.
2. Manual Accounts Expert.
Salary negotiable
stxc@rediffmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# ...तो इस तरह किया जा रहा कैंसर के मरीजों का इलाज

## मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, छोलाछाप कर रहे इलाज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** हरदोई के कछौना में छप्पर के नीचे कैंसर मरीज के इलाज की तस्वीर वायरल होने के एक महीने बाद एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। इस बार पिहानी थाना क्षेत्र में झोलाछाप द्वारा पेड़ के नीचे तख्त पर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि किस तरह झोलाछाप पेड़ की डाल से ग्लूकोज की बोतल को लटकाकर इलाज कर रहा है। इस मामले में जिम्मेदारों से पूछा गया तो बोले कि गांवों में तो ऐसे ही होता है इलाज। अस्पताल में अगर मरीज आएगा तो उसे बेहतर उपचार मिलेगा।



पेड़ के नीचे तख्त पर लिटाकर मरीज का किया जा रहा इलाज। ● अमृत विचार

पिछले दिनों कछौना में छप्पर के नीचे चल रहे हास्पिटल का भंडाफोड हुआ था। हैरत तो तब हुई जब उस छप्पर के नीचे कैंसर के मरीज़ो का इलाज करते देखा गया। दरअसल सिलसिला काफी पहले से चल रहा था, लेकिन बात निकली तो दूर तक पहुंचना लाज़िम थी, उसके बाद से महकमें के ज़िम्मेदारों को अपनी ज़िम्मेदारी याद आई और उनकी गाड़ियां दौड़ने लगी। सारे नियमों को दरकिनार कर हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन कैसे हो जाता है ? जांच की जा रही है, कह कर इस सवाल को टाल दिया गया। अब उसके बाद पिहानी के इलाके में पेड़ के नीचे हास्पिटल चलता हुआ पाया गया। वहां मरीज़ पेड़ के नीचे लेटा हुआ था और उसी पेड़ में बोतल को लटका कर उसके ग्लूकोज़ चढ़ाया जा रहा था। बताने वालों ने इतना तक बताया कि इस तरह से इलाज करने वाला एक झोलाछाप डाक्टर है और नज़ला-ज़काम या बुखार नहीं बल्कि कैंसर, किडनी और लीवर तक का इलाज करता है। इस संबंध में जब सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने कहा समय-समय पर विभाग द्वारा अभियान चलाया जाता है।

## एयरफोर्स में नौकरी के नाम पर ठगी, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक की एयरफोर्स में नौकरी लगवाने के नाम पर 31.49 लाख रुपये की ठगी के मामले में अमृत विचार के खुलासे के बाद पुलिस ने रिश्ते के दो भाइयों समेत तीनपर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला चेत सिंह निवासी रामफल के बेटे विजय सिंह के साथ हुई ठगी के मामले को अमृत विचार ने 2 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद रामफल को टरका रही पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। रामफल का कहना ह कि मार्च 2022 में पड़ोसी गांव सिरसा निवासी प्रमोद कुमार ने उसके बेटे विजय सिंह की एयरफोर्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 31 लाख 49 हजार रुपये की ठगी की थी। उसने गवां में स्थित प्लॉट को बेचकर 20 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि प्रमोद कुमार ने विजय सिंह को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया था। रजपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि गांव सिरसा निवासी प्रमोद कुमार, हंसराज और प्रमोद कुमार के फुफेरे भाई विजय भारद्वाज निवासी नोएडा पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# मायके न जाने दिया तो महिला ने दी जान

संवाददाता, मिलक (रामपुर)



**अमृत विचार:** ज्योहरा गांव में पति ने मायके नहीं जाने दिया तो पत्नी ने घर में ही फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। दोनों के प्रेम विवाह का चार साल में ही अंत हो गया। इससे मायके वालों और ससुराल में कोहराम मचा हुआ है।

क्षेत्र के गांव ज्योहरा निवासी विक्रम सिंह का चार वर्ष पहले गांव निवासी शोभा (24) के साथ प्रेम विवाह हुआ था। इसके पश्चात दोनों के परिवारों में अनबन रहने लगी। मंगलवार दोपहर शोभा मायके जाने की जिद कर रही थी। इसको लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। दोपहर बाद विक्रम बाइक ठीक कराने चला गया। बाकी सदस्य घर के बाहर बैठे थे। घर में अकेली शोभा ने दोनों बच्चों को सुला दिया। वह कमरे में जाकर फंदे पर लटक गई। घर के लोग जब कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। उन्होंने शोभा को फंदे से नीचे उतारा, सांस चलती देख परिजनों ने उसे मिलक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार देर रात उपचार के दौरान शोभा ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन ने महिला की मौत की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंच गई। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। सूचना के बाद विधिक कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार व कोतवाल धनंजय सिंह अस्पताल पहुंचे। इस दौरान परिजन पोस्टमार्टम न कराने की गुहार लगाते रहे। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।



मृतक के परिजनों से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- **ज्योहरा गांव में हुई घटना, चार वर्ष में ही प्रेम विवाह का अंत**

### प्रेम प्रसंग के मामले में जेल गया था विक्रम

पड़ोसी होने के कारण युवक और युवती एक साथ स्कूल में पढ़ते थे। तभी दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया था। फिर दोनों भाग गए थे। युवती कुछ दिन नारी निकेतन रही। उसका प्रेमी जेल चला गया था। फिर जेल से आने के बाद दोनों ने शादी कर ली। अब दोनों गांव में ही रहते थे। विक्रम रामपुर स्थित एक मॉल में काम करता है।

### दोनों बच्चों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

महिला की मौत के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिला के मायके वालों का कहना है कि उसके पीछे एक दो साल की बेटी और छह माह पूर्व एक बेटे को जन्म दिया था। अब इन दोनों बच्चों की देखभाल कौन करेगा। पड़ोसी होने के नाते दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। इसके बाद चार वर्ष पूर्व दोनों ने शादी कर ली थी। बेटी की मौत के बाद मायके वालों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

## अभिभावक गंवाने वाले बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लेगी सरकार

**लखनऊ, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हाथरस की भगदड़ में जो निर्दोष लोग शिकार हुए हैं उनके बच्चों को हम लोग उप्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पढ़ाई की व्यवस्था कराएंगे। वो जिन भी स्कूलों या संस्था में पढ़ रहे होंगे, व्यवस्था राज्य सरकार करेगी।



बुधवार को घायलों का हाल जानने और घटना को समझने हाथरस पहुंचे मुख्यमंत्री ने स्थानीय मीडिया से बात की। उन्होंने जानकारी दी कि, मैंने आज हाथरस में और सिकंदराराऊ के घटनास्थल का भी दौरा किया। हालांकि, काफी बारिश थी, लेकिन इसके बावजूद वहां जाकर के हादसे के कारणों की प्रारंभिक व्यवस्था को देखने का प्रयास किया। हमारे तीन मंत्री और मुख्य सचिव व डीजीपी यहां हादसे के बाद से ही कैंप कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण भी यहां पर कैंप करते हुए इस घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## कुशीनगर में बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, कुशीनगर स्तिथ बौद्ध सर्किट में करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटक सुविधाएं विकसित की गईं हैं। प्रो-पूअर परियोजना अंतर्गत भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के विकसित होने से देशी-विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या कुशीनगर में बढ़ी है। पर्यटन मंत्री ने बुधवार को बताया कि प्रो-पुअर परियोजना का उद्देश्य पर्यटन के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के साथ ही रोजगार के अवसर पैदा करना भी है। ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। कुशीनगर में दुनियाभर के बौद्ध तीर्थयात्री आते हैं, इसे, इस विकास परियोजना से जोड़ा गया है।

# चकबंदी लेखपाल ने खेतों को एक जगह करने के नाम पर 3.12 लाख रुपये हड़पे

संवाददाता, ढबारसी

- **रुपये लेने के बाद लेखपाल कर रहा था टालमटोल**

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के किसान से चकबंदी प्रक्रिया के दौरान लेखपाल ने तीन चकों को एक स्थान पर करने की एवज में 3 लाख 12 हजार रुपये हड़प लिए। किसान ने जब लेखपाल से काम न होने पर रुपये वापस मांगे तो लेखपाल ने किसान की पिटाई की तथा बीच-बचाव करने आईं पुत्र वधुओं से अश्लील हरकते की और मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के भीमा सुल्तानपुर गांव निवासी शोभाराम पुत्र मुन्नी की पत्नी मनभरी के नाम गांव जयतौली एतमाली में लगभग 32 बीघा जमीन है। जिसके अलग अलग स्थानों पर तीन चक है। जयतौली एतमाली में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। किसान शोभाराम का आरोप है कि लगभग दो वर्ष पहले चकबंदी लेखपाल गनेशी ने तीनों चकों को एक स्थान पर करने के लिए सरकारी खर्च बताकर चार किश्तों में 3 लाख 12 हजार रुपये ले लिए। किसान ने कुछ समय बाद जमीन के एक स्थान पर होने के बारे में लेखपाल से बात की तो वह टालमटोल करके टालता रहा। 15 मई को किसान शोभाराम अपनी पुत्र वधू सरवती पत्नी जयप्रकाश व राजो पत्नी जोगराम के साथ हसनपुर तहसील गया था। वहां तहसील के बाहर लेखपाल गनेशी मिल गया। शोभाराम ने लेखपाल से रुपये वापस मांगे तो वह मारपीट करने लगा तथा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। लेखपाल से किसान को बचाने आई पुत्र वधुओं के साथ मारपीट की व अश्लील हरकतें भी कीं। किसान ने पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर आदमपुर पुलिस ने लेखपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी शौकेन्द्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर लेखपाल गनेशी पर मारपीट और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## फ्रिज में करंट आने से मां-बेटी की मौत

**देवरिया, एजेंसी:** जिले के रुद्रपुर कस्बे में फ्रिज में करंट आने से मां-बेटी की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि कस्बे के आजाद नगर वार्ड की रहने वाली अफसाना खातून (25) ने दोपहर में किसी काम से फ्रिज खोला तो उसमें करंट आने की वजह से वह उससे चिपक गई।

उन्होंने बताया कि यह देख मां शायदा खातून (50) अपनी बेटी अफसाना को बचाने के लिए गई तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर फ्रिज को बिजली की आपूर्ति बंद की और दोनों को सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# तेज बारिश से गिरी ट्यूबवेल की छत, किसान की जान गई

संवाददाता, कुंदरकी

- **मृतक के परिवार में मचा कोहराम, पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार**

**अमृत विचार :** कई दिनों से हो रही बारिश ने अब अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की ट्यूबवेल की छत गिरने से दबकर मौत हो गई। घटना से मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तहसीलदार व हल्का लेखपाल ने घटना की जानकारी ली। वही परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू निवासी किसान बाबूराम पाल बुधवार सुबह जंगल में अपने ट्यूबवेल पर सो रहे थे। बारिश के चलते अचानक ट्यूबवेल की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गई। जिससे किसान मलबे में दब गया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे बाबूराम को निकाला। बाद में एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी ले जाया गया।

जहां डाक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक किसान के परिवार में दो पुत्र विजेंद्र सिंह पाल व टिट्टू पाल, पुत्री शशि तथा पत्नी रामवती का रो रोकर बुरा हाल है।

वहीं, सूचना पर राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार लोकेश यादव और हल्का लेखपाल दिनेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे थे और परिजनों से घटना से संबंधित जानकारी ली थी। नायब तहसीलदार ने बताया कि मृतक किसान के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

उक्त प्रकरण की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई है। वही, शाम को परिजनों द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जीआई टैग के लिए 14 कृषि उत्पादों पर लगी मुहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पूर्व में चयनित किए थे उत्पाद, पंजीयन कराने का आदेश जारी**
- **हाथरस का हसायन गुलाब रूह व गुलकंद भी किया शामिल**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के 14 कृषि उत्पादों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई टैग दिलाने पर सरकार की मुहर लग गई है। संबंधित जिलाधिकारी को जिले के चयनित प्रमुख उत्पादों का जीआई टैग में पंजीयन कराने का आदेश जारी किया है।

इसमें लखनऊ की रेवड़ी, मेरठ की गजक, सीतापुर की मूंगफली, बुलंदशहर खुर्जा की खुरचन, मऊ का लौकिहवा भांटा, रामपुर, बाराबंकी व अयोध्या का मेंथा, एटा व अलीगढ़ का चिकोरी, हरदोई का संडीला लड्डू, फर्रुखाबाद का फुलवा आलू, सोनभद्र की चिरौंजी, मिर्जापुर की बाजरी, हाथरस का हसायन गुलाब जल शामिल हैं। यह उत्पाद पूर्व में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय ने चयनित किए थे। इसके बाद हाथरस का हसायन गुलाब रूह व गुलकंद शामिल किया है। इन उत्पादों को जीआई टैग से विशिष्ट पहचान मिलेगी। जो बार कोड स्कैन करते ही उत्पाद की भौगोलिक स्थित सामने होगी।

**पंजीयन में इन्हें मिलेगी वरीयता:** जीआई पंजीयन में आत्मा सोसाइटी, कृषक सहकारी समिति,

> 14 कृषि उत्पादों को जीआई टैग का सरकार ने आदेश जारी किया है। संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से पंजीयन करेंगे। इससे प्रमुख उत्पाद की पहचान करना आसान हो जाएगा।
> – **संजय कुमार**, सहायक निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

कृषक उत्पाद संगठन (एफपीओ), एफपीसी, कृषक समूह व उत्पाद समूह को वरीयता मिलेगी। उत्पादों से संबंधित विभाग, आत्मा सोसाइटी व कृषि उत्पादन मंडी समिति को जीआई पंजीयन में सह प्रोपराइटरी के रूप में नामित किया जाएग। पंजीयन के आवेदन में जो व्यय होगा वह मंडी परिषद वहन करेगी।

**पंजीयन में यह दर्ज होगा विवरण :** उत्पाद का नाम, क्षेत्र, आच्छादित भौगोलिक क्षेत्रफल, विशिष्टता, उत्पादकों व एफपीओ की संख्या, विवरण, ऐतिहासिक विवरण आदि।

**इन उत्पादों को मिल चुका जीआई:** इलाहाबादी सुर्खा अमरूद, मलिहाबादी दशहरी, काला नमक चावल, बासमती, रतौल आम, देसावरी पान, बनारस लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ आंवला, आदम चीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़, हाथरस हींग, बुंदेलखंड कठिया गेहूं, बनारस लाल भरवा मिर्च, वाराणसी चिरईगांव करौंदा, बनारस लाल पेड़ा, जौनपुर इमरती, बनारस ठंडई।

## 200 इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग प्वाइंट के लिए भूमि अधिग्रहण शुरु

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के रोडवेज बसों से पहुंचने का अनुमान है। इन श्रद्धालुओं को कुंभ नगरी तक लाने और वापस घर पहुंचाने के लिए उप्र. रोडवेज 7550 बसों का संचालन करेगा। राज्य के 19 रोडवेज परिक्षेत्र के 112 डिपो के 75 जिला मुख्यालयों से ये बसें चलाई जाएंगी। इनके लिए 9 अस्थाई बस स्टेशन का निर्माण शहर में किया जा रहा है ताकि शहर के अंदर जाम की स्थिति न बने और भीड़ की वजह से बसों का संचालन भी प्रभावित न हो। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# डीआरएम को निरीक्षण में मिली गंदगी व छत टपकने की शिकायत

चन्दौसी कार्यालय

- **राजघाट रेलवे स्टेशन तक किया विंडो निरीक्षण**
- **सीनियर डीसीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे**

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन का डीआरएम व सीनियर डीसीएम ने निरीक्षण किया। जिसमें कुछ स्थानों पर गंदगी व बरसात में छत (लिंटर) टपकने की शिकायतें सामने आईं। जिसे शीघ्र दुरुस्त करने की हिदायत दी। इसके अलावा डीआरएम ने राजघाट रेलवे स्टेशन तक विंडो निरीक्षण किया।

बुधवार की दोपहर एक बजे डीआरएम राजकुमार व सीनियर डीसीएम रिचा शर्मा अधिकारियों के साथ विशेष ट्रेन से रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मगर यहां रेलवे स्टेशन पर केवल सीनियर डीसीएम उतरीं, जबकि डीआरएम अन्य रेल अधिकारियों के साथ राजघाट रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गए। क्योंकि उन्हें राजघाट तक विंडो निरीक्षण करना था। जिसमें रेलवे पटरी के आसपास पेड़ तो नहीं टकरा रहे आदि बिंदु शामिल थे। उनके जाने के बाद सीनियर डीसीएम ने रेलवे स्टेशन परिसर, बुकिंग विंडो, प्रतीक्षालय, एसएनटी विभाग, रेलवे पर बने टी-स्टाल का निरीक्षण किया।

जिसमें कुछ स्थानों पर गंदगी मिली तथा कुछ स्थानों पर बरसात में छत टपकने की शिकायत सामने आई। इसके बाद शाम चार बजे डीआरएम राजघाट से पुनः रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और निरीक्षण किया। बताया कि फिलहाल रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे कुछ गंदगी हो सकती है।

### जाम में फंसे एडीजी यातायात ने शुरू की स्थाई निजात की कवायद

**लखनऊ।** नवागत एडीजी यातायात के. सत्यनारायण मंगलवार को कानपुर रोड पर लगे जाम में स्वयं फंस गए। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब जाम खत्म नहीं हुआ, तो तत्काल फोन कर यातायात विभाग के अफसरों को मौके पर ही तलब कर लिया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ बैठक की और स्कूटर इंडिया चौराहे पर हो रहे जाम का स्थाई निदान भी कराया। इसी जाम से उन्होंने राजधानी में लगने वाले जाम का भी अंदाजा लगा लिया। उन्होंने जाम को पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर लेते हुए जाम मुक्त राजधानी का अभियान शुरू किया।



घटनास्थल पर मौजूद थाना प्रभारी व अन्य। ● अमृत विचार

# पानी से भरे नाले में उतराता मिला नवजात का शव

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार:** नगर में मुख्य मार्ग किनारे एक नाले में नवजात का शव उतराता मिला। मां की ममता को शर्मसार करने वाले इस मामले की जानकारी होते ही मौके पर लोग जमा हो गए। वे उस शिशु की मां को कोसते नजर आए।। थाना प्रभारी ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आसपास के अस्पतालों में जाकर जांच की है।

बुधवार दोपहर नगर के शाहबाद-बिलारी मार्ग पर एक गैस एजेंसी के सामने नाले में बारिश पानी भर गया था। नाला चोक होने पर मोहल्ले की ही महिला उसे साफ करने के लिए पहुंची। इस दौरान महिला को नाले में नवजात का शव उतराता दिखाई दिया। इसे देकर महिला घबरा गई। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी तो मौके पर भीड़ जुट गई। इस बीच लोगों ने शव बाहर निकाला। सूचना के बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने आसपास के अस्पतालों में जाकर जांच कराई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। लोगों में मामले को लेकर चर्चा रही कि नगर में चल रहे अवैध नर्सिंग होम में अवैध संबंधों के चलते होने प्रसव को छिपाने के लिए इस तरह के काम होते हैं।

## भाजपा की नीतियों से पर्यावरण का बहुत नुकसान हुआ है

**लखनऊ, अमृत विचार:** पूर्व मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ही पीडीए पेड़ लगाने का कार्यक्रम दिया है। जबकि भाजपा ने प्रदूषण फैलाया है और समाज को भी प्रदूषित किया है। भाजपा की नीतियों से पर्यावरण का बहुत नुकसान हुआ है।

वह, बुधवार को केसरीखेड़ा वार्ड के दौदाखेड़ा पार्क में नीम, बरगद, पीपल, के पौधे लगाने के बाद संबोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में पीडीए वृक्षारोपड कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 07 जुलाई तक प्रदेश के हर गांव, कस्बों में चलेगा। उन्होंने केसरीखेड़ा वार्ड के विकास और अखिलेश के जन्मदिन पर पीडीए पेड़ कार्यक्रम में रूचि लेने के लिए पार्षद जितेन्द्र सिंह जीतू की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने 51 पेड़' लगाकर अखिलेश का जन्मदिन मनाया ।

# इनामी को छुड़ाने पहुंचे विधायक ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ग्वालटोली थानाक्षेत्र का मामला डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी से हुई नोकझोंक**
- **नाराज समर्थकों ने लगाए पुलिस मुर्दाबाद के नारे, परिजनों के साथ धरने पर बैठे**

**अमृत विचार:** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में हत्या के प्रयास के वांछित आरोपी शिवा को हिरासत में लेने पर समर्थन में बिठूर से भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा सैकड़ों समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए।

कहा कि परिजनों को बिना बताए ही प्राइवेट कार से चौकी इंचार्ज उसे थाने ले आए और छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी। विधायक के साथ आए समर्थकों ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। रात आठ बजे से शुरू हुआ हंगामा देर रात तक जारी रहा। थाना प्रभारी से कई बार विधायक की तीखी नोकझोंक हुई। मामला नहीं संभला तो एसीपी कर्नलगंज को बुलाया गया। यहां उनकी भी माननीय से बातचीत विफल रही। इसके बाद डीसीपी सेंट्रल मौके पर पहुंचे और दोनों में बातचीत शुरू हुई। विधायक का कहना था कि निर्दोष युवक को छोड़ा जाए नहीं तो वह धरना देकर जेल जाने को तैयार हैं। पुलिस का कहना था गिरफ्तार युवक पर 25 हजार का इनाम है और वह गंभीर धाराओं में नामजद है। हंगामे के कारण पीएसी और भारी पुलिस बल बुला लिया गया।

घारमखेड़ा निवासी शिवा के भाई नारेंद्र निषाद की पिछले वर्ष 2023 में अगस्त में हत्या कर दी गई थी। परिजनों का कहना था कि शिवा बच्चों को कोचिंग पढ़ाता है। 30 मार्च 2024 को घारमखेड़ा निवासी गुड्डी ने शिवा समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले के बाद शिवा पांच माह से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी है। ग्वालटोली पुलिस ने बुधवार को दोपहर में गिरफ्तार कर लिया।

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा विसी, वि.क्षे. भदपुरा, बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र सं· S.S.A/ निर्माण/461823/2023–24 दिनाँक 15 दिसम्बर 2023 के अनुपालन में विद्यालय के प्रांगण स्थित जर्जर कक्ष की नीलामी 6 जुलाई 2024 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा रू. 10,000/– की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रातः 9:30 से 10:00 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती हैं।

**अजयपाल (अध्यक्ष)** **नेहा गर्ग (प्र.अ.) (सचिव)**

कार्यालय प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा विसी, वि.क्षे. भदपुरा, बरेली

**कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत**

पत्रांक : 20/न.पं.ब./2024–25 दिनांक : 03.07.2024

**नीलामी सूचना**

समस्त नगर वासियों/कबाड़ क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत नगर पंचायत का कबाड़ (टूटी हुई रिक्शा ठेलियाँ, कूड़ेदान, स्वागत गेट, तसला, फावड़ा आदि) की नीलामी दिनांक 09.07.2024 को समय 2:00 बजे दिन के कार्यालय नगर पंचायत पर सम्मानित बोर्ड की उपस्थिति में खुली बोली के माध्यम से करना चाहती है। इच्छुक कबाड़ क्रेता नियत समय में कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा पर उपस्थिति होकर नगर पंचायत का कबाड़ (टूटी हुई रिक्शा ठेलियाँ, कूड़ेदान स्वागत गेट, तसला, फावड़ा आदि) की नीलामी में भाग ले सकते है। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरखेड़ा (पीलीभीत)** **अध्यक्ष नगर पंचायत बरखेड़ा (पीलीभीत)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल वास्तु हाउसिंग फाईनेंस का०लि० शाखा राधा भवन सेकन्ड फ्लोर 149/262 सिविल लाइन्स बरेली से तस्लीम खान पुत्र श्री खलील खान निवासी फरीदापुर चौधरी इज्जतनगर बरेली एक किता प्लाट नं0 31 में से रक्बई 51.83 वर्गमी० जो खसरा नं0 401 में से वाकै सैदपुर हाकनस आनन्द बिहार कालोनी पर० तह० व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में आराजी कब्रस्तान, पश्चिम में आराजी नासिर अली, उत्तर में आराजी नासिर अली व दक्षिण में रास्ता 6 फिट चौड़ा बादहू प्लाट कुरैशी साहब है को मुन्तयाज खां व श्रीमती शकीलन बानो से खरीदने हेतु उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री स०२० बरेली में दिनांक 18.03.2008ई0 को बही सं० 1 जिल्द सं0 2347 के पृष्ठ 1 से 20 पर क्रमांक 2217 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 01.07.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / बैंक / संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल वास्तु हाउसिंग फाईनेंस का०लि० बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा। **मुनीश कुमार सक्सेना एडवोकेट** चैम्बर नं0-7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता वस्तु हा०फा०का०लि० बरेली **मो0-9997389012**

### चिकित्सक बोले- शिनाख्त के बाद अधिकांश शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले गए परिजन

# पोस्टमार्टम में खुलासा दम घुटने से मौतें



अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करतीं महिलाएं। ● एजेंसी

संवाददाता, एटा /हाथरस

**अमृत विचार:** हाथरस में आयोजित भोले बाबा के सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में हुई मौतों का कारण स्पष्ट हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश लोगों की मौत दम घुटने से हुई हैं।

एटा के जिला अस्पताल में भगदड़ में मारे गए लोगों के शवों को लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा कि लोगों की मौत का प्रमुख कारण दबाव से दम घुटना था। अस्पताल ने एक दिन में सामान्य संख्या से चार गुना अधिक पोस्टमार्टम किए। मंगलवार को भगदड़ के बाद जिला अस्पताल में 27 शव लाए गए। कुल मृतकों की संख्या 121 बताई जा रही है। शवों को एटा और अलीगढ़ सहित आसपास के इलाकों के अस्पतालों में ले जाया गया।एटा के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन तिवारी ने बताया कि यहां लाए गए शवों का पोस्टमार्टम हुआ। कुछ शवों की पहचान हो गई, जबकि कुछ की बाकी है। लगभग सभी की मौत का कारण दबाव से दम घुटना पाया गया है।

उन्होंने कहा कि मरने वालों में अधिकतर 40 से 50 आयु वर्ग की महिलाएं थीं। अस्पताल की स्थिति पर वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि वह जिले में औसतन प्रतिदिन चार से पांच पोस्टमार्टम देखते हैं। मंगलवार को शवों की संख्या औसत से काफी अधिक थी, जिससे अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों को नियमित समय से अधिक काम करना पड़ा। उपचाराधीन पीड़ितों के बारे में उन्होंने कहा कि यहां चार मरीज लाए गए थे, जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो अन्य खतरे से बाहर हैं और एक गर्भवती महिला का उपचार चल रहा है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि एटा सरकारी अस्पताल में लाए गए 27 शवों में से 21 की आधी रात तक पहचान हो गई थी। मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएं थीं। शव एक-दूसरे के ऊपर रखे गए।



अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करता व्यक्ति। ● एजेंसी

### सैंडल उठाने के चक्कर में मौत के आगोश में समा गई प्रियंका

**गंजडुंडवारा।** मंगलवार को गांव बहोट की प्रियंका अपने माता पिता के साथ पहली बार सत्संग जाने को निकली थी, लेकिन उसे क्या पता था की पहली बार का सत्संग ही उसके लिए काल का कारण बन जाएगा। वह भीड़ के पैरों तले दबी रही। रोती, चीखती, चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने भी उसकी चीख नहीं सुनी। प्रियंका के पिता रामसेवक ने बताया कि सत्संग में पुरुष और महिलाओं के अलग अलग बैठने की व्यवस्था के कारण परिजनों के अलग थे। सत्संग समापन पर रेलवे स्टेशन पर आकर परिजन प्रियंका का इंतजार कर रहे थे कि अचानक सत्संग में भगदड़ की सूचना मिली। सत्संग स्थल पर पहुंचे पर पता चला बेटी प्रियंका हादसे का शिकार हो गई और उसको एटा चिकित्सालय भेज दिया है। वहां पहुंचने पर पता चला की बेटी काल के गाल में समा गई। प्रियंका के साथ गई गांव की बबिता ने बताया कि एक बार प्रियंका गिर गई तो लोगों ने बचा लिया, हम लोग आगे बढ़ रहे थे कि अचानक से उसकी पैर का सैंडल गीली मिट्टी में फंस गया। उसे उठाने के लिए जैसे ही झुकी कि पीछे से आ रही भीड़ उपर से निकल गई। हम लोग भी बिछड़ गए। थोड़ी देर बाद जानकारी हुई कि प्रियंका भी हादसे का शिकार हो गई। शाम को गांव में शव पहुंचा था। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह और सीओ वीके राना पहुंच गए। उन्होंने हर संभव भरोसा दिलाया।

## भोले बाबा खुद को बताता है भगवान मैनपुरी में है सबसे बड़ा आश्रम

**कासगंज।** स्वयं को भगवान के बराबर बताने वाला विवादास्पद उपदेशक भोले बाबा के अनुयायियों की संख्या लाखों में है और हाथरस में हुई घटना को लेकर आसपास के क्षेत्रों में मातम का माहौल है। भोले बाबा का सबसे बड़ा आश्रम उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में है। बाबा ने अपना नाम नारायण हरि और साकार विश्व हरि भोले बाबा रखा है। घटना के लिए दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों की सूची में उसका नाम नहीं है, हालांकि शिकायत में उसका नाम है। भोले बाबा ने दो दशक पहले पुलिस की नौकरी छोड़ी थी। उसके कई आश्रम हैं। इनमें सबसे बड़ा आश्रम मैनपुरी का है जिसके बाहर बुधवार को पुलिस ने घेरा डाल दिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि बाबा आश्रम में है या नहीं। अपने उपदेशों वाले वीडियो में वह खुद को भगवान का अवतार बताता है। इसमें वह यह कहत हुआ दिखाई देता है कि मैं मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरजाघरों में जाता हूं। मुझे जहां बुलाया जाता है, मैं पहुंच जाता हूं और अगर मुझे नहीं बुलाया जाता तो मैं नहीं जाता।

### बाबा ने असामाजिक तत्वों को ठहराया जिम्मेदार

भोले बाबा ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में हाथरस में मंगलवार को हुई भगदड़ की घटना में 121 लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और दावा किया कि उसके सत्संग छोड़ने के बाद हुई भगदड़ के पीछे असामाजिक तत्व जिम्मेदार है। उसने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उच्चतम न्यायालय के एक वकील को नामित किया। आगरा में उसके दो आगामी समागम अब अधिकारियों ने रद कर दिए गए हैं।

### आगरा पुलिस ने भोले बाबा के दो सत्संग रद किए

**आगरा।** हाथरस में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत के बाद जिला पुलिस ने बुधवार को भोले बाबा का दो सत्संग रद कर दिया है। इनमें से एक 4 से 11 जुलाई तक सैयां में तथा दूसरा 13 से 23 जुलाई तक शास्त्रीपुरम में होने वाला था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोनम कुमार ने कहा कि सैयां के सत्संग की अनुमति रद कर दी गई है। आगरा शहर के सिकंदरा स्थित शास्त्रीपुरम में भी होने वाले कार्यक्रम को भी रद कर दिया गया है।



मैनपुरी जिले के बिछवा में उपदेशक भोले बाबा के आश्रम राम कुटीर चैरिटेबल ट्रस्ट के बाहर खड़ी पुलिस की गाड़ी।

### अंधभक्ति की पराकाष्ठा...



नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा उर्फ सूरज पाल सिंह के प्रति उसके अनुयायियों की अंधश्रद्धा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाथरस में बड़ी घटना होने के बावजूद वे उसके आगरा स्थित आवास के बाहर सिर झुका रहे हैं। उसके अनुयायियों में शामिल ज्यादातर महिला उसकी सलामती की कामना कर रही हैं। ● एजेंसी

### हाईकोर्ट में याचिका दायर, सीबीआई जांच की मांग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पत्र के जरिए जनहित याचिका बुधवार को दायर कर हाथरस में भगदड़ की घटना की सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता गौरव द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को संबोधित अपनी याचिका में लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है और अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके लिए जिले के अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका, विशेषज्ञ समिति करे जांच

**नई दिल्ली।** हाथरस में मची भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर की गई। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में इस घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने के लिए अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में सभी राज्य सरकारों को भी यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रखंड/तहसील से लेकर जिला स्तर तक राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की जानकारी दें। साथ ही धार्मिक या ऐसे अन्य आयोजन के दौरान भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने को दिशानिर्देश जारी करें, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं।

### हादसों को रोकने की बनाएं योजना : प्रियंका गांधी वाड्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस में भगदड़ की घटना में लोगों के मारे जाने पर बुधवार को दुख जताया और सवाल किया कि इस दुखद घटना का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने यह भी कहा कि लीपापोती करने की बजाय सरकार का दायित्व होता है कि कार्रवाई करे और ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अनुमति से तीन गुना ज्यादा भीड़, मौके पर प्रशासन नहीं, भीड़ मैनेजमेंट का इंतजाम नहीं, भीषण गर्मी से बचने का कोई उपाय नहीं, कोई मेडिकल टीम नहीं, घटना के बाद एंबुलेंस नहीं, मदद के लिए फोर्स नहीं, अस्पताल में डॉक्टर और सुविधाएं नहीं... लापरवाहियों की इतनी लंबी लिस्ट लेकिन किसी की कोई जवाबदेही नहीं।

### दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं



लगातार हो रही बारिश के बीच मुख्यमंत्री सिकंदराराऊ घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर मृतकों और घायलों के परिजनों से जानकारी लेने तक पैदल ही दौड़ते रहे और उन्हें बारिश से बचने के लिए सुरक्षाकर्मी छाता लेकर लगे रहे। उन्होंने पहले पुलिस लाइन पहुंचकर अधिकारियों से बात की, बोले- दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं, फिर मृतकों का विवरण और घायलों की स्थिति जानी और अस्पताल पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। ● एजेंसी

### सिकंदराराऊ में रेलवे ने किए व्यापक इंतजाम, ट्रेनों का होगा विशेष ठहराव

**कासगंज, अमृत विचार:** हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में सत्संग के बाद हुए हादसे के बाद रेलवे ने भी अलर्ट जारी किया है। कासगंज से चिकित्सकों का दल निगरानी में लगा है। कासगंज रेलवे जंक्शन पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। सिकंदराराऊ स्टेशन पर सुपरफास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनों का विशेष ठहराव सुनिश्चित किया है। भीड़ के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे ने ये निर्णय लिया है।

कासगंज-मथुरा रेल खंड पर सिकंदराराऊ स्टेशन पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। इस खंड पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। नियमित के साथ ही विशेष ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव भी हो रहा है। यहां पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने के साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती हुई है। यात्रियों की सुविधा पानी तथा खान-पान की व्यवस्था की गई है।

> सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेन चलाने एवं विशेष ट्रेनों का ठहराव करने का निर्णय लिया है। उसके तहत समय सारणी जारी कर दी गई है। **-पंकज कुमार सिंह,** जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

### डीएम को दी रिपोर्ट में एसडीएम ने बताया पूरा वाकया, चरणरज के लिए बाबा के पीछे दौड़ी भीड़, फिर हुआ हादसा

## पंडाल में 2 लाख से अधिक थे लोग : एसडीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हाथरस

**अमृत विचार :** हाथरस कांड के दूसरे दिन एसडीएम सिकंदराराऊ रावेंद्र कुमार ने प्राथमिक रिपोर्ट जिलाधिकारी हाथरस आशीष कुमार को सौंपी है। एसडीएम ने मृतकों और घायलों का विवरण भी अपनी रिपोर्ट में डीएम को सौंप दिया है।

एसडीएम ने रिपोर्ट में कहा कि एटा रोड पर स्थित मुगलगढी के ग्राम फुलरई में नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोग पांडाल में मौजूद थे। सत्संग 12:30 बजे शुरू हुआ और 1:40 बजे समाप्त हुआ। इसके बाद भोले बाबा पांडाल से बाहर निकला। चरण रज लेने के लिए भीड़ उसके वाहन की तरफ दौड़ पड़ी। जीटी रोड और डिवाइडर की तरफ भी लोग खड़े थे जो डिवाइडर पार कर वाहन की तरफ भागे। इस पर बाबा के निजी सुरक्षाकर्मियों और सेवादारों ने भीड़ को वाहन के पास जाने से रोकने के लिए धक्का मुक्की की। इससे कई महिलाएं गिर पड़ीं और भीड़ उन पर से गुजर गई। भीड़ और गर्मी के बीच सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो कुछ लोग खेतों की तरफ भागे मगर ढलान के कारण वह गिरते चले गए, जिससे उन्होंने एक-दूसरे को कुचल दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस प्रशासन ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने 89 को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायलों का इलाज हाथरस के अलावा अलीगढ़, आगरा और एटा के अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने भी हादसे के लिए सेवादारों और आयोजकों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### घटना के लिए कहीं न कही सेवादार जिम्मेदार

**हाथरस।** एसडीएम ने दी हुई अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि बाबा के ब्लैक कमांडो और सेवादार इस घटना के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। उन्होंने भीड़ के साथ धक्का मुक्ति की। सिकंदरराऊ एसडीएम ने रिपोर्ट में लिखा कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद महिला, पुरुष, बच्चे चरणरज के लिए बाबा के वाहन की बढ़े तो निजी सुरक्षा कर्मी (जिन्हें ब्लैक कमांडो कहते हैं) और सेवादारों ने उनको रोकने के लिए भीड़ से धक्का मुक्की की, जिससे कुछ लोग नीचे गिर गए और अफरा तफरी मच गई।



हादसे के बाद घटना स्थल पर बिखरी पड़ी अनुयायियों की चप्पलें। ● एजेंसी

## बाबा करता है दूध से स्नान, फिर उसे बनाता है प्रसाद

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भोले बाबा को उसके अनुयायी भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। अगर सेवादारों की मानें तो भोले बाबा दूध से स्नान करता है। स्नान के बाद वह दूध प्रसाद के रूप में अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। उनके साथ रहने वाली महिला सेवादार उसके चमत्कार का प्रसार कर लोगों को उसका अनुयायी बनने के लिए प्रेरित करती है।

भोले बाबा के नाम से विख्यात सूरजपाल जिले की तहसील पटियाली के गांव बहादुरनगर का निवासी है। बाबा बनने के बाद वह अपने अनुयायियों के बीच अध्यात्मक गुरु ही नहीं बल्कि विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाने लगा है। शहर में उसका कई बार समागम हुआ। सत्संग के दौरान एक बार हुए साक्षात्कार के लिए उसके अनुयायियों ने एकांत में मुलाकात कराई। मुलाकात के दौरान महिला सेवादार ने बाबा के महिमा का गुणगान किया। उसने बताया कि बाबा दूध से स्नान करता है और प्रसाद के रूप में यह दूध अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। महिला सेवादार ने बाबा की अंगुली की ओर देखने को कहा। आंखें बंद कर एक साथ खोलने की बात कही, लेकिन अंगुली पर कोई चमत्कार दिखाई नहीं दिया। इसी तरह महिला सेवादार ने बाबा के मात्थे पर मध्य में निहारने को कहा। बाबा के माथे पर मणि जैसी चमक दिखाई देगी, लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। जब सेवादार के दावे का प्रतिरोध किया तो वह चली गई। बाबा ने संदेश दिया कि मानव धर्म सत्य था, सत्य है और सत्य रहेगा। इसके बाद बाबा भी कक्ष से उठकर चला गया।



- महिला सेवादार करती हैं बाबा के चमत्कार का प्रसार
- हाथों में चक्र तो कभी माथे पर दिखाई देती है मणि सी चमक

### नौकरी के दौरान दीवारों पर सिर पटकने लगा था सूरजपाल: सोनकली

**कासगंजअ।** सूरजपाल सिंह उर्फ भोले की बहन सोनकली के अनुसार उनका भाई पुलिस में नौकरी करता था, लेकिन नौकरी के दौरान ही वह पागलों जैसी हरकत करने लगा। उस पर कोई ऊपरी शक्ति दिखाने लगी और वह दीवारों पर सिर पटकने लगा था। गांव में जब अमृत विचार की टीम पहुंची तो सोनकली घर पर थीं। उन्होंने पूरा वाक्या सुनाया। कहा कि सूरजपाल उनसे छोटा है, लेकिन उन्हें न अपनी उम्र के बारे में पता है और न ही यह पता है कि सूरजपाल कितनी उम्र का है। बहन ने कहा कि वह नौकरी के दौरान पागलों जैसी हरकत करने लगा। उसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी और दैवीय शक्ति पाने में जुट गया। धीमे-धीमे वह ईश्वर की आराधना करने लगा और भोले बाबा बनने का लक्ष्य तय किया। वह पढ़ी लिखी तो नहीं हैं, लेकिन इतना पता है कि उन्होंने अपनी आंखों से अपने भाई के चमत्कार देखे हैं। उनकी उंगली पर चक्र घूमता देखा है। ऐसा अपनी आंखों से देखकर अचंभित रह गईं। जब उनके पास कोई न कोई शक्ति है तभी तो लोग उनकी पूजा करते हैं और मन्नत मांगते हैं। यदि कोई शक्ति नहीं होती तो लोग क्यों पूजते। हाथरस वाली घटना को लेकर बहन ने कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं यह सब कैसे हुआ है। उनका भाई काफी समय से गांव बहादुर नगर नहीं आया है।



- पागलों की तरह करता था हरकत, बाद में आ गई थी शक्ति
- भोले बाबा के नाम से देश भर में बनाई पहचान

### 1997 में यौन शोषण में जेल गया था बाबा

बाबा साकार विश्व हरि का जन्म कासगंज के बहादुर नगर में हुआ। वह पुलिस में भर्ती हुआ। बाबा ने इंटेलीजेंट टीम में सेवाएं दी। बाबा के खिलाफ 1997 में यौन शोषण का मुकदमा दर्ज हुआ है। वह जेल भी गया था। बाद में वह साकार विश्व हरि बाबा बनकर सत्संग करने लगा।

### 23 मई 2023 से नहीं आए हैं पैतृक गांव बाबा

गांव में बाबा का नाम सूरजपाल है। उनकी पत्नी का नाम कटोरी देवी है। सूरजपाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। इनसे छोटे भाई रामप्रसाद की मृत्यु हो चुकी है। तीसरे नंबर के भाई का नाम राकेश है। ये गांव में खेती करते हैं। सूरजपाल से बने साकार विश्व हरि बाबा अपने पैतृक गांव में बने आश्रम पर आखिरी बार 23 मई 2023 को आए थे हालांकि उनके आश्रम पर हर मंगलवार को लोगों की भीड़ लगती है।

### बाबा की गैर हाजिरी में जहां लगती थी भीड़, वहां सन्नाटा

भोले बाबा का मुख्य आश्रम उनके पैतृक गांव पटियाली के गांव बहादुर नगर में है। वहां हमेशा भीड़ रहती है। बाबा आश्रम पर हों तब भीड़ ज्यादा होती है। भोले बाबा की बहन का कहना है कि प्रतिदिन लोग यहां से धूल और पानी ले जाते हैं, जिससे उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, आश्रम में सदैव रौनक रहती थी। हाथरस की घटना के बाद अब वहां सन्नाटा है।



आश्रम के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### इटावा में दर्ज हुआ था यौन शोषण का केस

भोले बाबा उर्फ सूरज पाल जिन दिनों एलआईयू में इटावा में तैनात था। उस दौरान उसके ऊपर यौन शौषण की एफआईआर दर्ज हुई थी। ये बात करीब 1997 के आस पास की है। जब यौन शोषण के इल्जाम की वजह से सूरज पाल उर्फ एसपी सिंह को जेल तक जाना पड़ा था। सिर्फ इतना ही नहीं, बाबा भोले के खिलाफ अब तक पांच मुकदमें दर्ज हो चुके हैं जिनमें से एक -एक केस आगरा, इटावा, कासगंज, फर्रूखाबाद और राजस्थान के दौसा में दर्ज हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पुलिस में होने के बावजूद जेल जाने के बाद ही एसपी सिंह उर्फ सूरज पाल सिंह जाटव का पुलिस महकमें की नौकरी से मोह भंग हो गया था और उसके बाद वीआरएस ले ली थी। अचानक 1998 में स्वैच्छिक सेवानिवृति यानी वीआरएस लेने के बाद एक रोज बाबा ने ऐलान कर दिया कि परमात्मा के साथ उनका साक्षात्कार हो गया और देखते ही देखते वो बाबा बन गए।

### बेटी का शव जिंदा करने का रचा था नाटक

आगरा के जिस मकान की चौखट पर लोग मत्था टेकना अपना सौभाग्य समझ रहे हैं उसी मकान में सूरज पाल सिंह ने बहुत पहले कानून को ठेंगा दिखाने की जुर्रत की थी। 29 साल पहले सूरज पाल सिंह को पुलिस ने इसलिए गिरफ्तार किया था गोद ली हुई बेटी के शव को दो दिन तक रखे रहे थे। जिंदा करने के जतन करने की अफवाह पर पहुंची पुलिस से बाबा ने कहा था कि ये मैं नहीं, मेरे अनुयायी कह रहे हैं। हालांकि, बेटी जिंदा नहीं हुई थी। दो दिन तक शव को घर में यह कहते हुए रखा रहा कि उसे जिंदा किया जा रहा है। इस पर उत्सुकतावश भीड़ जमा हो गई। पुलिस से भोले बाबा ने कहा था कि बेटी को जिंदा कर दूंगा, मेरा ऐसा कहना नहीं है, ये तो लोग मान रहे हैं। यहीं से भोले बाबा चर्चा में आ गए थे। हालांकि, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मल्ल का चबूतरा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करा दिया था।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# एआई के दुरुपयोग पर चिंता

दुनिया में सभी देश और समाज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न होने वाले नए खतरों तथा जोखिमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। कई देशों में एआई से संबंधित जोखिमों को कम करने से संबंधित बहुत सारी गतिविधियां हुई हैं। एक विनियमन है और यूरोपीय संघ में एक कानून पारित किया गया है। अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पारित किया है। वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र ने एआई के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए एक अलग निकाय की स्थापना की है। क्योंकि एआई से उत्पन्न जोखिमों और खतरों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। एआई एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किए जाते हैं, क्योंकि उन्हें मानव बुद्धि और निर्णय की आवश्यकता होती है। हालांकि कोई भी एआई उन विविध प्रकार के कार्यों को नहीं कर सकता है जो एक सामान्य मानव कर सकता है, कुछ एआई विशिष्ट कार्यों में मनुष्यों की बराबरी कर सकते हैं। बुधवार को ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल के चुनाव में एआई के दुरूपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन को शुरू किया जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में मिशन शुरू हो जाएगा ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा, फार्मास्यूटिकल्स और इन सभी क्षेत्रों में एआई की शक्ति और क्षमता का दोहन किया जा सके।

गौरतलब है कि मंत्रिमंडल ने इस वर्ष मार्च में 'इंडिया एआई मिशन' के लिए 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन को मंजूरी दी थी। इंडिया एआई मिशन भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अगले पांच वर्षों में निर्धारित यह पर्याप्त वित्तीय निवेश इंडिया एआई मिशन के विभिन्न घटकों को उत्प्रेरित करने के लिए तैयार है, जिसमें इंडिया एआई कंप्यूटर क्षमता, इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर (आईएआईसी), इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म, इंडिया एआई एप्लिकेशन डेवलपमेंट इनिशिएटिव, इंडिया एआई फ्यूचरस्किल्स, इंडिया एआई स्टार्टअप फाइनेंसिंग और सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। भारत एआई मिशन के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप, इन पहलों का उद्देश्य एआई में भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करना, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, नैतिक और जिम्मेदार एआई परिनियोजन सुनिश्चित करना और समाज के सभी वर्गों में एआई के लाभों का लोकतंत्रीकरण करना है। भारत नागरिकों के लाभ और अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए एआई की शक्ति का पूरा उपयोग करने जा रहा है। यानि एआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए गतिज प्रवर्तक बनने जा रहा है।

# कब तक फलते-फूलते रहेंगे स्वयंभू बाबा



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं।

आधुनिकता के इस दौर में स्वयंभू धार्मिक नेताओं की बाढ़ सी आ गई है और जनता भी इन्हें सिर माथे पर बैठा रही है। बीते मंगलवार को हाथरस भगदड़ मामले में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिजनों और घायलों को धनराशि देने की बात कही है, लेकिन सवाल फिर यही कि क्या किसी आदमी की जान रुपयों में तोली जा सकती है? इस तरह के घटनाओं की पुनरावृत्ति साल दर साल क्यों होती रहती है? किसी एक दुर्घटना से हम सबक क्यों नहीं लेते?

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं। कहने को तो देश आर्थिक और तकनीकी मामलों में आगे बढ़ रहा है, लेकिन धर्मांधता भी बढ़ती जा रही है। इस हादसे पर अफसोस होने के साथ-साथ देश की मूढ़मति जनता की समझ पर तरस भी आता है। आस्था के सिंहासन पर बैठकर यह लोग महिलाओं की अस्मिता से तो खेलते ही हैं, साथ ही लोगों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं। बताया जाता है कि नारायण साकार विश्व हरि भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए पंडाल पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हालांकि इस आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी, मगर 80 हजार लोगों की व्यवस्था जहां पर की गई थी, वहां इससे कहीं ज्यादा अधिक लोग प्रवचन सुनने के लिए एकत्र हो गए थे। आयोजक और शासन-प्रशासन के द्वारा लोगों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रवचन की समाप्ति पर बाबा के निकट से दर्शन और उसकी चरण रज पाने के लिए लालायित हुए लोगों की भीड़ जब बेकाबू हो गई तब यह हादसा हुआ। लोगों का विश्वास था कि बाबा की चरण रज लेकर माथे पर लगाने उनके सारे दुख दूर हो जाएंगे। एनसीआरबी यानी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से लेकर 2013 तक भगदड़ में



यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी।

लगभग दो हजार लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानी आईजेडीआरआर की 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थ यात्राओं के कारण होती है। भारत और विकासशील देशों में भीड़भाड़ से जुड़ी अधिकांश दुर्घटनाएं धार्मिक स्थलों पर होती है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हमने देखे हैं।

भोली-भाली जनता को तरह-तरह के प्रलोभन देकर और चमत्कार दिखाकर बेवकूफ बनाने की परंपरा बहुत पुरानी रही है। हमारे देश की जनता भी उस्ताद है। कब किस इंसान को फर्श पर से अर्श पर पहुंचकर देवता बनाकर पूजने लगे, पता नहीं चलता। यह एक दुखद पहलू और इतना कटु सत्य है कि कई बार मन की आस्था डगमगाने लगती है। धर्म के मर्म को समझना अलग बात है और इस तरह के बाबाओं के कुचक्र में फंसना अलग चीज है। धर्म का मूल भाव सत्य, अहिंसा, परोपकार, दया भाव और ईमानदारी है, जबकि प्रवचन देने वाले इन बाबाओं की हिस्ट्री अजब-गजब और संदिग्ध है। अनैतिक कार्यों में इनके भागीदारी की खबरें आती रहती हैं। फिर भी देश की जनता इन पर इतना यकीन करती है कि अपना भगवान मान बैठती है। अपने अनैतिक कार्यों और कुकर्मों की वजह से कई बाबा जेल की सलाखों के पीछे गए हैं। परंतु महिलाओं की इन पर आस्था आश्चर्यजनक और चिंतनीय है।

यह देश का दुर्भाग्य ही है कि हम आज भी इस तरह के चमत्कारों में विश्वास रखते हैं। ये बाबा बीमारियों के इलाज के अलावा, संतान प्राप्ति, प्रेमी-प्रेमिका से मिलन जैसे कई चमत्कार करने का दावा करते हैं। अंधविश्वास में जकड़ी जनसंख्या इनके छलावे में आ जाती है। यह सुनकर आश्चर्य हुआ कि प्रवचन सुनने में युवा वर्ग की बालिकाएं भी अपने माता-पिता के साथ गई थीं। भारत में बच्चे और महिलाएं इस तरह के ढोंगी बाबाओं के सॉफ्ट टारगेट आसानी से बन जाते हैं। इसीलिए किसी भी तरह के हादसे में पीड़ित भी वही होते हैं। ये नहीं जानते कि जिन्हें ये लोग आध्यात्मिक गुरु मानते हैं दरअसल वे धर्म के व्यापारी होते हैं, जिनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ अपने साम्राज्य का विस्तार करना होता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में यह खुली छूट है।

यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी। एक गहन जांच और उसके आधार पर की गई कार्रवाई बहुत आवश्यक है ताकि भविष्य में अवतरित होने वाले नए बाबा थोड़ा सचेत रहें। कोई भी दुर्घटना घटने के बाद एक्शन लिया जाना अलग बात है, लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं? इस तरह के बाबाओं का भंडाफोड़ करने की सख्त जरूरत है। साथ ही जनता को भी अपनी आंखें खोलने की जरूरत है। एक स्वघोषित बाबा जो जनता को कष्ट में डालकर खुद नौ दो ग्यारह हो जाता है, जनता को क्यों उस पर यकीन करना चाहिए? हमें गंभीरता के साथ सोचना है कि देश को इस तरह के प्रवचन या सत्संग की जरूरत है या लोगों में साक्षरता बढ़ाने की ताकि वह अपना भला बुरा सोच सकें और अपने समय को कुछ सार्थक कामों में लगा सकें। इस तरह धर्मान्धता की चादर ओढ़कर हम विकास नहीं कर सकते।

## प्रसंगवश

# एक थे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ (संप्रति मऊ) जनपद के बीबीपुर में जन्मे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान भारतीय सैन्य अधिकारियों के उस शुरुआती बैच में शामिल थे, जिनका प्रशिक्षण ब्रिटेन में हुआ था।

1947 में भारत-पाक युद्ध के वक्त वे उस पैरा ब्रिगेड के कमांडर थे, जिसने नौशेरा में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। उन्हें 'नौशेरा का शेर' कहा जाता है। उनकी बहादुरी और कुशल रणनीति के चर्चे इतने थे कि देश के बंटवारे के बाद उन्हें मोहम्मद अली जिन्ना और लियाकत अली खान ने चीफ बनाने का प्रलोभन देकर उन्हें पाक सेना में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन उस्मान ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बंटवारे के बाद उनका बलूच रेजीमेंट पाकिस्तानी सेना के हिस्से में चला गया और वे स्वयं डोगरा रेजीमेंट में आ गए। पैराशूट ब्रिगेड की कमान संभाल रहे उस्मान सामरिक महत्व के क्षेत्र झनगड़ में तैनात हुए जिसे 25 दिसंबर, 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कब्जे में ले लिया था। मार्च, 1948 में ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व कौशल से झनगड़ भारत के कब्जे में आ गया। झनगड़ के इस अभियान में पाक की सेना के हजार जवान मरे थे और लगभग इतने ही घायल हुए थे। झनगड़ के छिन जाने और बड़ी संख्या में अपने सैनिकों के हताहत होने से परेशान पाकिस्तानी सेना ने उस्मान का सिर कलम कर लाने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था।

3 जुलाई, 1948 की शाम उस्मान अपने टेंट से बाहर निकले ही थे कि पाक सेना ने उन पर 25 पाउंड का एक गोला दाग दिया, जिससे उनकी शहादत हो गई। मरने के पहले उनके अंतिम शब्द थे-"हम तो जा रहे हैं, पर जमीन के एक भी टुकड़े पर दुश्मन का कब्जा न हो पाए।" शहादत के बाद राजकीय सम्मान के साथ ब्रिगेडियर उस्मान को जामिया मिलिया इस्लामिया कब्रगाह, दिल्ली में दफनाया गया। यह सम्मान उनके बाद किसी फौजी को नहीं मिला। मरणोपरांत उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया गया। दुर्भाग्य है कि उनकी कुर्बानियों को देश अब विस्मृत कर चुका है।

# श्रद्धा का यह कैसा उन्माद



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि "सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना?

हाथरस के सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दिवंगत होने और घायल होने की खबर विचलित करने वाली है। भारत में ही नहीं धर्म के नाम पर धंधा करने वाले ऐसे आयोजनों में आज भी विश्व के कई देशों में लोग अपनी जान गंवाते हैं। तमाम अधर्माचारी अपने 'कल्ट' का ऐसा व्यामोह उत्पन्न करते हैं कि उनके आह्वान पर सामूहिक विषपान कर लोग प्राण गंवा बैठे हैं। धर्म के नाम पर ये पाखंड, ढोंग, जादू-टोना, सब एक ही श्रेणी में आते हैं।

आश्चर्य है कि आज जब मनुष्य ब्रह्मांड के रहस्यों के अनावरण में जुटा है, नित नए वैज्ञानिक तथ्य उद्घाटित हो रहे हैं, एक विशाल संख्या में लोग कूप मंडूक बने हुए हैं, जिनका शोषण इन पाखंडी बाबाओं द्वारा किया जाता है। इन घटनाओं में हमेशा एक सरीखा पैटर्न होता है। एक महाढोंगी द्वारा आहूत भारी भीड़, भगदड़, मौतें और फिर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला और फिर अगली ही ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति तक सब कुछ शांत। न तो मूढ़ जनता और न ही प्रशासन इनसे कोई सबक लेता है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राजनेता तो इन बाबाओं के अनुयायियों को अपना एक विशाल वोट बैंक मानकर चुप्पी साधे रहते हैं। बाबाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं करते।

अदालतें जरूर विवेक दिखलाती हैं। वहां जो मामले पहुंचते हैं, वे आशाराम और राम रहीम में तब्दील हो जाते हैं। बशर्ते सरकारें वहां तक तत्परता के साथ मामलों को ले जाएं न कि कुछ बाबाओं के लिए एक साभिप्रायपूर्ण चुप्पी साधे रहें। ताजे मामले में ये कोई साकार हरि ऊर्फ भोलेबाबा या खुद का रखा गया पूरा नाम नारायण सरकार विश्व हरि भोलेबाबा, सरकारी सेवा का भगोड़ा है, जो अपनी जुगाड़ और साठगांठ से धर्म प्रचारक बन बैठा, क्योंकि यह धंधा चोखा है। कोई खास इंवेस्टमेंट भी नहीं है। सब कुछ भक्तजन कर देते हैं। समझ में नहीं आता कि आखिर इस बाबा कल्चर को पनपने देने के पीछे सबसे बड़ा दोषी कौन है? क्या भक्तगण ही सबसे बड़े दोषी हैं? कैसे कहें, वे तो जन्मजात मूढ़ हैं।

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि "सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना? फिर क्या दोषी वह 'कल्याणकारी राज्य' और शासन है, जहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण दुखद घटनाएं घटती हैं और जनहानि होती है? क्यों नहीं सभी राज्य महाराष्ट्र की तरह अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून बनाते और उनका कड़ाई से पालन करते हुए पाखंडी बाबाओं की नियमित धर पकड़ करते बिना वोटों की परवाह किए? हालांकि महाराष्ट्र में भी ऐसे ढोंगी बाबाओं का वर्चस्व अभी भी कायम है, क्योंकि वहां की सरकारों ने भी लागू कानून को उपेक्षा की है। आस्था के नाम पर हमें क्या आंखे मूंदे रहना चाहिए? ऐसी घटनाएं आगे न घटे इसलिए भारी भीड़ आमंत्रित करने वाले बाबाओं के ऊपर निरंतर निगहबानी रखनी होगी और हादसों को टालने का तो मूलमंत्र ही यही है कि जहां भीड़ हुई शांति व्यवस्था को खतरा हुआ और धार्मिक उन्मादियों की भीड़ तो जान ले भी सकती है और दे भी सकती है। हिंदू धर्म की चिर सहिष्णुता को भी कोसने का मन कहता है कि उसके नाम पर आज से नहीं सदियों से कैसे-कैसे पापाचार होते आए हैं।

किसको दोष दिया जाए और किसे बख्शा जाए? जो धर्म खुद को भी अनाचार से बचा न सके उसको लेकर बुद्धिजीवियों को ही कम से कम ऐसे मौकों पर मुखर होना चाहिए। हम कब तक 'सनातन' के भुलावे में रहेंगे? मगर क्या कीजिएगा हमारे आज के शंकराचार्य भी निष्प्रभावी हो गए हैं। बहुत कम असली धर्माचार्य हैं, जो धर्म के नाम पर अधर्म फैला रहे लोगों के विरुद्ध मुखर होते हैं। आशा की जानी चाहिए कि शीघ्रातिशीघ्र ढोंगी साकार हरि को सलाखों के पीछे डालकर अभियोजन आरंभ किया जाएगा। जिन लोगों की जान गई है उनकी हत्या का आरोप इसी पर होना चाहिए और सरकार को भीड़ सीमा संबंधी भी कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लाना चाहिए या फिर भीड़ प्रबंध की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## सोशल फोरम

# गुरु बनाना एक फैशन

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है।

साधारण व्यक्ति में क्या इतना बुद्धि सामर्थ्य है कि वह अपना गुरु चुन सके। अगर इतना बुद्धि बल है उसमें तो इसे गुरु की आवश्यकता ही क्या है? आज साधारण व्यक्ति दूसरों के प्रभाव में आकर गुरु चुनता है और गुरु भी इतना गुरु है कि तुरंत उसे अपना शिष्य बनाकर इसे नाममंत्र दे देता है।

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है। आज गुरु बनाना एक फैशन है अगर आप किसी नामी गुरु के शिष्य नहीं तो आप पूर्ण नहीं और गुरुओं के पास नामी शिष्य नहीं तो वह भी पूर्ण गुरु नहीं।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

एक स्वनाम धन्य व्यक्तित्व एक गुरु के हाईप्रोफाइल शिष्य थे। गुरु के सत्संग में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक बार उनसे उनकी सक्रियता के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया वह राजनीतिक व्यक्ति भी हैं और गुरु जी के चेले उनके चुनाव क्षेत्र में प्रभावी है इसलिए सत्संग में क्षेत्र के लोगों को दिखाने के लिए आना पड़ता है और आज भी वह कई बार के सांसद है। आम जनता गुरुओं के ग्लैमर में भक्त बन जाती है। गुरुओं के पास कोई न कोई विद्या तो है, जिससे लाखों लोग उनके मुरीद हो जाते हैं। एक बात और जिस गुरु ने भगवान बनने की कोशिश की वह कहीं का नहीं रहता।

ऐसे बहुत से लोग जेल की अंधेरी कोठरियों में अपना सत्संग कर रहे हैं और यह गुरुगिरी हर धर्म में चल रही है। कई पीर हैं कई प्रीस्ट हैं, जो धर्म की आड़ में अपनी दुकानें चला रहे हैं। मैं तो अभी उस समय का इंतजार कर रहा हूं, कोई योग्य गुरु मुझे शिष्य के रूप में स्वीकार करे और मेरा उद्धार करे।

**-फेसबुक वॉल से**

# आपातकाल और निरंकुश प्रशासन

बात आपातकाल की है। मैं जनपद बरेली में डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। आपातकाल घोषित होते ही प्रशासन सहसा पूर्ण निरंकुश हो उठा। इस निरंकुशता में मेरी भी भागीदारी थी। आपातकाल के दूसरे दिन वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक मे येन केन प्रकारेण विरोधी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा प्रशासन विरोधी पत्रकारों को जेल भेजने का निर्णय लिया गया।

अब पुलिसिया यातना का वह चक्र चल पड़ा, जिसकी आंच ने मेरे भविष्य को घातक आघात दिया। इस बैठक ने पुलिस वालों को तो मानो किसी को भी आंतरिक सुरक्षा के नाम पर बंदी बनाने का पूर्णाधिकार दे दिया। जेल विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया कि पुलिस द्वारा बंदी बनाए गए किसी भी व्यक्ति रात या दिन किसी भी समय जेल के सींखचों के भीतर ले कागजी खानापूर्ति की कार्यवाही बाद में सुनिश्चित की जाए। रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात कभी देश के स्वतंत्राता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वयोवृद्ध नेता की गिरफ्तारी का दायित्व मुझको सौंपा गया। थाना प्रभारियों में मानो इस बात की होड़ सी लग गई थी कि कौन कितनी गिरफ्तारियां करता है। इंदिरा गांधी का संभावित विरोध, राष्ट्र विरोध में परिवर्तित हो चुका था। धड़ाधड़ गिरफ्तारियों का निर्बाध दौर शुरू हो चुका था। विरोधी नेता, कार्यकर्ता, प्रशासन/पुलिस विरोधी पत्रकार, छात्र नेता आदि गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत होने लगे, जो पकड़े गए, जेल गए। अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे श्री आजाद के ड्राइंगरूम जा पहुंचा। खादी की मिर्जई एवं अंडर वियर पहने चश्मा लगाए आजाद जी के हाथ में कोई किताब थी। हंसते हुए उन्होंने मेरा स्वागत किया "आइए-आइए डॉक्टर साहब! मैं आपका ही इंतजार कर रहा था और सोच रहा था कि अभी तक मेरा नंबर क्यों नहीं आया?" उनकी विनम्रता के समक्ष शर्म से मेरा सिर झुक गया। साथ आए सब इंस्पेक्टर को बाहर भेज मैं वहीं खड़ा रह गया। अपनी जीप में लाकर आजाद जी को थाना कोतवाली के अपने कार्यालय के कमरे में बैठाया, थाना प्रभारी हाकिम राय को निर्देश दिया कि आजाद जी को तुरंत जेल पहुंचाकर लौटकर लिखा-पढ़ी करते रहें।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

घटना दोपहर के लगभग दो बजे की है। इसके बाद फोन पर मैंने जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को श्री आजाद की निर्विघ्न गिरफ्तारी की सूचना दी, उनकी मौखिक बधाई को प्राप्त किया। बाद में मुझे यह जानकर कष्ट हुआ कि हाकिम राय ने आजाद एवं एक अन्य नेता पर दूसरों को नगर की दूरसंचार तथा बिजली आपूर्ति बाधित करने के उकसाने का आरोप लगा घटना का समय भी रात का दिखाया गया, जबकि मैंने लगभग दो बजे दिन ही में श्री आजाद को हाकिम राय के सुपूर्द कर दिया था। यहीं पर यह उल्लेख कर देना प्रासंगिक है कि हाकिम राय तत्कालीन बरेली रेंज के डीआईजी केडी शर्मा (कृष्णदत शर्मा) का चहेते थे और उनकी कृपा या आदेश से उपनिरीक्षक रहते हुए भी उनको बरेली नगर के सबसे महत्वपूर्ण थाना कोतवाली का प्रभारी बनाया गया था। श्री आजाद की गिरफ्तारी के कुछ ही अंतराल के बाद वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद नामक, आरएसएस तथा विद्यार्थी परिषद के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी रात में ही कोतवाली पुलिस द्वारा हुई। प्रातः काल नौ बजे हाकिम राय ने दोनों को मेरे कमरे में मेरे समक्ष पेश किया। मैंने उन दोनों की लिखा-पढ़ी के बाद यथाशीघ्र कारागार भेजवाने का आदेश दिया। दिनभर नगर में हुई घटनाओं की जानकारी पत्रकारों को दे ही रहा था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद ने मेरे कमरे में प्रवेश किया और नगर में सफल शांति व्यवस्था के लिए मुझे बधाई दी। पत्रकारों से बाहर जाने का अनुरोध करते हुए मैंने जिलाधिकारी महोदय का स्वागत किया। मुझको बड़ा आश्चर्य हुआ कि वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद की गिरफ्तारी पर मुझको बधाई देते हुए दोनों को अपने सामने लाने का आदेश दिया। मैंने उनको बताया कि "सर! वे दोनों तो जेल जा चुके हैं।" मैं यह सूचना दे ही रहा धा कि सहसा उपस्थित हाकिम राय बोल पड़ा, "सर! आपने आने को कहा था, इसीलिए उनको रोक रखा गया है।" उसके इतना कहने साथ दोनों अभियुक्तों को डीएम के सामने लाकर खड़ाकर दिया गया।

"क्यों डॉक्टर साहब! ये दोनों तो एक दम ठीक-ठाक हैं? साफ है थाने में इनका एक दम स्वागत नहीं हुआ।" "सर! इनसे कोई बरामदगी तो करनी नहीं थी और न ही कोई महत्वपूर्ण जानकारी ही मिलनी थी।" मेरे मुख से इतना निकला ही था कि हाकिम राय बोल उठा, "सर! मैं अभी दोनों का ठीक से स्वागत करता हूं।" मैनें शांत स्वर में कहा, " किन्तु क्या अब तक 'जीडी' में उनकी आमद नहीं हुई है? अगर आमद हुई है तो क्या इनके शरीर पर आए चोटों का तस्करा जीडी में हुआ है?" मेरी बात पूरी हुई भी नहीं थी कि हाकिम राय बोल उठा था, "सर! इसका भी उपाय मेरे पास है।" यह कहते हुए वह कमरे से निकल गया। थोड़ी देर बाद वापसी में उसके हाथ में "पिलास पेचकस" था। मेरी समझ में कुछ नहीं आया। आश्चर्य चकित मैं उसकी ओर देख ही रहा था कि मेरे जीवन की एक अत्यंत दारुण तथा मेरे लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना का अवतरण हुआ। हाकिम राय के हाथ में पेचकस देख मैं आश्चर्यचकित था। कुछ समझ पाता कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के उकसावे पर हाकिम राय ने पेचकस से बारी-बारी दोनों युवकों के हाथों के अंगुलियों के नाखूनों को दबाना शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे की यातना के सूत्रधार डीएम कोतवाली से बाहर जा चुके थे। दूसरे दिन समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं। उत्पीड़नकर्ता हाकिम राय को इस बात की प्रसन्नता थी कि उनको जिलाधिकारी का परम विश्वस्त होने का तथाकथित अयाचित सौभाग्य मिल चुका था। घटना की सूचना मैंने अपने एसएसपी श्री माथुर को दी। उनकी तात्कालिक प्रतिक्रिया थी, " देखो अजित! जब किसी को उसकी औकात से बाहर की चीज मिल जाती है तब उसका घमंड अनियंत्रित हो जाता है। डीआइजी के कहने पर इसको कमिश्नरी के कोतवाली की इंचार्जी क्या मिल गई, अपनी औकात भूल गया हैं।" जेल पहुंचे दोनों युवक अपने हाथ से खाने को कौन कहे, हाथ से गिलास उठा पानी पीने में भी असमर्थ थे। उसी जेल में अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक कैदियों के साथ-साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास भी बंदी थे। उन लोगों के हस्तक्षेप पर दोनों का विधिवत उपचार हुआ, किंतु उनके नाखूनों के बचाया नहीं जा सका। स्मृति चिन्ह के रूप में दोनों ने अपने-अपने नाखूनों को सुरक्षित रख लिया।

# हादसे का जिम्मेदार कौन

हाथरस हादसे में हुई 100 से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु की हृदय विदारक घटना से हर कोई शोक में शामिल है। धार्मिक समागम में हुई बड़ी संख्या में हुई महिलाओं और बच्चों की दुखद मौत से हाथरस की प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समागम में दो लाख से अधिक लोग पहुंचे हुए थे और पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की गई थी। हालांकि रिटायर्ड जज की निगरानी में एसआईटी गठित की जा चुकी है, परंतु अभी हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी प्रशासनिक अधिकारी पर कोई कर्रवाई न होना आश्चर्यजनक है। समागम में कितने लोगों की अनुमति दी गई कितने लोग पहुंच गए, जिससे यह हादसा हुआ, जांच का विषय है, लेकिन उचित व्यवस्थाओं का न होना सर्व जाहिर है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हुक्मरानों को आयोजकों और अधिकारियों को सजा मिलेगी भी या नहीं यह तो पता नहीं, लेकिन किसी सामाजिक और यूनियन के आयोजन में अनुमति लेना कितना मुश्किल और कठिन होता है, यह मैं अच्छी तरह जानता हूं। हाथरस मामले में धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में जुटे लोगों के आने से हुए हादसे के लिए आखिर कौन जिम्मेदार माना जाएगा, यह यक्ष प्रश्न है।

# अधिक शुल्क नहीं ले सकते विद्यालय

## कहा- शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई, जिला विद्यालय निरीक्षक भी रखें ध्यान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- माध्यमिक शिक्षा परिषद में नये सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद भगवती सिंह ने अमृत विचार से की एक्सक्लूसिव बातचीत

**अमृत विचार :** निजी विद्यालय बोर्ड की ओर से निर्धारित से अधिक परीक्षा शुल्क से नहीं ले सकते। ऐसा करने पर उस विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल की मान्यता भी निरस्त की जा सकती है। यह बात माध्यमिक शिक्षा परिषद में सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद भगवती सिंह ने अमृत विचार से खास बातचीत में कही।

उन्होंने कहा विद्यालय द्वारा अभिभावकों से यदि ज्यादा शुल्क की मांग होती है तो वह सीधे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बोर्ड की ओर से निर्धारित परीक्षा शुल्क का पूरा विवरण बोर्ड की वेबसाइट www.upmsp.edu.inपर अपलोड कर दिया गया है।


भगवती सिंह को सचिव परिषद का चार्ज सौंपते हुए अभी तक सचिव रहे दिब्यकांत शुक्ला।

### 500 का 5 हजार रुपये वसूलते हैं निजी स्कूल

निजी विद्यालय बोर्ड की ओर से निर्धारित शुल्क से 10 गुना अधिक परीक्षा शुल्क वसूलते हैं। सत्र 2024-25 में परीक्षा शुल्क हाईस्कूल के लिए 500 से 700 रुपये और इंटरमीडिएट के लिए 600 से 800 रुपये है।

उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी ध्यान रखना होगा कि निजी स्कूल मनमानी न कर सकें।

### 10वीं का परीक्षा शुल्क

- संस्थागत 500 .75 रुपये
- क्रेडिट सिस्टम 200 .70 रुपये
- व्यक्तिगत 706 रुपये
- क्रेडिट सिस्टम 306 रुपये
- अतिरिक्त विषय 206 रुपये

### 12वीं का परीक्षा शुल्क

- संस्थागत 600 .75 रुपये
- व्यावसायिक 600 .75 रुपये
- व्यावसायिक अनुत्तीर्ण 806 रुपये
- अतिरिक्त विषय 206 रुपये

### 1500 रु. तक वसूला जाता है टीसी शुल्क

निजी विद्यालय टीसी का शुल्क भी 1000 से 1500 रुपये तक वसूल रहे हैं। जबकि बोर्ड में टीसी का शुल्क 100 रुपये ही निर्धारित है। टीसी पर काउंटर हस्ताक्षर के नाम पर ये शुल्क वसूला जाता है।

# नर्सिंग व पैरामेडिकल केन्द्रों का निरीक्षण करेगी दिल्ली की टीम

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- मानक न पूरे होने पर नए सत्र में नहीं मिलेगी मान्यता

**अमृत विचारः** प्रदेश के नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) के मानकों का निरीक्षण इंडियन नर्सिंग कौंसिल की टीम करेगी। आगामी सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले संस्थानों का निरीक्षण दिल्ली की टीम 22 जुलाई से 31 अगस्त 2024 के मध्य करेगी। यह निर्देश, उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो व प्रबन्धकों को भेज दी है।

स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बुधवार को बताया कि स्टेट मेडिकल फैकल्टी के अधिकारियों के साथ केन्द्रीय टीम, नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल केन्द्रों का निरीक्षण 22 जुलाई से शुरू करेगी। एएनएम पाठ्यक्रम छोड़कर, अन्य सभी पाठ्यक्रमों में नए सत्र के लिए आवेदन करने वाले नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान देखे जाने वाले मानक स्वरूप 114 तरह के आवश्यक प्रपत्र व दस्तावेज की सूची भी कॉलेजों को भेजी गई है। ताकि समय रहते तैयार किया जा सके। मानक न पूरे होने की स्तिथि में संबन्धित केन्द्र को उक्त पाठ्यक्रम में मान्यता के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं मिलेगा।

उन्होंने बताया कि जिन संस्थानों को निरीक्षण नहीं कराना है, वह आगामी 10 जुलाई तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी को सूचित कर दे, अन्यथा टीम के पहुंचने पर निरीक्षण पूर्ण माना जाएगा। इसके अलावा निरीक्षण टीम का सहयोग न करने की स्तिथि में निरीक्षण को निरस्त करने के साथ ही कॉलेज प्रशासन के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### राम मंदिर परिसर में 100 नए पुजारी होंगे नियुक्ति

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन मंदिर की व्यवस्था में 100 पुजारी नियुक्त किए जाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट धार्मिक समिति के माध्यम से पुजारियों को प्रशिक्षण दिलाएगा। पहले चरण में प्रशिक्षित 20 पुजारी रविवार से रामलला की पूजन पद्धति में शामिल हो चार शिफ्टों में अपनी सेवा देंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और व्यवस्था प्रमुख गोपाल राव ने बुधवार को सभी पुजारी के साथ बैठक कर मंदिर की गोपनीयता संबंधित जानकारी देने के साथ नियुक्ति कर दिया। रामलला के भव्य मंदिर के साथ-साथ परकोटे में छह और राम जन्मभूमि परिसर शेष अवतार मंदिर के साथ सात अन्य मंदिरों का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसमें देवी-देवताओं को विराजमान कराया जाएगा और उनके पूजन अर्चन के लिए भी पुजारी की नियुक्ति होगी। उसके पहले ट्रस्ट के द्वारा वैदिक वटुकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चंपत राय ने पुजारियों को अलग-अलग शिफ्ट में सेवा देने के लिए नियुक्ति की है। जिसमें मुख्य पुजारी के रूप में आचार्य सत्येंद्र दास हैं।

### सुनवाई के दौरान हापुड़ के एसपी की तबीयत बिगड़ी

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान सरकार का पक्ष रखने के लिए हापुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक आईपीएस अभिषेक वर्मा बुधवार को कोर्ट नंबर 5 में उपस्थित हुए, जहां अचानक उन्हें स्पॉन्डिलाइटिस का अटैक आ गया। जिस मामले की सुनवाई के लिए वह कोर्ट आए थे, वह लगभग 6 महीने पुराना पुलिस विभाग से संबंधित मामला है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी। आईपीएस अफसर के खराब स्वास्थ्य को देखकर न्यायमूर्ति ने पहल करते हुए डॉक्टर की व्यवस्था कराई और एसपी अभिषेक वर्मा को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।

### प्रतिशोधवश आपराधिक कार्यवाही को किया खारिज

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक उत्पीड़न मामले में एक महिला के खिलाफ जारी समन आदेश और आरोप पत्र को रद्द करते हुए कहा कि उक्त कार्यवाही एक जवाबी कार्यवाही है जो प्रतिशोध लेने के मकसद से शुरू की गई है, क्योंकि आरोपी महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ कथित क्रूरता और दहेज की मांग के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कोर्ट ने यह भी देखा कि आरोपी महिला के खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और 506 के तहत मामला नहीं बनता है और आक्षेपित प्राथमिकी लगभग 11 महीने बाद बिना किसी स्पष्टीकरण के दर्ज करवाई गई है। अत: सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कोर्ट ने इसे उपयुक्त मामला माना, जहां अंतर्निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए आपराधिक कार्यवाही को रद्द किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने याची की सास द्वारा थाना शिवराजपुर, कानपुर नगर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में जारी समन आदेश और आरोप पत्र को खारिज करते हुए पारित किया।

### सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 9 को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजुखाना क्षेत्र के एएसआई सर्वेक्षण की मांग लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन मुस्लिम पक्ष के कोर्ट में उपस्थित न होने के कारण मामले की सुनवाई टाल दी गई। अब इसे आगामी 9 जुलाई को सूचीबद्ध किया गया है। मालूम हो कि वुजुखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग को लेकर श्रृंगार गौरी पूजा वाद 2022 (वाराणसी न्यायालय में लंबित)की मुख्य याची राखी सिंह की ओर से हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि न्याय के हित में वुजुखाने का सर्वेक्षण आवश्यक है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों को लाभ होगा और कोर्ट को 2022 के मुकदमे में न्यायसंगत निर्णय पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

# लंभुआ भाजपा विधायक समेत छह ने किया सरेंडर

संवाददाता, सुलतानपुर

- जमानत मंजूर कर कोर्ट ने रिहाई का दिया आदेश

**अमृत विचारः** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा व प्रचार कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में बुधवार को लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा समेत छह आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष मजिस्ट्रेट ने आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया ।

विशेष लोक अभियोजन वैभव पांडेय के मुताबिक 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड़ुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़न दस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने केस दर्ज कराया था। इसी मुकदमे में कोर्ट ने बीती तारीख पर आरोपी विधायक सीताराम वर्मा, खड़ुआन निवासी अजय वर्मा, संतराम वर्मा, शुभम वर्मा, पवन व रंजीत वर्मा पर समन जारी कर तीन जुलाई को तलब किया था।

# पिता ने शराबी पुत्र की जान ली

**महोबा, अमृत विचारः** चरखारी थानाक्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में बीती रात करीब डेढ़ बजे घटना पिता रामसहायक अहिरवार ने अपने पुत्र नरेश अहिरवार पर सोते समय लाठी से हमला कर दिया। घायल नरेश को तत्काल ही इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज के लिए लाया गया, उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। मां रामदेवी ने बताया कि उसका पुत्र शराब पीकर पिता से झगड़ा करता था। नाराज होकर पिता ने लाठी से हमला कर दिया।

# सहारा इंडिया ग्रुप के छह ठिकानों पर छापे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय के कोलकाता और लखनऊ इकाई के अधिकारियों ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सहारा इंडिया समूह के लखनऊ और कोलकाता स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई समूह की कोलकाता स्थित चिटफंड सोसायटी हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में की गई। कार्रवाई में ईडी के 80 अधिकारी और कार्मिक शामिल रहे।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई ईडी की कोलकाता इकाई ने लखनऊ इकाई के अधिकारियों की सहायता से की। बताते चलें कि पिछले कई वर्षों के दौरान सोसायटी द्वारा भोले-भाले निवेशकों से कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये एकत्र किए गए और इस पैसे को डायवर्ट किया गया। सहारा समूह के निवेशकों का पैसा वापस करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहल में हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के साथ-साथ लखनऊ स्थित सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी और भोपाल स्थित सहारायन यूनिवर्सल मल्टी-पर्पज सोसाइटी लिमिटेड भी शामिल हैं।

विस्तृत जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों समेत 80 से अधिक लोगों वाली ईडी टीम ने सुबह आठ बजे से लखनऊ के कपूरथला चौराहे पर सहारा के कॉरपोरेट कार्यालय में तलाशी की कार्यवाही शुरू की। उन्होंने बताया कि कार्यालय में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है और कार्यालय में मौजूद कुछ कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं, क्योंकि वे कार्यालय में तलाशी की सूचना मिलने के बाद अपने वरिष्ठ अधिकारियों को फोन करने लगे थे। उन्होंने बताया कि ईडी टीम ने इन सोसायटियों से जुड़े कई दस्तावेजों को स्कैन किया और आगे की जांच के लिए कुछ दस्तावेजों को जब्त कर लिया।

# बिहार के डिप्टी सीएम ने मुंडन कर समर्पित की पगड़ी

अयोध्या कार्यालय

- बिहार से इंडिया गठबंधन की सरकार हटाने का था संकल्प

**अमृत विचार :** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अपने संकल्प को पूरा करते हुए 22 महीने के बाद मुंडन कराकर मुरेठा (पगड़ी) को हटा दिया है। बिहार के कई मंत्री और विधायकों के साथ बुधवार को डिप्टी सीएम ने सरयू नदी में डुबकी लगाई। रामलला के समक्ष पहुंचकर मुरेठा समर्पित किया।

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार से इंडिया गठबंधन की सरकार हटाने के लिए संकल्प लिया था। जैसे ही नीतीश कुमार गठबंधन छोड़कर एनडीए में शामिल हुए और मुख्यमंत्री बने। उसी दौरान संकल्प लिया गया था। वह अब पूरा हो गया। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए मंगलवार की देर शाम बिहार के मंत्री और विधायकों के साथ अयोध्या पहुंच गए थे। बारिश के कारण सरयू के तट पर मुंडन नहीं करा सके। सर्किट हाउस में ही इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद बारिश के बीच सरयू तट पर पहुंचे। जहां श्रीराम का नाम लेकर डुबकी लगाई और पगड़ी उतारी माथे पर लगाई और उसके बाद पैदल ही अपने आराध्य के दरबार की तरफ चल पड़े। लगभग दो किलोमीटर पैदल चलते हुए पहले हनुमानगढ़ी फिर राम मंदिर में पहुंचे। संकल्प पगड़ी को समर्पित किया।


सरयू स्नान करते बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी।

### समर्थकों के हुजूम ने तोड़े नियम

जन्मभूमि पथ पर बिहार के सैकड़ों समर्थकों के साथ डिप्टी सीएम और मंत्री व विधायकों की मौजूदगी में प्रोटोकॉल के नियमों को तोड़कर राम मंदिर पहुंचे। इस दौरान लगभग चार स्थानों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस बल अधिकारियों के साथ मौजूद रहे, लेकिन समर्थकों का हुजूम जन्मभूमि पथ से होते हुए राम जन्मभूमि परिसर पहुंचा। इस दौरान राम मंदिर के पहले क्रॉसिंग पर पुलिसकर्मियों के साथ नोकझोंक भी हुई।

# नकली आयुर्वेदिक दवा बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नोएडाः** नोएडा में नकली आयुर्वेदिक दवा बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फेज-वन थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनीस अहमद और मोहम्मद शमी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कंपनी के मालिक अजीजुल हसन ने शिकायत में कहा कि उनकी कंपनी का पूर्व कर्मचारी अहमद सेक्टर-10 स्थित एक कारखाने में उनके उत्पाद से मिलती-जुलती दवा बनाकर बेच रहा है।

# जज ने शिकायत की तो 3 दरोगा हुए लाइन हाजिर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** प्रयागराज में एक जज के यहां निजी काम करने वाले युवक को पुलिस द्वारा प्रताड़ित करने के मामले में कमिश्नर प्रयागराज तरुण गाबा ने तीन दरोगाओं का लाइन हाजिर किया गया।

मांडा थाना अंतर्गत मडार गांव में बीते तीन दिन पहले 20 हजार रुपए की लूट हुई थी। पुलिस ने नहवाई क्षेत्र के एक युवक को उठाकर पूछताछ की थी। युवक जज के यहां निजी कर्मचारी था। आरोप है कि पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के बाद प्रताड़ित किया गया। युवक के घरवालों ने इसकी गुहार न्यायाधीश से लगाई। मामला पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचने पर मांडा थाने में तैनात दरोगा शहनवाज आलम, कपिल द्विवेदी व दिघिया चौकी के दरोगा सन्नेश बाबू गौतम को लाइन हाजिर कर दिया।

# 150 करोड़ ठगी का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार :** ठगी कर वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को स्थानीय पुलिस व एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए ठग पर करीब 150 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है।


आरोपी राजेश मौर्य।

मामला सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव का है। ठगी करने वाले पर 25,000 का इनाम भी घोषित था। इनामी ठग राजेश मौर्य को गिरफ्तार कर सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस और प्रयागराज एसटीएफ की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है। राजेश मौर्य को कर्मेपुर मोड़, सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि राजेश मौर्य ने लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से इकट्ठा किया। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि राजेश मौर्य मध्य प्रदेश के इंदौर महानगर के नेहरू नगर में राजा सिंह के नाम से हुलिया बदल कर रह रहा था। राजेश मौर्य ने साल 2007 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मार्केटिंग का काम किया और बाद में एनजीओ के नाम पर लोगों को धोखाधड़ी के जरिए फंसाया। उसने आरकेएम शिक्षण संस्थान नामक एनजीओ रजिस्टर करवा कर लोगों को दो-गुना लाभ दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये इकट्ठा किए। उसने प्रदेश के अलावा कई राज्यों में धोखाधड़ी का अपराध किया।

## वर्ग पहेली-120

**बाएं से दाएं**

3.1.नज़रबंद होने की स्थिति 2.इंद्रजाल

5.1.पीला रंग 2.वृक्ष की छाल 3.चंपक 4.कनेर 5.केसर 6.पुष्पराज 7.इंद्र 8.गरुड़ 9.मिश्रित या उपधातु जिससे घंटे बनाए जाते हैं 10.दीप 11.मेंढक 12.चकवा, चक्रवाक पक्षी 13.हरताल 14.कुसुम 15.पीला मूंगा 16.पीला खस।

6.1.किसी घटना या बात की दबी हुई चर्चा, अस्पष्ट चर्चा, कानाफूसी 2.उड़ती हुई ख़बर 3.टोह।

**ऊपर से नीचे**

1.1.षड्यंत्र, छल 2.किसी को संकट में डालने के लिए बनाई जाने वाली योजना 3.किसी को हानि पहुंचाने के लिए होने वाली गुप्त कार्यवाही, (प्लॉट)।


2.1.वक्ता, बोलने वाला 2.मुकदमा दायर करने वाला 3.फ़रियादी 4.किसी वाद से संबंध रखने वाला।

3.1.उमदा या नफ़ीस होने की अवस्था या भाव 2.मृदुलता, कोमलता 3.सुंदरता, अच्छाई 4.स्वच्छता, सफ़ाई 5.निर्मलता।

4.1.काला सेमल 2.सफ़ेद सहिजन 3.करंज का वृक्ष 4.गोरोचन।

5.स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य, मायके के लोग।

6.जिसे सुख मिल रहा हो, सुखयुक्त, सुखपूर्ण, प्रसन्न, ख़ुशहाल।




### वर्ग पहेली -119 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | नो | नि | यो | ग | |
| न | | | | | 2 सौं |
| शा | | 3 तुं | | | फी |
| | 4 रं | ग | रे | ज़ी | |
| 5 प | | ता | | | 6 क |
| र | | | | | त |
| जा | | 7 खँ | गा | ल | ना |

## सुडोकू-33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | | | 1 | | | 7 | |
| 5 | | 8 | 2 | | | 1 | | |
| 9 | | | 5 | | | 7 | | 8 |
| | 1 | | 9 | | 4 | | 6 | |
| 4 | | 2 | | | 6 | | | 3 |
| | | 6 | | | 3 | 2 | | 7 |
| | 9 | | | 7 | | | | 1 |
| | | 5 | | 6 | | | | 4 |

### सुडोकू -32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 05 .54 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 5 जुलाई 04 .57 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष:** आज बिजनेस में आपको अपनी योजनाओं के समय रहते सुध-बुध लेनी होगी, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आप अपने भविष्य को लेकर कुछ निवेश कर सकते हैं,जो भविष्य में आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगा।

**वृष:** आज आप किसी बात को लेकर तनाव रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। मन में उलझन रहने के कारण कुछ विचलित रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोग कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें,नहीं तो समस्या हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन:** आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के होने के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आप किसी से कोई वादा करें, तो आप उसे समय रहते पूरा करें।

**कर्क:** आज आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी काम में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए यदि सोच विचार कर रहे थे तो उसमें विघ्न आ सकता है। आपको परिवार के सदस्यों को किसी पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आपके खर्च बढ़ने से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** आज आपको अपनों के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करने से आपको पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी, नहीं तो वह आपके साथ कोई धोखा कर सकता है। अपने सहयोगियों से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं,जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका मन प्रसन्नता रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक:** आज परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण आपको मेहनत अधिक करनी होगी। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को साथी की बातों को सुनकर उन पर ध्यान देना होगा।


**धनु:** आज वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना चाहिए। आपका कोई कानूनी विवाद आपको परेशान करेगा,जिसमें आपको घन खर्च अधिक करना पड़ेगा। बिजनेस में भी आपको नुकसान होने के योग बनते दिख रहे हैं, इसलिए आप बहुत ही सोच विचार कर कदम बढ़ाएं।

**मकर:** आज का दिन व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपके लिए गए निर्णय बेहतर साबित होंगे। आप संतान के करियर को लेकर चिंतित रहेंगे और आपकी वह चिंता भी दूर होगी। अपनी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कुंभ:** आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। किसी पुराने वाद विवाद से छुटकारा मिलेगा। आपकी संतान को शारीरिक कष्ट होने के कारण आप परेशान रहेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोग कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**मीन:** आज आपको किसी विशेष व्यक्ति के मिलने से अच्छा लाभ मिलने की शुरुआत संभावना है। बिजनेस में आप किसी नई योजना की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग किसी पार्ट टाइम कार्य को करने की योजना बनाएंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 05 जुलाई 03 .54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
प्लेटफॉर्म — सुबह : 09 .00
बादशाह — रात : 09 .00

**&pictures**
केदारनाथ — सुबह :10 .44
तनु वेड्स मनु रिटर्न्स — रात : 08 .00

**SONY PIX**
द डार्क नाईट राइसेस — सुबह : 09 .02
क्लैश ऑफ द टाइटंस — रात : 07 .10

**ZEE CINEMA**
हम आपके हैं कौन — दोपहर : 12 .44
पाथु थाला — रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
सनम बेवफा — सुबह : 08 .29
जुग जुग जियो — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .44 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा,फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं ना।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 930 फ्लैग 1090 बोल्ड 1140 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045, **किराना (प्रतिकु.)**–हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4700, खजाना 4700, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**–डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई

## आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर की ओर जारी शोधपत्र में कही गई बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर के एक शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई।


नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के एक शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस) की हाल ही में पूरी हुई तीसरी श्रृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी श्रृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है। यह शोधपत्र बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई। महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद इसमें गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। शोधपत्र के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि और गरीबी की स्थिति में कमी से एक गतिशील परिवेश पैदा होता है जिसके लिए कारगर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है। सामाजिक बदलाव की रफ्तार के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बनाए रखना भारत के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने कुछ महीने पहले कहा था कि नवीनतम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि देश में गरीबी घटकर पांच प्रतिशत रह गई है और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के पास पैसे आ रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उपभोग व्यय के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि 2011-12 की तुलना में 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक हो गया है।

### भारत पर फिलहाल स्थिरता की समस्या नहीं: पूनम



एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि भारत का सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 82 प्रतिशत के बराबर है, लेकिन उच्च वृद्धि दर तथा भारतीय मुद्रा में ऋण अधिक होने से देश को ऋण स्थिरता की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारत का उच्च ऋण स्तर फिलहाल सतत है, क्योंकि वास्तविक या नाममात्र जीडीपी अधिक है और अधिकतर कर्ज रुपये में है। गुप्ता ने कहा कि कुल ऋण में से एक तिहाई राज्यों के पास है। सामान्य स्थिति में, अगले पांच वर्षों में उनके ऋण स्तर में और वृद्धि ही होगी। उन्होंने कहा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

## सोशल मीडिया मंच 'कू' होगा बंद, संस्थापकों ने अलविदा कहा



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच एक्स को एक समय टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे अलविदा कहा। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों और मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के लिए बातचीत से वांछित परिणाम नहीं निकले। उन्होंने लिखा है, हमने कई मीडिया घरानों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशी, लेकिन इन वार्ताओं से वह परिणाम नहीं निकला जो हम चाहते थे।

# अभी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत है, आगे और संभावना




मलिहाबाद में इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट प्रोडेक्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **जर्मन राजदूत ने यूरोपीय देशों में लागत कम करने के लिए जलमार्ग से निर्यात का दिया सुझाव**
- **सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग के साथ मलिहाबाद में बागवानों को किया प्रोत्साहित**

**अमृत विचार:** जर्मनी से मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत हुई है आगे और यूरोपीय देशों में संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग का खर्च अधिक है, जो कम करने के लिए आम जलमार्ग से प्रोटोकाल के तहत भेजा जाए तो सस्ता पड़ेगा। यह बातें जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने बुधवार को मलिहाबाद के आम के बागों का निरीक्षण करते हुए कही।

इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अतिरिक्त सचिव, कृषि और किसान कल्याण विभाग फैज अहमद किदवई के साथ शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले एएमडी के डिप्टी टीम लीडर प्रत्यूष रंजन, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला व सहायक निदेशक संजय कुमार के साथ बागों का निरीक्षण किया। एक बाग में मैंगो हारवेस्टर से आम तोड़ा और बागवानों से पैदावार के तरीके, गुणवत्ता, लागत, बिक्री आदि तरीके पूछे। इसके बाद कार्यक्रम में इरादा फार्मर्स प्रड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के 10 बागवान और समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। जिन्होंने पहली बार 14 जून को जर्मनी आम का विश्वस्तरीय ग्लोब गैप सर्टिफिकेट लेकर निर्यात किया था।

इसके बाद डॉ. फिलिप एकरमैन ने अधिकारियों के साथ निर्यात पर चर्चा की। कहा जर्मनी से निर्यात की शुरुआत हुई है। यूरोपीय देशों में आगे और संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग से जो आम गया वह 600 रुपये किलो पड़ा। वायुमार्ग में खर्च अधिक है इसे कम करने के लिए जलमार्ग से प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भेजा जाए तो दाम कम होंगे। अधिकारियों ने इस सुझाव पर सहमति जताई। इस दौरान खाद्य और कृषि विभाग की प्रमुख काउंसलर इंगेबोर्ग बेयर और जर्मन दूतावास नई दिल्ली के प्रवक्ता कैस्पर मेयर भी रहे।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300–55,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,350 |
| चांदी पक्की | 887 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## जीएसटी परिषद के संशोधनों को वित्त विधेयक में शामिल किया जाएगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को इस महीने के अंत में बजट के साथ संसद में पेश किए जाने वाले वित्त विधेयक में जगह दी जाएगी। अग्रवाल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर एनएसीआईएन-भोपाल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में कुछ वस्तुओं और सेवाओं पर दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

# एआई को लेकर शीघ्र शुरू होगा मिशन : वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के हाल के चुनाव में हुए दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए आज कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन शुरू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बुधवार को यहां ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में कहा-हाल के आम चुनावों में, हमने देखा है कि गलत सूचना, भ्रामक जानकारी और फर्जी खबरें कितना बड़ा खतरा हो सकती हैं। एआई की शक्ति से यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो केवल हम अनुभव कर रहे हैं, पूरी दुनिया ने इसका अनुभव किया है। हर समाज और सरकार एआई पर आधारित नए जोखिमों के उभरने से एक ही खतरा महसूस कर रही है। सोसायटी बहुत ही व्यवस्थित और सोच-समझकर जवाब दे रहा है।

उन्होंने कहा-जैसा कि हम एआई की क्षमता को देखते हैं, हमें सामूहिक रूप से एक रास्ता निकालने की भी जरूरत है, और हमें प्रौद्योगिकी पर क्या सीमाएं लगाने की जरूरत है, इसे हमारे सामाजिक और लोकतांत्रिक संस्थानों के साथ कैसे ठीक से एकीकृत किया जा सकता है, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। वैष्णव ने इसके बाद आने पर कहा-भारत एआई के लिए वैश्विक भागीदारी की अध्यक्षता कर रहा है। इस पूरे वर्ष में, बहुत सारे कार्यक्रम हुए हैं, जहां एआई की क्षमता और जोखिमों को कम करने के लिए सोसायटी द्वारा उठाए जाने वाले संबंधित तकनीकी-कानूनी कदमों पर विचार-विमर्श किया गया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनशोधन मामले में दो आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार दो व्यक्तियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमनातुल्ला खान भी कथित रूप से शामिल हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आरोपियों जीशान हैदर और दाऊद नासिर की जमानत की अर्जियां यह कहते हुए खारिज कर दीं कि धनशोधन के तहत जमानत देने पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर, 2023 में इन दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने एक जुलाई को जारी अपने आदेश में कहा कि जैसा कि आरोप है, अमानतुल्ला खान ने बेनामीदारों हैदर और नासिर के नाम पर अचल संपत्तियां उनके असली दाम को छिपाकर खरीदीं तथा उन्होंने क्रयमूल्य की राशि को भी छिपा लिया जो विक्रेता को नकद में भुगतान की गई।

### लद्दाख में 4.4 तीव्रता का आया भूकंप

**लेह/जम्मू।** लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 12 बजे मिनट पर आया था।

# आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार मौलिक है

## सुप्रीम कोर्ट ने जमानत अवधि कम करने के उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश की आलोचना की

**नई दिल्ली,एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के उस आदेश को त्रुटिपूर्ण करार दिया है जिसमें स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत की अवधि दो महीने के लिए सीमित कर दी गई थी। फैसला सुनाते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार संविधान के अनुसार उसका मौलिक अधिकार है।

पीठ ने शीर्ष अदालत द्वारा पूर्व में पारित एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यह अब पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि त्वरित सुनवाई के अधिकार को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है तथा यह जीवन और



व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से निकटता से जुड़ा हुआ है। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और उज्ज्वल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में एक जमानत अर्जी दायर की थी तथा अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि याचिकाकर्ता 11 मई 2022 से हिरासत में है और अब तक केवल एक गवाह से जिरह हुई है। पीठ ने कहा-इन परिस्थितियों में, उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना उचित समझा, लेकिन केवल दो महीने की अवधि के लिए।'' शीर्ष अदालत ने एक जुलाई के आदेश में कहा-हमारे विचार से, यह एक त्रुटिपूर्ण आदेश है। यदि उच्च न्यायालय का मानना था कि याचिकाकर्ता के त्वरित सुनवाई के अधिकार का हनन हुआ होगा, तो उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना चाहिए था।

### कुकी समुदाय के एक व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाने पर उच्चतम न्यायालय ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर की एक जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी को महज अल्पसंख्यक 'कुकी' समुदाय से संबंधित होने के चलते इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाने के मामले का बुधवार को कड़ा संज्ञान लिया और नाराजगी जताते हुए कहा कि उसे राज्य (सरकार) पर भरोसा नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने लुनखोंगाम हाओकिप की याचिका पर सुनवाई करते हुए मणिपुर सरकार के खिलाफ सख्त टिप्पणियां कीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसे बवासीर और तपेदिक है एवं उसकी पीठ में भयंकर दर्द है, इसके बाद भी जेल अधिकारी उसे अस्पताल नहीं ले गये। पीठ ने कहा-हमें राज्य पर भरोसा नहीं है।... आरोपी को बस इसलिए अस्पताल नहीं ले जाया गया क्योंकि वह कुकी समुदाय से है। बहुत दुखद। हम निर्देश देते हैं कि उसका अभी मेडिकल परीक्षण कराया जाए।

## हेमंत सोरेन को जमानत देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन को धन शोधन के एक मामले में जमानत देने के उच्च न्यायालय के हालिया आदेश को विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) के जरिए चुनौती देते हुए जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है। ईडी न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ द्वारा 28 जून को पारित आदेश को चुनौती दे सकती है। ईडी के मुताबिक, अदालत का यह कहना कि सोरेन दोषी नहीं हैं, गलत है और आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा दोहरी शर्तों पर खरा नहीं उतरते हैं। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा था कि इस तथ्य को स्वीकार करने का कारण है कि ईडी ने जो आरोप लगाए हैं, सोरेन उस अपराध के दोषी नहीं हैं।

# अग्निवीरों को आर्थिक सहायता को लेकर राजनाथ ने बोला झूठ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **राहुल बोले-रक्षामंत्री को मांगनी चाहिए माफी**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'अग्निवीर' की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सहायता मिलने के बारे में संसद के भीतर झूठ बोला। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री को संसद, देश और सेना से माफी मांगनी चाहिए।

गांधी ने पंजाब के एक दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के पिता का वीडियो भी जारी किया जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता नहीं मिली, जबकि सरकार ने जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की मदद दिए जाने की बात संसद में कही है। कांग्रेस नेता गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद में मैंने अपने भाषण में कहा था कि सत्य की रक्षा हर धर्म का आधार है! लेकिन जवाब में रक्षा मंत्री सिंह ने शहीद अग्निवीर के परिवार को आर्थिक सहायता मिलने के बारे में संसद में झूठ बोला। उन्होंने कहा कि उनके झूठ पर शहीद अग्निवीर अजय सिंह के पिता जी ने खुद सच्चाई बताई है।

**रक्षा मंत्रालय ने कहा-अग्निवीर अजय सिंह के परिजनों को 98 लाख रुपये से अधिक की अनुग्रह राशि मिली:** रक्षा मंत्रालय ने अग्निवीर अजय सिंह की मौत के बाद उनके परिवार को सहायता राशि नहीं मिलने की खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि उनके परिवार को अब तक 98 लाख रुपए से अधिक की अनुग्रह राशि मिल चुकी है और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद बाकी बचा पैसा भी दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार देर रात सहायता राशि के संबंध में स्थिति स्पष्ट की।

### पुलिस ने राहुल के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ाई

दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा अशांति फैलाये जाने संबंधी खुफिया सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ अर्धसैनिक बलों की एक प्लाटून को भी गांधी के आवास के निकट तैनात किया गया है। भाजपा के खिलाफ गांधी की टिप्पणी को लेकर सोमवार को लोकसभा में हंगामा हुआ था। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्य अशांति फैला सकते हैं।

## गैंगस्टर अबू सलेम ने जेल स्थानांतरण को उच्च न्यायालय में दी चुनौती

**मुंबई।** गैंगस्टर अबू सलेम ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर एक विशेष अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक केंद्रीय कारागार स्थानांतरित करने की योजना के खिलाफ उसकी अर्जी पिछले महीने खारिज कर दी गई थी। सलेम ने अपनी जान को खतरा होने का दावा करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। उसने दावा किया कि तलोजा जेल से दूसरी जेल में भेजने का फैसला उसे जान से मारने की ''साजिश'' है, क्योंकि उसे कुछ महीनों में रिहा किये जाने की संभावना है। सलेम की याचिका बुधवार को न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आने पर, पीठ ने कोई कारण बताये बिना इसकी सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

# केंद्रीय कैबिनेट की समितियों के सदस्यों के नाम का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन किया, जिनमें सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक मामलों से संबंधित देश की सर्वोच्च निर्णायक समितियां शामिल हैं। समितियों में राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार, सुरक्षा मामलों से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हैं। आर्थिक मामला संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। इस समिति में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी शामिल हैं। संसदीय मामले से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में मोदी के अलावा रक्षामंत्री, गृहमंत्री, वित्तमंत्री, पंचायती राजमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा आदि विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **दिल्ली के मुख्यमंत्री की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई**

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि बुधवार को 12 जुलाई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए। इस बीच, अदालत ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को उनकी स्वास्थ्य जांच के दौरान सहायक के रूप में उपस्थित रहने की अनुमति देने संबंधी आवेदन पर अपना आदेश 6 जुलाई तक सुरक्षित रख लिया। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर 5 जुलाई को सुनवाई करेगा। बुधवार को केजरीवाल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामले का उल्लेख किया, जिस पर अदालत ने कहा कि शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान केजरीवाल ने कहा कि उनकी पत्नी ने वर्षों से उनके स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसलिए उन्हें हर सप्ताह उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देना आवश्यक है।

### सिसोदिया, के. कविता की हिरासत 25 तक बढ़ी

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया और बीआरएस की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

## नीट-यूजी लीक मामला: धनबाद से सह-साजिशकर्ता किया गया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में कथित सह-साजिशकर्ता अमन सिंह को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को कथित तौर पर प्रश्न पत्र लीक में शामिल झारखंड में सक्रिय मॉड्यूल के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद सिंह को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ने छठी गिरफ्तारी की है।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सिर मुंडवाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

## नीट यूजी विवाद

- **जंतर-मंतर पर जताया विरोध, नए कानूनों के तहत मामला दर्ज**

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के घटक दलों के छात्र सगठनों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी तथा कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस ने भी इसी मुद्दे को लेकर अलग से विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने मोदी विरोधी नारे लगाए और विरोध स्वरूप अपने सिर मुंडवाए।

पिछले सप्ताह एनटीए कार्यालय में घुसने और उसके प्रवेश द्वार पर ताला और चेन लगाने के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। बीते एक जुलाई को तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हुए। वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्यों ने मार्च निकाला। छात्र समूहों के मार्च का उद्देश्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को खत्म करने, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षाओं के विकेन्द्रीकरण की अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाना था।

### इंडिया यूथ फ्रंट 8 को करेगा विरोध प्रदर्शन

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की युवा शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख छात्र समूह इंडिया यूथ फ्रंट ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ 8 जुलाई को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा और आगे की रणनीति 8 जुलाई को तय की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे।

# पेरिस डाइमंड मेरे कैलेंडर का हिस्सा नहीं था : चोपड़ा

**सारब्रकेन (जर्मनी), एजेंसी**

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे नाम वापस नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी।




एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा, लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है। चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच कम समय है। मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (7 जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया।

### ओलंपिक में पदक जीतने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नीरज : मैके

**विजयनगर (कर्नाटक)।** इंस्पायर इस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। वह पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। मैके ने कहा वह शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में है और पूरी तरह से तैयार है। जब ओलंपिक फाइनल शुरू होगा, तब नीरज देश के लिए एक और पदक जीतने के लिए शानदार स्थिति में होंगे। एक खिलाड़ी के लिए हर समय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की वारंटी नहीं दी जा सकती, विशेषकर नीरज जैसे एथलीट के लिए जो शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, उसकी योजना स्पष्ट है कि खुद को फिट, मजबूत और संतुलित रखना ताकि ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ कर सके।

# सर्विस वैरिएशन की चुनौती से पार पाने के बाद अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद : सात्विक-चिराग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सर्विस वैरिएशन चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से शारीरिक और मानसिक अनुकूलन पर फोकस बनाये हुए हैं।

सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे टंबल, स्पिन और वाइड से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया। चिराग ने कहा कि



उन्होंने इस नयी चुनौती से पार पा लिया है और पेरिस ओलंपिक के दौरान इससे निपटने के लिए आत्मविश्वास से भरे हैं। चिराग ने कहा जहां तक सर्विस वैरिएशन का संबंध है तो यह नई चुनौती है लेकिन इसे पूरी तरह से महत्वपूर्ण मानना भी सही नहीं होगा। उन्होंने कहा ऐसा भी समय था जब हम इसका सामना करने से जूझते रहे थे लेकिन हमने आखिरकार इससे पार पा लिया है। हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है, हम इसका अभ्यास कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हम ओलंपिक में इसका सामना करने में मजबूत साबित होंगे। दुनिया की मौजूदा तीसरे नंबर की जोड़ी पिछले ओलंपिक में अपने ग्रुप के तीन में से दो मैच जीतने के बावजूद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने से चूक गई थी। सात्विक ने कहा तोक्यो ओलंपिक में खेलने का अनुभव पेरिस ओलंपिक की हमारी तैयारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस तरह के ऊंचे स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से हमें महत्वपूर्ण सीख मिली कि दबाव से कैसे निपटा जाये, फोकस कैसे रखा जाये और खेलने की विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल किस तरह हुआ जाए।

## खेल डायरी

### एशियाई बिलियर्ड्स में आडवाणी की विजयी शुरुआत

**रियाद।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।

### प्रज्ञानानंदा ने डीएक बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला अलीरेजा चमके

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश की लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और ड्रॉ खेलने में कामयाब रहा। इस 350,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के महज तीन दौर बाकी हैं और अमेरिका के फैबियानो कारूआना (4अंक) शीर्ष पर बने हुए हैं।

### अभय-वेलावन को एशियाई युगल स्क्वाश में शीर्ष वरीयता

**जोहोर (मलेशिया)।** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

### मलेशिया के पर्वत को फतह करने उतरेंगी लक्ष्मी झा

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो को फतह करने के बाद पर्वतारोही लक्ष्मी झा ने बोर्नियो और मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह करने का लक्ष्य बनाया है। पिछले साल 41 घंटे के सबसे कम समय के साथ माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने का महिला विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली बिहार की लक्ष्मी माउंट किनाबालु को फतह करने के लिए चार जुलाई को मलेशिया रवाना होंगी। माउंट किनाबालु की समुद्र तल से ऊंचाई 4095 मीटर (13,435 फीट) है और यह दक्षिण पूर्व एशिया की 28वीं सबसे ऊंची चोटी है। सत्ताइस साल की लक्ष्मी 2023 में तुर्किये की सबसे ऊंची चोटी अरारत पर चढ़ने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही भी बनीं थीं।

### विनेश को स्पेन दौरे के लिए शेंगेन वीजा मिला

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट को स्पेन का दौरा करने के लिए सरकार की मदद से बुधवार को शेंगेन वीजा मिल गया। फोगाट को स्पेन ग्रां प्री 2024 में भाग लेना है। उन्हें बुधवार की रात रवाना होना है लेकिन आज सुबह तक उन्हें वीजा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने खेल मंत्री मनसुख मांडविया और विदेश मंत्रालय से मदद मांगी। इसके तीन घंटे बाद फोगाट ने सूचित किया कि उन्हें शेंगेन का वीजा मिल गया है। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार भी व्यक्त किया। स्पेन में अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद फोगाट पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए फ्रांस में 20 दिन तक अभ्यास करेंगी।

# गिल की अगुआई वाली टीम पहुंची हरारे

## जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 शृंखला का पहला मैच 6 को, साई सुदर्शन, जितेश और हर्षित को मिली टीम में जगह

**हरारे, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल की अगुआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए यहां पहुंच गई। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया।

टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी जबकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में जुड़े हुए गिल ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने मंगलवार रात एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम टी-20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। शृंखला के दौरान भारत के लिए पदार्पण करने वाले शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा करने का सपना था। पराग ने कहा भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग होता है। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के साथ मेरा एक खास रिश्ता होगा। उन्होंने कहा यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा। मेरा पासपोर्ट खोने के बाद हम आखिरकार 20 घंटे की यात्रा के बाद यहां पहुंचे हैं। अब मैं इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

एक और नए खिलाड़ी मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है और देश के लिए खेलना बहुत खास बात है। देशपांडे ने कहा टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाली मौज-मस्ती है।




भारत हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर सिकंदर रजा की कप्तानी वाले जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मैच 6 जुलाई को खेलेगा। बाकी चार मैच भी इसी मैदान पर खेले जाएंगे। शृंखला का समापन 14 जुलाई को होगा। टी-20 विश्व कप टीम में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे को जिम्बाब्वे आने वाली टीम में शामिल होना था लेकिन वे तूफान बेरिल के कारण बारबडोस में फंस गए हैं। साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल तीनों खिलाड़ियों की जगह टीम में शामिल किया गया। सैमसन, जायसवाल और दुबे अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ गुरुवार सुबह चार्टर विमान से भारत पहुंचेंगे।

### ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे पंड्या, पहले भारतीय बने

**दुबई।** हार्दिक पंड्या बुधवार को आईसीसी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। हाल में संपन्न टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। टी-20 विश्व कप के फाइनल में 29 जुलाई को अर्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को आउट करके दक्षिण अफ्रीका पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंड्या दो स्थान के फायदे से श्रीलंका के स्टार वानिंदु हसरंगा के साथ पुरुष टी-20 ऑलराउंडर की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पंड्या ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप में वापसी करते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया। पंड्या ने निचले क्रम में बल्ले से प्रभावी पारियां खेली और गेंद से भी उम्दा प्रदर्शन किया तथा जब टीम को जरूरत थी तो विकेट चटकाए। उन्होंने टूर्नामेंट में 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और 11 विकेट भी चटकाए। टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में



शीर्ष 10 में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मोहम्मद नबी चार स्थान के नुकसान से शीर्ष पांच से बाहर हो गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्किया दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद शीर्ष पर हैं।



# भारतीय टीम बारबाडोस से स्वदेश रवाना

**ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी**

● आज दिल्ली पहुंचेंगे खिलाड़ी, मुंबई में होगा रोड शो, प्रधानमंत्री आवास पर भव्य स्वागत की तैयारी, मोदी करेंगे सम्मानित

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। एयर इंडिया के विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 04:50 बजे उड़ान भरी और गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 06:20 बजे पर दिल्ली पहुंचेगा।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विमान के उड़ान भरने से पहले ट्रॉफी के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा घर आ रहे हैं। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ बीसीसीआई के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। एक सूत्र ने बताया, खिलाड़ियों को स्वदेश लाने के लिए बीसीसीआई से करीबी समन्वय स्थापित करके एयर इंडिया ने विशेष विमान भेजा। दिल्ली पहुंचने के कुछ ही घंटों के भीतर खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म करने वाली विजयी टीम के सम्मान में मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने की भी योजना है।



**चैंपियंस ट्रॉफी**

### भारत-पाक मैच 1 मार्च को बीसीसीआई की सहमति बाकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल 1 मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। आईसीसी के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें 10 मार्च रिजर्व डे होगा। पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें 7 मैच लाहौर में, 3 मैच कराची में और 5 मैच रावलपिंडी में रखे गए हैं। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

# जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका

**ऑस्टिन (अमेरिका), एजेंसी**

**कोपा कप**

फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया और ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई। टीम 2001 और 2004 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।



पराग्वे और कोस्टा रिका के मैच में गेंद के लिए जूझते खिलाड़ी।

### कोलंबिया-ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला, दोनों क्वार्टरफाइनल में

**सेंटा क्लारा (अमेरिका)।** डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया। कोलंबिया की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर रही। ब्राजील ने एक जीत और दो ड्रॉ से पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

**यूरो कप 2024**

### 16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड

**म्यूनिख।** नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। नीदरलैंड ने शुरुआत में गोल करने के कुछ मौके गंवाए जबकि कप्तान वर्जिल वान डिक का शॉट भी गोल पोस्ट से टकरा गया। टीम ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नीदरलैंड की टीम अब क्वार्टर फाइनल में शनिवार को तुर्की से भिड़ेगी जिसने अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराया। वहीं, पहले ही मिनट में गोल और फिर अंतिम लम्हों में शानदार बचाव करते हुए तुर्की ने मंगलवार को ऑस्ट्रिया को प्री क्वार्टर फाइनल में 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के अंतिम आठ में जगह बनाई। मेरिह डेमिरल ने तुर्की की ओर से दोनों गोल दागे जिसमें सिर्फ 57 सेकेंड में किया गोल भी शामिल है। गोलकीपर मर्ट गुनोक ने इसके बाद इंजरी टाइम में शानदार बचाव करते हुए तुर्की की जीत सुनिश्चित की। गुनोक ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में क्रिस्टोफ बोमगार्टनर के हैडर से लगाए शॉट को दाईं ओर गोता लगाते हुए नाकाम किया।

### अर्जेंटीना की ओलंपिक टीम में मेस्सी को जगह नहीं

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।



# गॉफ तीसरे दौर में, अल्काराज आगे बढ़े

**लंदन, एजेंसी**

पुरुष वर्ग में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज़ और महिलाओं में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। गॉफ ने बुधवार को कोर्ट 1 पर रोमानिया की क्वालीफायर एंका टोडोनी को 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। 19 वर्षीय टोडोनी अपना ग्रैंडस्लैम पदार्पण कर रही थीं। गॉफ ने कहा यह वही कोर्ट है जहां मैंने अपना पहला विंबलडन शुरू किया था। कोर्ट 1 हमेशा मेरे लिए विशेष रहेगा। वहीं, अल्कराज पहले सेट में एक समय 6-5 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने शानदार वापसी करते हुए एलेक्सेंडर वुकिक को 7-6 (5), 6-2, 6-2 से हराया। अगले दौर में उनका सामना 29वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो से होगा जिन्होंने अमेरिका के बोर्ना कोरिच को 7-6 से हराया।



जीत के बाद कोको गॉफ।

### नागल पहले दौर में बाहर

**विंबलडन।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गये थे। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलियाई मैथ्यू एब्डेन नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रोबिन हासे की जोड़ी से भिड़ेगी।

### राडुकानु के साथ जोड़ी बनाएंगे मरे

**लंदन।** एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

